राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 176
लखनऊ, गुरुवार 26 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



खुलेआम हो रहा है बालू का अवैध खनन, खनन अधिकारी मौन 10

प्रदेश सरकार निवेशकों को हर आवश्यक सहयोग को प्रतिबद्ध : केशव 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,62,040/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,48,550/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,21,570/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



# भारत-जापान के बीच सांस्कृतिक संबंध : योगी

## यूपी के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा भारत-जापान औद्योगिक सहयोग

लखनऊ/टोक्यो, समृद्धि न्यूज।



> निवेश रोड शो में मुख्यमंत्री योगी ने जापान के उद्यमियों को दिया यूपी में निवेश का न्योता

उत्तर प्रदेश में दुनिया के बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। यहां आयोजित वृहद यूपी निवेश रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के उद्योगपतियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी में निवेश के माध्यम से भारत-जापान औद्योगिक सहयोग भविष्य में और मजबूत होगा।

जापान को लैंड ऑफ द सनराइज बताते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस पावन धरा को नमन करता हूं। उत्तर प्रदेश सूर्यवंश के राजा भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली है। यही नहीं, भगवान बुद्ध की पावन कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश ही है। भगवान बुद्ध से जुड़े विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, श्रावस्ती, कुशीनगर, कौशांबी, सहित अनेक पवित्र स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रामायण सर्किट एवं बौद्ध सर्किट को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा रहा है, जिससे स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है। जब भगवान राम और भगवान बुद्ध की बात होती है, तो यह सूर्यवंश की उस महान परंपरा से जुड़ती है, जिसकी प्रथम किरण का उदय जापान की धरती पर होता है। इसी सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ मैं आप सभी का स्वागत करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। जितनी बड़ी आबादी है, उतनी ही बड़ी चुनौतियां हैं और उतनी ही विशाल संभावनाएं भी हैं। पिछले नौ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय लगभग तीन गुना बढ़ी है। जो राज्य कभी बीमारू कहा जाता था, वह आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश की केवल 11 प्रतिशत कृषि भूमि होने के बावजूद उत्तर प्रदेश देश का करीब 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है। इससे फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और एग्री लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में बड़े निवेश के अवसर हैं।

### 11 हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जापान में जिन कंपनियों के साथ उप्र सरकार के एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं, उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

### टोक्यो में उमड़ा अपनापन, प्रवासी भारतीयों ने किया सीएम का जोरदार स्वागत



जापान की राजधानी टोक्यो में सीएम योगी का भारतीय समुदाय के लोगों ने अत्यंत आत्मीयता के साथ जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीयों के चेहरे खिल उठे। उनके आगमन पर टोक्यो एयरपोर्ट का पूरा वातावरण उत्साह, आत्मीयता और गर्वित भाव से भरा दिखाई दिया। प्रवासी भारतीयों ने जिस गर्मजोशी और भावनात्मक जुड़ाव के साथ उनका स्वागत किया, वह केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि अपने देश-प्रदेश के प्रति गहरे लगाव का स्वाभाविक प्रदर्शन था। प्रवासी समुदाय ने इस दौरे को उत्तर प्रदेश के विकास, निवेश और औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं से जोड़कर देखा। उनके मन में यह विश्वास झलकता रहा कि यह यात्रा भारत व जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देगी।

# 38 लाख विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बढ़ी

> होली से पहले उत्तर प्रदेश सरकार का छात्रों को बड़ा उपहार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



होली से पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने छात्रों को राहत देते हुए कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति राशि में बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। इस निर्णय से प्रदेश के 38 लाखों छात्रों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकार के फैसले के अनुसार, पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति अब बढ़ाकर 3000 कर दी गई है। पहले यह राशि कम थी, जिसे बढ़ाकर छात्रों की आर्थिक सहायता को मजबूत करने का प्रयास किया गया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि इस योजना का लाभ राज्य के लगभग 38 लाख छात्रों को मिलेगा। उन्होंने इस फैसले का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रख रही है। मंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी से आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी। साथ ही, इससे स्कूल छोड़ने (ड्रॉपआउट) की दर में कमी आने की भी संभावना है। राज्य सरकार का कहना है कि यह कदम छात्रों और उनके परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करेगा। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। होली से पहले आई इस घोषणा को छात्रों के लिए सरकार के उपहार के तौर पर देखा जा रहा है।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से विद्यार्थियों में सकारात्मक संदेश जाएगा और अधिक छात्र पढ़ाई के लिए प्रेरित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### लाल किला बम विस्फोट मामले में एनआईए ने दो और आरोपित पकड़े

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली के लाल किला इलाके में हुए बम विस्फोट मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ ही इस मामले में कुल गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जम्मू-कश्मीर के गांदरबल निवासी जमीर अहमद और श्रीनगर निवासी तुफैल अहमद भट के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि इन दोनों ने दिल्ली बम विस्फोट के मुख्य आरोपित को हथियार उपलब्ध कराए थे और साजिश में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उल्लेखनीय है कि 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए इस बम विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे। इस विस्फोट का मुख्य आरोपित उमर उन नबी भी धमाके में मारा गया था। एनआईए की जांच में यह भी पता चला है कि जमीर और तुफैल आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े ओवर ग्राउंड वर्कर थे। ये लोग आतंकी साजिशों के लिए हथियार और गोला-बारूद जुटाने का काम करते थे।

### सुप्रीम कोर्ट का फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर प्रतिबंध लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आने वाली फिल्म श्यादव जी की लव स्टोरीश् पर बुधवार को प्रतिबंध लगाने या उसके नाम में बदलाव करने के अनुरोध वाली याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया कि यह नाम यादव समुदाय को किसी भी तरह से अपमानजनक तरीके से चित्रित नहीं करता है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने संगठन विश्व यादव परिषद के प्रमुख द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री का अध्ययन किया और पाया कि मुख्य शिकायत यह थी कि फिल्म का नाम समाज में यादव समुदाय को गलत तरीके से दर्शाता है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, इसलिए, यह दलील दी जा रही है कि फिल्म का नाम बदला जाना चाहिए। हम यह समझने में असमर्थ हैं कि फिल्म का शीर्षक किस प्रकार समुदाय को अपमानजनक रूप में चित्रित कर सकता है। फिल्म के शीर्षक में कहीं भी ऐसा कोई विशेषण या शब्द नहीं है जो यादव समुदाय को गलत तरीके से दर्शाता हो। पीठ ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार करार दिया।

### तलाशी अभियान के दौरान हथियार और विस्फोटक बरामद

**पुंछ।** पुंछ जिले के मेंढर उपमंडल के कसबलारी इलाके में बुधवार को सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए।

# मोदी के इजराइल पहुंचने पर नेतन्याहू ने पत्नी के साथ किया स्वागत

> यात्रा व द्विपक्षीय चर्चा से भारत-इजराइल मित्रता को मजबूत करने वाले सार्थक परिणाम आएंगे : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर इज़राइल पहुंचने पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पहुंच कर उनका स्वागत किया। मोदी को स्पेशल गार्ड ऑफ़ ऑनर भी दिया गया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक 'एक खास और दिल को छू लेने वाले अंदाज़' में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत हुआ। नौ साल में यह उनका इज़राइल का दूसरा दौरा है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर स्वागत की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, मैं अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यात्रा और द्विपक्षीय चर्चा से भारत-इजराइल मित्रता को मजबूत करने वाले सार्थक परिणाम आएंगे।

दूसरी ओर इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि मेरी पत्नी सारा और मैंने आज अपने अच्छे दोस्त, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया, जो इज़राइल के एक और ऐतिहासिक दौरे पर आए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले 2017 में इज़राइल का दौरा किया था और बाद में वे भी भारत दौरे पर गए थे। हमारे बीच करीबी व्यक्तिगत रिश्ते हैं। हम अक्सर बात करते हैं। उनका मानना है कि हमारे बीच गहरी दोस्ती हमारे दोनों देशों के बीच के रिश्तों को और मज़बूती से दिखाती है।

उन्होंने आगे के कार्यक्रम बताए कि हम नेसेट (संसद) में आयोजित एक औपचारिक स्वागत समारोह में भाग लेंगे, यरुशलम में आयोजित एक नवाचार कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तथा प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि इज़राइल रणनीतिक एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा तथा कृषि जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच गहरा सहयोग स्थापित है। यह संबंध पारस्परिक विश्वास, साझा प्राथमिकताओं और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों में निरंतर बढ़ते सहयोग पर आधारित है।

**मतदाता पुनरीक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का अहम आदेश**

# एसआईआर में 10वीं का एडमिट कार्ड मान्य

एजेंसी, नई दिल्ली।



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पहचान सत्यापन के लिए कक्षा 10 के प्रवेश पत्र को उत्तीर्ण होने के प्रमाणपत्र के साथ लगाया जा सकता है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू द्वारा मामले का उल्लेख किए जाने के बाद आदेश पारित किया। अधिवक्ता ने इस बारे में चिंता जताई थी कि क्या इस तरह के प्रवेश पत्रों को अपने आप में पूर्ण पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह पहले ही निर्देश दे चुकी है कि प्रवेश पत्र केवल पूरक दस्तावेज होगा। पीठ ने कहा, 24 फरवरी, 2026 के आदेश के अनुच्छेद 3(3) में उल्लिखित सभी दस्तावेज, जो अब तक अपलोड नहीं किए गए हैं और 15 फरवरी से पहले प्राप्त हुए हैं, उन्हें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा कल 5 बजे तक पीठासीन न्यायिक अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा।

# ईडी ने अनिल अंबानी का मुंबई स्थित घर 'एबोड' किया कुर्क, 3716 करोड़ रुपये है कीमत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने धनशोधन रोधक कानून (पीएमएलए) 2002 के तहत अनिल अंबानी के मुंबई पॉश इलाका स्थित घर 'एबोड' को कुर्क किया है, जिसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी गई जानकारी में बताया कि रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर 'एबोड' को ईडी ने कुर्क किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी उनके समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) द्वारा कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस बहुमंजिला घर को कुर्क किया है। ईडी ने ये कार्रवाई धनशोधन रोधक कानून (पीएमएलए) 2002 के तहत की है। मुंबई के पाली हिल स्थित 66 मीटर ऊंचा यह आलीशान घर 17 मंजिला है। कुर्क की गई संपत्ति का मूल्य ,716.83 करोड़ रुपये है। जानकारी के मुताबिक अनिल अंबानी पूछताछ के दूसरे दौर के लिए यहां ईडी के समक्ष पेश हो सकते हैं। उन्होंने पहली बार अगस्त, 2025 में ईडी के सामने पेश होकर पीएमएलए के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। केंद्रीय जांच एजेंसी के इस मामले में कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य अब लगभग 15,700 करोड़ रुपये हो गया है।

# कुटबा सामूहिक हत्या मामले में 37 आरोपी सुबूतों के अभाव में बरी

मुजफ्फरनगर, समृद्धि न्यूज।



मुजफ्फरनगर की एक अदालत ने सितंबर 2013 में हुए फिरकावाराना दंगों के दौरान कुटबा गांव में एक महिला समेत आठ लोगों की हत्या के मामले में आरोपी 37 लोगों को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया। शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा ने बुधवार को बताया कि इमरान नामक व्यक्ति ने 110 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आठ सितंबर 2013 को जिले के कुटबा गांव में दंगाइयों की भीड़ ने धारदार हथियारों से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों पर हमला किया था, जिसमें वहीद, शमशाद, इरशाद, त्राबू, कय्यूम, फैयाज, मोमिन और खातून समेत आठ लोग मारे गए थे। उन्होंने बताया कि वादी ने यह भी आरोप लगाया था कि इस दौरान कई घरों में आग लगा दी गई थी और संपत्ति लूट ली गयी थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजुला भालोत्या ने मंगलवार को 37 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया है कि अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को साबित करने में असफल रहा। मुजफ्फरनगर में साल 2013 में हुए साम्प्रदायिक दंगों में 60 से ज्यादा लोग मारे गए थे और 40 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए थे।

### सरकार स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : राजनाथ



**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार घरेलू खपत और निर्यात को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता बढ़ाने को प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने में भारतीय राजनयिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारतीय विदेश सेवा 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को यहां साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता को घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों के लिए बढाने के सरकार के संकल्प को दोहराया तथा इसे पूरा करने में भारतीय राजनयिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

# दिल्ली का नाम इंद्रप्रस्थ करने की मांग

> भाजपा सांसद ने लिखा अमित शाह और रेखा गुप्ता को पत्र

एजेंसी, नई दिल्ली।




भारतीय जनता पार्टी के चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है।

खंडेलवाल ने बुधवार को अपने पत्र में कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है और उसकी राष्ट्रीय राजधानी का नाम भी उसके गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिबिंबित करना चाहिए। उन्होंने एक अन्य पत्र में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्ली विधानसभा में दिल्ली का नाम इंद्रप्रस्थ करने के लिए एक प्रस्ताव पारित करने का अनुरोध किया है।

खंडेलवाल ने कहा कि ऐतिहासिक साहित्य, पुरातात्विक साक्ष्य और दीर्घकालिक सभ्यतागत परंपराएं यह स्थापित करती हैं कि वर्तमान दिल्ली ही प्राचीन इंद्रप्रस्थ का स्थल है, जो पांडवों द्वारा स्थापित भव्य राजधानी थी, जैसा कि महाकाव्य महाभारत में वर्णित है। महाभारत में इंद्रप्रस्थ को यमुना नदी के तट पर बसा एक समृद्ध और भव्य नगर बताया गया है, जो आज की दिल्ली के भौगोलिक स्वरूप से पूरी तरह मेल खाता है। उन्होंने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा पुराना किला में की गई खुदाई में लगभग 1000 ईसा पूर्व के प्राचीन बसावट के प्रमाण मिले हैं, जिनमें पेंटेड ग्रे वेयर (पीजीडब्लू) संस्कृति के अवशेष भी शामिल हैं, जिन्हें महाभारत काल से जोड़ा जाता है। उनके अनुसार ये खोज इस ऐतिहासिक धारणा को मजबूत करती हैं कि प्राचीन इंद्रप्रस्थ इसी स्थान पर स्थित था जहां आज दिल्ली है।

# बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के घर पर इनकम टैक्स की रेड

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



बहुजन समाज पार्टी के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित आवास पर आयकर विभाग ने छापेमारी की है। बुधवार सुबह गोमतीनगर स्थित उनके आवास और कार्यालय पर इनकम टैक्स की टीम ने दबिश दी।सूत्रों के अनुसार छापे में 50 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी और भारी फोर्स पहुंची।

विधायक उमाशंकर सिंह बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट से बसपा के टिकट पर 2022 में चुने गए थे।वर्तमान विधानसभा में पार्टी के एकमात्र विधायक है। वे कैंसर से पीड़ित हैं। उनके दो ऑपरेशन हो चुके हैं और वे लखनऊ के गोमतीनगर स्थित आवास में आइसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे हैं। परिवार और डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति नाजुक है।छापेमारी की खबर से राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया। आयकर टीम सुबह करीब 7 बजे तीन गाड़ियों में पहुंची और दस्तावेजों, रिकॉर्ड्स की जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान डॉक्टरों और नर्सों के आने-जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया, जिससे विधायक के परिवार में चिंता बढ़ गई। छापा ऐसे समय में हुआ है जब बसपा सुप्रीमो मायावती 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं। उमाशंकर सिंह को पार्टी में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

**बहस** | भारत डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान समिति के समक्ष कार्यवाही में दृढ़ता से करेगा बचाव

# हमारी ईवी-बैटरी पॉलिसी पूरी तरह नियमों के मुताबिक : भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मोटर वाहन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए भारत के समर्थन उपाय पूरी तरह से विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानकों के अनुरूप हैं और देश डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान समिति के समक्ष कार्यवाही में इनका दृढ़ता से बचाव करेगा। एक अधिकारी ने यह बात कही।

चीन के अनुरोध के बाद डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान निकाय ने इस मामले की सुनवाई के लिए एक समिति गठित करने की मंगलवार को घोषणा की थी। अधिकारी ने कहा कि भारत को खेद है कि चीन ने इस मामले पर सद्भावना के साथ हुई व्यापक द्विपक्षीय परामर्श प्रक्रिया के बावजूद समिति गठन की दिशा में कदम बढ़ाया, जबकि इन परामर्शों के दौरान भारत ने संबंधित उपायों पर विस्तृत स्पष्टीकरण एवं जानकारी दी थी। अधिकारी ने कहा, भारत का मानना है कि समिति गठन के लिए चीन का अनुरोध इन उपायों की संरचना एवं क्रियान्वयन दोनों की गलत समझ को दर्शाता है।

भारत इस बात पर कायम है कि चीन ने जिन उपायों को चुनौती दी है वे पूरी तरह जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स एंड ट्रेड, 1994 और सब्सिडी एवं प्रतिकारक उपायों पर समझौता सहित सहित डब्ल्यूटीओ समझौतों तथा भारत के अधिकारों व दायित्वों के अनुरूप हैं। अधिकारी ने कहा कि देश समिति की कार्यवाही में भाग लेगा और अपने उपायों का जोरदार बचाव करेगा। उसे विश्वास है कि समिति इन उपायों को डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप पाएगी। अक्टूबर 2025 में डब्ल्यूटीओ में दायर शिकायत में चीन ने आरोप लगाया था कि उन्नत रसायन सेल बैटरियों, मोटर वाहन और इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की नीति के तहत भारत की उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में कुछ शर्तें वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन करती हैं, क्योंकि वे चीनी वस्तुओं एवं निर्यातकों के साथ भेदभाव हैं। चीन इन उत्पादों का एक प्रमुख निर्यातक है। डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुसार, परामर्श की मांग विवाद निपटान प्रक्रिया का पहला चरण होता है। यदि शिकायतकर्ता द्वारा मांगे गए परामर्श से संतोषजनक समाधान नहीं निकलता है, तो वह मुद्दे पर निर्णय देने के लिए डब्ल्यूटीओ से समिति गठित करने का अनुरोध कर सकता है। भारत और चीन दोनों विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्य हैं। यदि किसी सदस्य देश को लगता है कि किसी अन्य सदस्य देश की किसी नीति या योजना के तहत दिया गया समर्थन उपाय उसके कुछ वस्तुओं के निर्यात को नुकसान पहुंचा रहा है, तो वह डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान तंत्र के तहत शिकायत दर्ज कर सकता है।

चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया था जो 2023-24 में 16.66 अरब अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जो 2023-24 में 101.73 अरब अमेरिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर था।

प्रथम पुण्यतिथि | विनम्र श्रद्धांजलि



**इन्द्रावती सिंह**

**जन्म तिथि** 01 जनवरी 1973, **स्वर्गवास** 26 फरवरी 2025

एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आपकी कमी पूरे परिवार में महसूस हो रही है, किन्तु आपकी सुखद यादें और सीख हमेशा हमारे दिलों में जीवित हैं। ईश्वर आपकी नेक आत्मा को शांति प्रदान करे। आप हमारे लिए हमेशा एक मार्गदर्शक और प्रेम का प्रतीक बनी रहेंगी, आपको कोटि-कोटि नमन।

**श्रद्धानवत:** आरती देवी सिंह (सास) आर.बी. सिंह (पति) तेज बहादुर सिंह, डॉ. के. बी. सिंह (देवर) अन्नपूर्णा सिंह, मीनू सिंह (देवरानी), अमिता सिंह, सोनम सिंह (पुत्री/भतीजी), रंजना मल्ल (बहू), अश्विनी सिंह, रत्नेश सिंह, अमित सिंह, हर्षवर्धन सिंह (पुत्र/भतीजा), आश्विन सिंह (पोता) लक्ष्य सिंह, पीहू सिंह, आकांक्षा सिंह (नाती/नातिन) एवं समस्त पट्टीदारगण।

# 12 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**▸ बॉर्डर पर नशे का दुस्साहस नाकाम**



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत-नेपाल सीमा को नशे की तस्करी का खुला कॉरिडोर समझने वालों के खिलाफ पुलिस ने सीधी और सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ा संदेश दिया है। युवाओं के भविष्य को जहरीले धंधे की भेंट चढ़ाने की कोशिश में जुटे तत्वों की एक कड़ी को मोतीपुर पुलिस ने बेनकाब कर दिया। 12 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली युवक को दबोच लिया गया है। सीमा पर चल रही कड़ी चौकसी के दौरान पिलर संख्या 665/01, ग्राम बलईगांव के पास संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस की नजर पड़ी। तलाशी लेते ही स्मैक बरामद हुई और तस्करी का मंसूबा धराशायी हो गया। पुलिस सूत्रों का मानना है कि यह बरामदगी महज एक छोटी खेप नहीं, बल्कि बड़े नेटवर्क की तरफ इशारा करती है, जिसकी जड़ें सीमा पार तक फैली हो सकती हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल सुनार (18) पुत्र अमृत सुनार, निवासी जिला बर्दिया, नेपाल के रूप में हुई है।

# मोतीपुर में 'शांति' की बैठक, ज़मीन पर सुलगता संकट

**▸ राजस्व विभाग की गैरहाज़िरी ने बढ़ाए सवाल**




**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** होली और रमजान जैसे अति संवेदनशील पर्वों से पहले थाना मोतीपुर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कर प्रशासन ने शांति का संदेश देने की कोशिश की, लेकिन हकीकत यह है कि बैठक की तस्वीरों में सबसे अहम विभाग की कुर्सी खाली रही। ज़मीनी विवादों के केंद्र में खड़ा राजस्व विभाग पूरी तरह गायब रहा—और यही गैरहाज़िरी अब सबसे बड़ा सवाल बनकर खड़ी है। सूत्रों के मुताबिक होलिका दहन की भूमि पर अवैध कब्जे के कम से कम पांच मामले लंबित हैं। सार्वजनिक जमीन पर कहीं फूस के मकान खड़े हैं, तो कहीं पान की दुकानें चल रही हैं। ग्रामीणों और प्रधानों का कहना है कि आपत्ति जताने पर झगड़े की नौबत आ जाती है। ऐसे संवेदनशील मामलों के बावजूद राजस्व विभाग का बैठक से दूरी बनाना क्या महज़ लापरवाही है या जिम्मेदारी से बचने की कोशिश? बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह और थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस अपने स्तर पर पूरी तैयारी का दावा कर रही है। लेकिन सवाल यह है कि जब विवाद की जड़ ज़मीन है, तो समाधान की चाबी थामे विभाग आखिर चुप क्यों है? शासन स्तर से त्योहारों में किसी भी प्रकार की जनहानि रोकने के कड़े निर्देश जारी हैं, मगर स्थानीय स्तर पर विभागीय तालमेल की पोल खुलती नजर आ रही है। अगर होलिका दहन की भूमि पर कब्जों का समय रहते निस्तारण नहीं हुआ, तो हालात बिगड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। क्या पीस कमेटी की बैठक महज़ औपचारिकता बनकर रह गई? क्या जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय होगी? या फिर हर बार की तरह पुलिस ही अकेले हालात संभालती नजर आएगी और बाकी तंत्र मूकदर्शक बना रहेगा? त्योहारों की शांति सिर्फ मंच से दिए गए भाषणों से नहीं, बल्कि ज़मीन पर दिखने वाली ठोस कार्रवाई से सुनिश्चित होती है—और फिलहाल वही सबसे बड़ी कमी दिखाई दे रही है।

## तेज रफ्तार थार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, तीन युवक गंभीर घायल

**▸ थार के अनियंत्रित होने पर हुआ हादसा**



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना पयागपुर अंतर्गत खुटेहना चौकी के पास देर रात क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ईट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से आ रही क्र 32 क्क 4646 नंबर की काली महिंद्रा थार अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि थार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे में वाहन सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान अजय पुत्र रंगीलाल, सुमित गुप्ता पुत्र अन्नू गुप्ता व विशाल रस्तोगी पुत्र सतीश के रूप में हुई है। निवासी गण जमुनहीं, थाना मल्हीपुर, जनपद श्रावस्ती के निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल बहराइच भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार और असावधानी हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई, हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल करा दिया। फिलहाल मार्ग पर आवागमन सामान्य है।

# रेस्क्यू के बाद तेंदुए की मौत

**वन विभाग की टीम ने आज सुबह पकड़ा था**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के नानपारा रेंज में वन विभाग द्वारा पकड़े गए एक तेंदुए की रेंज कार्यालय ले जाते समय मौत हो गई। वन विभाग की टीम ने बुधवार सुबह उसे एक पेड़ से रेस्क्यू किया था। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि तेंदुए की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल पाएगा। यह घटना नानपारा कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बितनिया के मजरा मंगलपुरवा में हुई।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर मुकदमे के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**सरकार पर संतों के अपमान का आरोप, डीएम को सौंपा ज्ञापन**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर दर्ज मुकदमे और उनके कथित अपमान के विरोध में प्रदर्शन किया। बुधवार दोपहर को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुआ। कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में नारेबाजी भी की। इस दौरान जिला अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर संतों का अपमान कर रही है और उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। सिंह ने बनारस में मंदिरों को तोड़े जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी संतों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी और मौजूदा सरकार शंकराचार्य का जानबूझकर अपमान कर रही है। इस प्रदर्शन में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बंदरों के आतंक से भयभीत है ग्रामवासी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** ग्राम पंडरी शंकर बहराइच रोड गोंडा मे बंदरो का आतंक इस गांव मे कई लेडीज़ और कई बच्चो को काट कर घायल कर चुके हैं यह उत्पाती बंदर ।.दिन रात ग्रामीण बंदरो से परेशान हो चुके है रास्ते मे जाते हुए काट लेते है कई बंदर पागल हो चुके है।

कम से कम 20 से 25 बंदर पूरे गांव में आतंक मचाए हुए है बन विभाग से अनुरोध है की इनको पकड़ कर जंगल भेजने का कृपा करे। आपकी बहुत कृपा होगी।

# हाथियों ने बाइक सवारों को दौड़ाया, एक जंगल में भागा

**▸ कतर्नियाघाट में आधे घंटे बाद सुरक्षित लौटा बाइक चालक, वन विभाग सतर्क**





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में जंगली हाथियों की रिहायशी इलाकों में आमद बढ़ गई है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह बिछिया-सुजौली मार्ग पर हाथियों ने दो बाइक सवारों को दौड़ाया। सुबह करीब 9 बजे सुजौली निवासी चुनक्का (45) और बुद्धू पुरवा मिहीपुरवा निवासी अब्दुल हलीम खान (65) आम्बा गांव जा रहे थे। गिरिजापुरी पेट्रोल पंप के पास अचानक एक हथिनी अपने बच्चे के साथ सड़क पर आ गई। जैसे ही उन्होंने बाइक रोकी, हाथी उनकी ओर दौड़ पड़े। हाथियों को अपनी ओर आता देख दोनों बाइक सवार अपनी जान बचाने के लिए बाइक छोड़कर अलग-अलग दिशाओं में भागे। अब्दुल हलीम खान सड़क पर ही पेट्रोल पंप की ओर भागे, जबकि बाइक चालक चुनक्का जंगल में घुस गए। चुनक्का के लापता होने की खबर से राहगीरों और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर रेंजर आशीष गौंड और वन दरोगा राधेश्याम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम को जंगल में व्यक्ति का सामान बरामद हुआ।करीब आधे घंटे बाद चुनक्का परेशान हाल में मौके पर लौटे। उन्होंने बताया कि हाथी उन्हें जंगल में काफी दूर तक दौड़ाते रहे, जिससे टेढ़ा-मेढ़ा भागकर उन्होंने हाथियों को चकमा दिया और किसी तरह अपनी जान बचाई। रेंजर आशीष गौंड ने बताया कि घटना में दोनों बाइक सवार सुरक्षित हैं। वन विभाग की टीम को वन दरोगा राधेश्याम और वन रक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में तैनात किया गया है। आसपास के गांव वासियों और राहगीरों को सतर्क किया जा रहा है। मौके पर एसआई अक्षयलाल, हीरालाल यादव, संजय गौड़ आदि भी मौजूद थे।

इसी बीच, मंगलवार सुबह निशानगाड़ा रेंज के नावतोड़ मटेही-निशानगाड़ा कच्चे मार्ग पर करीब दो दर्जन जंगली हाथियों का झुंड कई घंटों तक सड़क पर डटा रहा। इससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हुआ और राहगीरों को रास्ता बदलकर सफर करना पड़ा।

## खबरें एक नजर में

### वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के हाथों सम्मानित हुए अभिकर्ता पवन जायसवाल



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** भारत सरकार के उपक्रम भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से आज बीओसी डे पर निकाले गए कंपटीशन में अच्छा कार्य करने के लिए वरिष्ठ अभिकर्ता पवन जायसवाल को वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सी.एम. मिश्रा की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं विकास अधिकारी हृदय नारायण पांडे एवं उनकी टीम द्वारा शुभकामनाएं भी दी गई।

### अंतर्जनपदीय चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, नगदी सहित चोरी का सामान बरामद, कई घरों दुकानों में किया था चोरी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोण्डा में अज्ञात चोरों द्वारा तीन दुकानों में सेंध लगाकर चोरी की घटना कारित की गयी थी। राजकुमार पुत्र माता प्रसाद की दुकान घर से सोने-चांदी के आभूषण व लगभग तीस हजार नकद, प्रशान्त कुमार पुत्र अनिल कुमार की दुकान से छह हजार नकद तथा तवकीर खां पुत्र नजीर खां की पान की दुकान से पान सामग्री व लगभग दो हजार नकद चोरी कर लिये गये थे।राजकुमार पुत्र माताप्रसाद की लिखित तहरीर के आधार पर थाना इटियाथोक में अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया । इटियाथोक पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्राप्त साक्ष्य संकलन के आधार चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए शातिर चोर चुनमुन चौहान पुत्र जयकरन चौहान निवासी ग्राम मल्लूसिंह पुरवा मौजा झाला तरहर थाना पयागपुर जनपद बहराइच को कुरासी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी व जेवरात, घटना में एक बाइक मोटरसाईकिल व चोरी करने के उपकरण बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त क पुलिस की पूछताछ के दौरान चुनमुन चौहान पुत्र जयकरन चौहान निवासी ग्राम मल्लूसिंह पुरवा मौजा झाला तरहर थाना पयागपुर जनपद बहराइच द्वारा बताया गया कि वह अपने अन्य साथियों शिवकुमार पुत्र बुधिराम चौहान, रोशन लाल पुत्र चन्द्रिका चौहान तथा सुजान चौहान पुत्र कोकई चौहान, निवासीगण जनपद बहराइच, के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी किया करते थे बताया कि बीते 22 एवं 23 फरवरी की रात्रि में चारों लोग उसकी मोटर साइकिल महिन्द्रा सेनच्यूरो से थाना इटियाथोक क्षेत्र के सदाशिव बाजार पहुँचे, जहाँ दुकानों के शटर व दीवार काटकर चोरी की तथा एक छप्परनुमा मकान में पीछे से नकब लगाकर नगद धनराशि व जेवरात चोरी किये, जिन्हें आपस में बांट लिया गया। इसी क्रम में बीते 19फरवरी की रात्रि में थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर मांझा में घरों की छत के रास्ते प्रवेश कर अलमारी खोलकर नगद धनराशि एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी किये, जिसमें पचास हजार रुपए और तीन हजार रुपए तथा कुछ चांदी के जेवर उसके हिस्से में आये, जो उसके कब्जे से बरामद हुए, जबकि शेष जेवर साथी रोशन लाल अपने पास ले गया था। बताया कि चोरी की घटनाओं में लोहे की छैनी, पाइप व चौकोर लोहे का टुकड़ा सेंध लगाने व शटर तोड़ने में प्रयोग किये जाते थे तथा पूर्व में जनपद बहराइच में मुकदमे दर्ज होने और पुलिस की तलाश के कारण वह अपने साथियों के साथ पड़ोसी जनपदों में अपराध करते थे।

### श्रीकृष्ण अवतरण महोत्सव से गुंजायमान हुआ वनगंवां, भक्तिरस में डूबे भक्त



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के बभनान वनगंवा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ महोत्सव के पंचम दिन श्रीकृष्ण अवतरण प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा वाचक आचार्य बागीश कुमार तिवारी 'रामेष्ट' जी ने पुराण सम्मत व्याख्या करते हुए प्रहलाद, अनुसूया चरित्र के साथ भगवान कृष्ण के दिव्य प्राकट्य का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार चरम पर होते हुए दैत्यों का आतंक व्याप्त हो गया, आतताई कंश माता देवकी वसुदेव के छः पुत्रों का बध करते हुए अत्याचार की सीमा लांघ गया तब भगवान हरि ने श्रीकृष्ण रूप में कंस के मथुरा की कारागार में माता देवकी के गर्भ से स्वयं और रोहणी के उदर से बलराम तथा यशोदा के गर्भ से मां भगवती योगमाया के रूप में अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना की। कथा के दौरान कंस के अत्याचारों, वसुदेव द्वारा बाल कृष्ण को यमुना पार गोकुल पहुंचाने तथा नंद-यशोदा के घर आनंदोत्सव के प्रसंग का गीत के माध्यम से चित्रण किया गया। 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से पंडाल बार-बार गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। कथा के दौरान वैदिक पंडित दुर्गेश मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। संगीत की मधुर संगति ने कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ा दी। आर्गन पर सतीश तिवारी एवं अविनाश तिवारी ने भावपूर्ण धुनों से कथा को संगीतमय स्वर दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की लाश पेड़ से लटकती हुई मिली



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के धनोहरी ग्राम में एक 36 वर्षीय महिला की लाश शीशम के पेड़ से लटकती हुई मिली है। घटना की सूचना कोतवाली देहात के साल पुर चौकी प्रभारी सौरभ सिंह को दी गई। मौके पर पहुंच कर शव उतरवा कर पंचायत नामा भर के पोस्ट मार्टम को भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र धनोहरी ग्राम के निवासी नूरजहां पत्नी साबिर उर्फ ननके का शव घर से 100 मीटर दूर स्थित एक शीशम के पेड़ से लटकती हुई पाई गई है। मृतका महिला नूरजहां का मायका इटिया थोक थाना क्षेत्र के बैज पुर ग्राम के निवासी शमी शाह की पुत्री थी।उस के पिता ने बताया कि दस वर्ष पहले शादी हुई थी। उस के दो बच्चे है।सब से बड़ा पुत्र इमाम अली 8 वर्ष का सब से छोटा पुत्र शोएब पांच वर्ष का है।मंगलवार की देर रात्रि में घर के बरामदे में अपने सास अमूतला के बगल चार पाई पर लेती थी।सुबह चार बजे जब सेहरी के लिए एलाउंस हो रहा था।तभी परिवार के लोग उठे तो देखा कि नूरजहां अपने चार पाई पर नहीं थी।खोज बीन शुरू किया तब पता चला कि घर से थोड़ी दूर पर स्थित एक शीशम के पेड़ से लाश लटक रही है।इस की सूचना पुलिस को दी गई। मृतका के पिता शमी शाह ने बताया कि अभी किसी के खिलाफ में तहरीर नहीं दिया गया। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने पर तहरीर दी जाएगी।

# बजाज चीनी मिल कुंदरखी ने की 71 लाख कुंतल गन्ने की पेराई : पी.एन. सिंह

**▸ चीनी मिल के पेराई सत्र 2025-26 का हुआ समापन : महाप्रबंधक (गन्ना)**




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बजाज हिन्दुस्तान शुगर चीनी मिल कुंदरखी का पेराई सत्र 2025-26 सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह ने क्षेत्र के समस्त कृषकों, श्रमिकों एवं मिल के अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इकाई प्रमुख ने बताया कि चालू सत्र में मिल द्वारा 71 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई। जो किसानों, मिल के अधिकारियों और चीनी मिल प्रबंधन के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कृषकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बसंतकालीन गन्ना बुवाई करें तथा पेड़ी प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर महाप्रबंधक (गन्ना) ए.के. सिंह ने भी कृषकों और श्रमिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से 71 लाख कुंतल गन्ने की पेराई हो सकी है और चीनी मिल का पेराई सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कृषकों को सलाह दी कि अधिक उत्पादन देने वाली गन्ना प्रजातियां जैसे 15023, 14201, 13235, 17231, 0118 व कोजे 85 आदि को अधिक क्षेत्रफल में बोएं। इस मौके पर महाप्रबंधक यांत्रिकी अनुपम खरे, एचआर हेड बीपी दीक्षित, उप महाप्रबंधक गन्ना प्रदीप पंवार, प्रबंधक लेखा राजीव पांडेय, आईटी हेड प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक संतोष मिश्रा, दिनेश सिंह, गेट इंचार्ज शशिकांत दूबे, कमलेश कुमार, सुनील पाठक, श्रवण पांडेय आदि मौजूद रहे।

# विकलांग रिक्शा चालक को पीटा, छीना सात सौ रुपए

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली क्षेत्र के निबिहा पथवलिया ग्राम के निवासी मुन्ना लाल सोनकर पुत्र मेवा लाल सोनकर ने नगर कोतवाली में तहरीर की वह विकलांग और बैट्री रिक्शा चला कर परिवार की जीविका चला रहा है ।बीते 22 फरवरी को देर शाम को सात बजे घर जा रहा था। पोर्टर गंज के पास अनिल तिवारी सहित चार लोग मिले और गाली गलौज करते हुए जाती सूचक शब्दों का प्रयोग किया। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है। इस घटना की जांच कराई जा रही है।

# जनपद में वृहद रोजगार मेले की तैयारी तेज, डीएम ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**▸ कल उतरौला व 13 मार्च को तुलसीपुर में होगा आयोजन, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर**



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने आगामी रोजगार मेलों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, जिससे जनपद के अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके।

**निर्धारित तिथियां एवं स्थान**

27 फरवरी 2026: तहसील उतरौला स्थित श्री राम तीरथ चौधरी पीजी कॉलेज में वृहद रोजगार मेला

13 मार्च 2026: तहसील तुलसीपुर के आईटीआई विशुनपुर विश्राम, पचपेड़वा परिसर में वृहद रोजगार मेला

**जागरूकता रथ से होगा व्यापक प्रचार**

जागरूकता रथ जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेजों तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर युवाओं को रोजगार मेले की जानकारी देगा। इसके माध्यम से छात्रों एवं युवाओं को मेले में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे अधिकतम युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

**युवाओं को विशेष आमंत्रण देने के निर्देश**

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि—आईटीआई से उत्तीर्ण युवाओं को व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर मेले की जानकारी दी जाए। सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थियों को कॉल कर विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए। शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं तक सूचना पहुंचाई जाए।

उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला युवाओं के लिए अपने भविष्य को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर है, इसलिए सभी पात्र अभ्यर्थी आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ समय से पहुंचकर प्रतिभाग करें।

# विवाहिता की मौत, पति सहित पांच लोगों पर मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के कटहा घाट ग्राम निवासी नाजरा खातून पत्नी शाहरुख की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतका के पिता जिला जालौन थाना चकेला ग्राम कदौरा निवासी अलताब हुसैन ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर प्रताड़ित करने का मुकदमा पति शाहरुख उर्फ रियाज, देवर शाहबाज देवरानी रोशनी खातून ससुर इलियास उर्फ राजू सास रुकसाना के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है। जिस में पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया। तहरीर में पिता अल्ताब हुसैन ने कहा है कि उस ने अपने पुत्री नाजरा खातून को शादी वर्ष 2016 में किया था।जिस से उस के दो बच्चे 7 वर्षीय नवा खान और 5 वर्षीय अली खान हुए।शादी के कुछ दिनों तक सब ठीक था। कुछ दिन के बाद उस की पुत्री को घर वाले प्रताड़ित करने लगे। मारने पीटने लगे। परिवारिक विवाद को लेकर कई बार घर वालो को बुला कर सुलह समझौता कराया गया था। मंगलवार की सुबह पति शाहरुख उर्फ रियाज ने मरने की जानकारी दिया। घर पर पहुंचा तो उस का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। जिस की सूचना नगर पुलिस को दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। चौकी प्रभारी पांडेय बाजार प्रशांत गुप्ता ने बताया कि पति शाहरुख उर्फ रियाज को गिरफ्तार कर लिया गया।

# आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक शांति व सौहार्द से पर्व मनाने की अपील



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** आगामी त्योहार होली एवं ईद-उल-फितर को शांति, सौहार्द और सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना सादुल्लानगर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं, डीजे संचालकों एवं ग्राम प्रहरियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान डीजे संचालकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही डीजे बजाने तथा किसी भी प्रकार के अभद्र या आपत्तिजनक गीत न बजाने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही आमजन से त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं को विशेष रूप से समझाया कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट, वीडियो या टिप्पणियां न करें। किसी भी संदिग्ध या विषम परिस्थिति में तत्काल डायल 112 अथवा थाना स्थानीय को सूचना देने को कहा गया। शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया गया।

# नकली चाय का कथित कारोबार, स्वास्थ्य को लेकर बढ़ी चिंता

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चाय की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बाजार में नकली और कथित रूप से केमिकलयुक्त चाय पत्ती खुलेआम बेची जा रही है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। चाय की दुकानों, होटलों और ढाबों पर परोसी जा रही चाय को लेकर उपभोक्ताओं के बीच असंतोष बढ़ता दिखाई दे रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि संदिग्ध चाय पत्तियां पानी में डालते ही असामान्य रूप से गाढ़ा रंग छोड़ती हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता पर संदेह होता है।

# गुटका व्यापार में पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न, उपभोक्ता परेशान



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट के दामों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। आरोप है कि होलसेल विक्रेता पुराने प्रिंट (पुराने एमआरपी) वाले स्टॉक को नए बढ़े हुए रेट पर बेच रहे हैं। इससे खुदरा दुकानदारों और उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ गया है। सोशल मीडिया पर शिकायतों की भरमार है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है। स्थानीय बाजार में कमलापसंद, पान पराग, सिग्नेचर जैसे पान मसाला ब्रांडों के साथ सिगरेट और बीड़ी के कई पैकेट पुराने प्रिंट में उपलब्ध हैं। पैकेट पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य पुराना है, जबकि बिक्री बढ़े हुए दामों पर की जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यह सीधा-सीधा उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है। उनका तर्क है कि जब पैकेट पर स्पष्ट एमआरपी छपा है, तो उससे अधिक वसूली नियमों के खिलाफ है। दूसरी ओर, कुछ व्यापारियों का कहना है कि कंपनियों ने हाल ही में दरों में वृद्धि की है, जिससे उन्हें भी नए रेट पर बिक्री करनी पड़ रही है। उनका तर्क है कि पुराना स्टॉक भी नई दर के हिसाब से ही सप्लाई हो रहा है। कई खुदरा दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वे होलसेल से जो रेट पर माल खरीदते हैं, उसी अनुपात में उन्हें बिक्री करनी पड़ती है। यदि वे पैकेट पर छपे पुराने एमआरपी पर बेचें तो उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। इस स्थिति में खुदरा दुकानदार और ग्राहक आमने-सामने आ जाते हैं, जबकि असली सवाल सप्लाई चेन के शुरुआती स्तर पर खड़ा होता है। नगर में चर्चा है कि यदि प्रशासन चाहे तो गोदामों और थोक प्रतिष्ठानों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट कर सकता है। स्टॉक रजिस्टर, बिल और सप्लाई चालान की जांच से यह पता चल सकता है कि पुराना माल किस दर पर खरीदा गया और किस दर पर बेचा जा रहा है। अब तक किसी बड़े निरीक्षण या छापेमारी अभियान की सूचना नहीं है, जिससे विभागीय सक्रियता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।



### यूपी को हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग व ड्रोन हब बनाने की दिशा में जर्मनी में बड़ी पहल

# प्रदेश सरकार निवेशकों को हर आवश्यक सहयोग को प्रतिबद्ध : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत के विजन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश के लिए निवेश आकर्षित करने की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार प्रदेश को हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग एवं ड्रोन हब बनाने की दिशा में जर्मनी में बड़ी पहल हुई है।

उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश एवं उन्नत प्रौद्योगिकी का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से जर्मनी प्रवास पर गए भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व कर रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैबिनेट मंत्री (आईटी) सुनील कुमार के साथ बुधवार को अग्रणी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री मौर्य ने जापान की बहुराष्ट्रीय कंपनी फुजीकुरा लिमिटेड के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ उन्नत सेंसर प्रौद्योगिकी, स्वायत्त प्लेटफॉर्म तथा स्मार्ट अवसंरचना से जुड़े विषयों पर



▸ रक्षा, दूरसंचार, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर व उन्नत विनिर्माण में साझेदारी के खुले नए द्वार

विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में उत्तर प्रदेश में प्रोटोटाइपिंग एवं उन्नत विनिर्माण इकाई स्थापित करने की संभावनाओं, ऑटोमोटिव एवं ई-व्हीकल सेक्टर के लिए स्मार्ट सेंसर एवं इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स के निर्माण, स्मार्ट सिटी एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में सहभागिता तथा अनुसंधान एवं नवाचार आधारित सहयोग मॉडल पर गंभीर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि कंपनी ने प्रदेश में अपनी प्रोटोटाइपिंग तथा मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों की स्थापना को लेकर गहरी रुचि व्यक्त की, जो उत्तर प्रदेश को उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण एवं नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है। उन्होंने बताया कि इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने जर्मनी की अग्रणी ड्रोन निर्माण कंपनी कुअंटम-सिस्टम के साथ बैठक कर तकनीक हस्तांतरण, संभावित निवेश मॉडल तथा उत्तर प्रदेश में उन्नत ड्रोन विनिर्माण एवं अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के अवसरों पर विस्तृत विमर्श किया। बैठक में रक्षा एवं नागरिक उपयोग हेतु अत्याधुनिक यूएवी प्रणाली के विकास, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत औद्योगिक सहयोग तथा अनुसंधान एवं कौशल विकास के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक संवाद हुआ। कंपनी ने अपने एकीकृत मल्टी-डोमेन ड्रोन इकोसिस्टम एवं रक्षा व नागरिक उपयोग के प्रमुख अनुप्रयोगों का प्रस्तुतीकरण किया, जिससे सहयोग की व्यापक संभावनाएं उभरकर सामने आईं। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने टेलीफोनिका ओ2 तथा हेलसोल्डट के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में दूरसंचार, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, रक्षा सहयोग, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई। वार्ता के दौरान उन्नत संचार नेटवर्क, सुरक्षित कनेक्टिविटी, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक सेंसर एवं एवियोनिक्स सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्लेटफ़ॉर्म तथा परीक्षण एवं उत्पादन हब की स्थापना की संभावनाओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर, सुदृढ़ औद्योगिक आधारभूत संरचना एवं निवेश-अनुकूल नीतियों की सराहना करते हुए प्रदेश में दीर्घकालिक साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक रुख व्यक्त किया।

**दूरसंचार एवं स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में एक ठोस एवं दूरगामी कदम**

उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर तथा पारदर्शी औद्योगिक नीतियां निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण प्रदान कर रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार सिंगल विंडो क्लीयरेंस, त्वरित अनुमोदन एवं हर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में हुई ये उच्चस्तरीय बैठकें उत्तर प्रदेश को वैश्विक टेक्नोलॉजी, रक्षा विनिर्माण, दूरसंचार एवं स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में एक ठोस एवं दूरगामी कदम सिद्ध होंगी।

## बौद्धिक धरोहर को समझेगा युवा, तभी बढ़ेगा देश का भविष्य : जयवीर

▸ भारतीय ज्ञान परंपरा पर यूपी में राष्ट्रीय संगोष्ठी
▸ 27-28 फरवरी को बौद्ध दर्शन पर होगी चर्चा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, हिन्दुस्तानी एकेडमी और जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग के तत्वावधान में 27 और 28 फरवरी को राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। कार्यक्रम का विषय शिक्षा, संस्कृति और संस्कार का प्रसार : भारतीय ज्ञान परंपरा, बौद्ध दर्शन और साहित्य है। भारतीय परंपरा और बौद्ध विचारधारा पर आसान और समझने योग्य तरीके से चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी का आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज महराजगंज में होगा। इसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के विद्वान, शोधार्थी और छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा, बौद्ध दर्शन, संस्कृत और पालि भाषा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल इतिहास का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह आज के समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी दिशा दिखाने का काम करती है। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बौद्ध दर्शन, संस्कृत और पालि जैसी प्राचीन भाषाओं का अध्ययन करने का मौका मिलेगा। और युवा अपनी बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत को समझ सकेंगे, तभी वह इसे आगे बढ़ाने में सक्षम हो पाएंगे। दो दिन की संगोष्ठी छात्रों और शोध करने वाले लोगों के लिए बहुत अच्छा मौका होगी। यहां उन्हें विशेषज्ञों की बातें सुनने और अपना ज्ञान बढ़ाने का अवसर मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की स्थापना साल 1985 में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की गई थी। यह संस्कृति विभाग की एक स्वायत्त संस्था है।

### सीएम पर हमले का मॉकड्रिल

## युवक ने चलाई गोली, एनएसजी ने तीन मिनट में रेस्क्यू कर पहुंचाया एयरपोर्ट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में सीएम योगी पर हमला और इमरजेंसी में बचाने का मॉकड्रिल हुआ। सीएम एक कार्यक्रम में गए थे। तभी उन पर हमला हो गया। भीड़ में बैठे युवक ने फायर झोंक दिया। पलक झपकते ही सीएम की सुरक्षा में तैनात कमांडो ने तुरंत उन्हें कवर कर लिया। उन्हें 3 मिनट में बचा लिया गया। यह सीन राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) में दिखा। इस वक्त सीएम योगी आदित्यनाथ विदेश दौरे पर हैं। वह सिंगापुर के बाद जापान में हैं।

बुधवार को उनकी सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल में सीएम कालिदास मार्ग स्थित आवास से निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान कार्यक्रम स्थल पर भाषण के दौरान हमले की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। मॉकड्रिल में एक युवक द्वारा फायरिंग किए जाने का सीन बनाया गया। जिसमें मुख्यमंत्री को गोली होने की स्थिति दर्शाई गई। जैसे ही फायरिंग का अलर्ट मिला, एनएसजी कमांडो ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए मुख्यमंत्री को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस और अन्य सुरक्षा कर्मियों ने घायल अवस्था में मुख्यमंत्री को इलाज के लिए ले जाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया।

अधिकारियों के मुताबिक, यह पूरी प्रक्रिया वीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल और आपात प्रतिक्रिया समय को परखने के उद्देश्य से की गई। गोली चलने के बाद तुरंत लोहिया अस्पताल को अलर्ट भेजा गया। इस दौरान सभी पुलिसकर्मी और अस्पताल प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। वहां आए मरीजों को तुरंत एक तरफ रोक दिया गया और काफिले को अंदर जाने का रास्ता तैयार किया गया। हालांकि, हालत गंभीर देखते हुए एयरपोर्ट से दिल्ली भेज दिया गया।

सीएम की हालत नाजुक हो रही थी। जिसके बाद उन्हें दिल्ली के लिए ले जाया गया। उनको ले जा रही गाड़ियों को अमौसी एयरपोर्ट की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। वहां से उन्हें दिल्ली एम्स के लिए ले जाने की मॉकड्रिल की गई।

## खबरें एक नजर में

### अभिनव भारत पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** क्रांतिकारी वीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि के अवसर पर कल 26 फरवरी को प्लूटो होटल, इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में होने जा रहे अभिनव भारत पार्टी के द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। अधिवेशन में शामिल होने के लिये मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री रहे कम्प्यूटर बाबा, साधु-संतों सहित देश के विभिन्न प्रदेशों से कार्यकर्ताओं का देर रात तक पहुंचना जारी रहा। पार्टी के नवनियुक्ति अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष की अधिकारिक घोषणा के साथ उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव और भावी रणनीति को लेकर चर्चा की जायेगी। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव ममता झा ने आज यहां जारी विज्ञप्ति में अधिवेशन की जानकारी देते हुये बताया अधिवेशन की तैयारियां पूरे उत्साह और व्यापक स्तर पर पूरी कर ली गयी हैं। देश के विभिन्न राज्यों से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा अनेक प्रमुख संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति की संभावना है। ममता झा ने कहा कि वीर सावरकर के विचारों राजनीति का हिन्दुकरण और हिन्दुओं का सैनिकीकरण की वैचारिक पृष्ठभूमि पर गठित अभिनव भारत पार्टी स्वयं को चिंतन, आंदोलन और क्रांति की धारा से प्रेरित राजनीतिक संगठन मानती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा के नेतृत्व में पार्टी राष्ट्रवाद और सावरकर के विचारों को आधार बनाकर भारतीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रही है। अधिवेशन में संगठन विस्तार, राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रस्ताव तथा आगामी रणनीतियों पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है।

### लाल बारादरी का फेंसिंग वर्क ठप, विश्वविद्यालय में भारी पुलिस बल तैनात

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में 3 दिन तक चले बवाल और घमासान के बाद आज बुधवार को माहौल शांत दिखा। हालांकि, ऐहतियात के तौर पर मौके पर भारी पुलिस फोर्स की तैनाती रही। लाल बारादरी परिसर में बैरिकेडिंग लगाकर सभी की एंट्री भी बैन रही। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य भी हालात का जायजा लेते नजर आए। दूसरी तरफ विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफसे बावल में शामिल छात्रों के खिलाफ जांच भी शुरू करने की बात कही गई। रविवार दोपहर से ही लाल बारादरी को लेकर कैंपस का माहौल बिगड़ नजर आया। इस बीच सोमवार और मंगलवार को कैंपस में विरोध और प्रदर्शन चरम पर रहा। कई छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया जिन्हें बाद में छोड़ा गया। हालांकि, विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफसे साथ छात्रों को नोटिस जारी की गई। 6 पूर्व छात्रों को कैंपस में एंट्री बैन की गई है। वह लखनऊ पुलिस की तरफसे रविवार को फेंसिंग के विरोध में प्रदर्शन करने वाले 13 लोगों के खिलाफभी कार्रवाई की गईं। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि कैंपस का माहौल बिगड़ता वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई होगी। कैंपस में निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफभी कार्रवाई होगी। जो पढ़ने वाले स्टूडेंट हैं उनके लिए कैंपस में मुफीद माहौल तैयार किया जाएगा। बवाल करने वाले स्टूडेंट्स को चिह्नित किया जा रहा है और उन सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी।

### दोस्त से मिलने आई युवती होटल के फर्स्ट फ्लोर से कूदी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के अमीनाबाद थाना क्षेत्र में दोस्त के साथ होटल आई युवती ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। युवती के गिरने के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे अपने साथ लेकर चले गए। गुइयां रोड अमीनाबाद स्थित होटल में रईस अली गार्ड हैं। रईस ने बताया बुधवार को अपने परिचित कर्नलगंज, कानपुर निवासी युवक को 600 रुपए में कमरा दिया था। वह कमरा नंबर 5 में रुका था। कुछ देर बाद उससे मिलने कोई लड़की आई। रात करीब 1.30 बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। लड़की कमरे से निकलकर पहली मंजिल से नीचे छलांग लगा दी, जिससे उसे मामूली चोट आई। युवक भागते हुए उसके पास आया और घटना के बारे में बताया। इस पर उसे नीचे जाकर देखने के लिए कहा, लेकिन वह जीने से नीचे उतरकर फरार हो गया। रईस अली ने बताया वह होटल में 3 साल से काम कर रहा है। अस्पतालों में इलाज कराने आने वाले मरीजों को ही रूम दिया जाता है। राहत अली से अमीनाबाद में नदीम भाई की चप्पल की दुकान पर मुलाकात हुई थी। इस वजह से कमरा दिया था। मामले में इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद का कहना है युवती के माता-पिता को बुलाया गया था। उन्होंने कोई शिकायत नहीं की है। लड़की को उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

### मस्जिद कोहना पीर बाबा इंदिरा नगर में पहले दौर की तरावीह मुकम्मल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी की जेरे में निगरानी में मस्जिद कोहना पीर बाबा इंदिरा नगर लखनऊ में आज तरावीह का पहला दौर मुकम्मल किया गया जिसमें बड़ी तादाद में नमाजियों ने हिस्सा लिया। मस्जिद के सदर जनाब रियाज अहमद एवं जनरल सेक्रेटरी जनाब मुर्तजा अली ने सहयोग के लिए प्रशासन के साथ-साथ नमाजियों का बेहद शुक्रिया अदा करते हुए इमाम साहब को नजराने के रूप में नगद एवं तोहफा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के सदर जनाब अहमद राजा नायक सदर मोहम्मद साबिर खान एवं जनरल सेक्रेटरी मुस्तकीम अहमद सिद्दीकी भी उपस्थित रहे। तरबीह मुकम्मल होने के बाद इमाम साहब द्वारा देश में अमन व चौन के लिए दुआएं मांगी गई।

## उमाशंकर के घर आईटी रेड पर भड़के मंत्री दिनेश प्रताप

▸ आयकर विभाग की छापेमारी को लेकर सियासी बयानबाजी तेज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ में बीएसपी विधायक उमाशंकर सिंह के घर पर आयकर विभाग ने बड़ी छापेमारी की, जिससे राजनीति में हलचल मच गई है। इस छापे के बाद यूपी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नाराजगी जताई और आयकर विभाग की कार्रवाई की आलोचना की।



उन्होंने ट्वीट कर कहा, जिसने भी छापा डलवाया, वह संवेदनहीन है। प्रभु बुद्धि दे। मंत्री ने यह भी कहा कि कैंसर से पीड़ित उमाशंकर सिंह को भी आयकर विभाग ने नहीं छोड़ा, जो उनकी स्थिति को देखकर शर्मनाक है। उमाशंकर सिंह, जो कैंसर से पीड़ित हैं और दो ऑपरेशन करा चुके हैं, लखनऊ में अपने घर पर आइसोलेशन में रहते हैं।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा, उमाशंकर मेरे समधी हैं, और उन्हें इलाज के दौरान भी छापे का सामना करना पड़ा। डॉक्टर और नर्सों को उनके घर में आने-जाने से रोका गया, जो निंदनीय है। आयकर विभाग की इस छापेमारी को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है, और विपक्ष ने भी इस कदम पर सवाल उठाए हैं।

## चाइनीज मांझे से दो घायल, डॉक्टर की नाक व किशोरी के कटे हाथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

हुसैनगंज थाना क्षेत्र में डीएवी कॉलेज के पास बने ओवरब्रिज पर मांझे से स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। युवती के हाथ में गहरे जख्म हुए हैं। 15 दिन में मांझे से कटने का 13वां मामला है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवती ओवरब्रिज से गुजर रही थी। तभी अचानक पतंग की रील उसकी गर्दन की तरफ आ गई। युवती ने तुरंत हाथ से डोर हटाने की कोशिश की। इस दौरान मांझा उसके हाथ में बुरी तरह कट गया। जिससे हाथ पर गहरा जख्म हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे संभाला और प्राथमिक इलाज कराया। वहीं लखनऊ में चाइनीज मांझे से केजीएमयू में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर दीपक गुप्ता घायल हो गए। वह बुधवार को आलमबाग जाने वाले चरक चौराहे पुल पर चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। जिससे उनकी नाक और कान में गंभीर चोट आई। जिनको इलाज के बाद घर भेज दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा खुलेआम बिक रहा है और आए दिन लोग इसकी चपेट में आकर घायल हो रहे हैं। इससे पहले भी इसी तरह की घटना में एक युवक की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद रोकथाम नहीं दिखाई दे रहा है।

## वोटबंदी अभियान पीडीए के वोट काटने का बहुत बड़ा षड्यंत्र : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नोटिस भेजे जाने को वोटबंदी अभियान करार देते हुए इसे पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों) के वोट काटने का एक बहुत बड़ा षडयंत्र करार दिया है।

अखिलेश यादव ने यहां एक बयान में कहा कि बड़े पैमाने पर मतदाताओं को एसआईआर का नोटिस दिया जा रहा है, यह दरअसल नोटबंदी के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का वोटबंदी अभियान है। उन्होंने कहा, दरअसल यह पीडीए के वोट काटने का एक बहुत बड़ा षडयंत्र है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की नीयत तब भी खराब थी, अब भी खराब है। उन्होंने कहा कि पहले तो सिर्फ मुसलमानों को कागजात के लिए परेशान किया जाता था, अब तो हिंदुओं को भी नोटिस पर नोटिस जा रहे हैं।

अखिलेश यादव ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, कोई दावा कर रहा था कि हम गलत वोटों के पकड़े जाने पर संबंधित लोगों को निरुद्ध केंद्र भेज देंगे तो क्या अब वे वोट के आधार पर नागरिकता तय करेंगे और लोगों को उनके खेत, जमीन, घर-मकान से बेदखल करेंगे?

अखिलेश यादव ने कहा कि जब नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी और नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन



जी के परिजनों को नकार दिया गया तो आम लोगों का क्या, वे तो लड़ भी नहीं पाएंगे, उल्टे मतदाता पहचान पत्र नहीं होने पर वे और उनके परिवार के बुजुर्ग और बच्चे अपने अधिकार, विरासत, जायदाद एवं जमा-पूंजी के जब्त हो जाने के डर से हमेशा तनाव और चिंता में ही रहेंगे।

उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा ने अपनी बेईमानी, धोखेबाजी और चाल-चरित्र के ऐतिहासिक पतन के कारण अपना जनाधार पूरी तरह खो दिया है, इसीलिए अब उसे सिर्फ धांधली का ही भरोसा है।

सपा प्रमुख ने कहा, जनता कह रही है कि आज जिन कागजों के आधार पर मतदाताओं के नाम, उम्र एवं अन्य विवरण को ठीक करने का दावा चुनाव आयोग कर रहा है, वही कागज तो पहले भी मतदाताओं ने दिखाए थे, तब फिर गलती कैसे हुई। और क्या गारंटी है कि फिर यह गलती नहीं होगी? इसका मतलब गलती चुनाव आयोग ने की और वोट सही कराने के लिए अपना सारा काम छोड़कर दौड़ना जनता को पड़ रहा है।

## मत्स्य पालकों की आय बढ़ाने के लिए अनुसंधान आवश्यक : बघेल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी और पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने आईसीएआर-एनबीएफजीआर का दौरा किया। मंत्री ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विचार विमर्श किया।जिसमें मछली आनुवंशिक संसाधनों का संरक्षण, अत्याधुनिक अनुसंधान पहल, आधुनिक तकनीकों का एकीकरण और मत्स्य पालन क्षेत्र के सतत विकास के लिए रणनीतियां शामिल हैं। प्रो. बघेल ने वैज्ञानिकों की उनके समर्पित कार्य के लिए सराहना



करते हुए जोर दिया कि मत्स्य पालन क्षेत्र को मजबूत करने, मछली किसानों और संबंधित समुदायों की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में सार्थक योगदान देने के लिए निरंतर अनुसंधान और नवाचार आवश्यक हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने संस्थान की प्रमुख गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य के रोडमैप को रेखांकित करते हुए प्रस्तुति दी। बैठक में रोगाणुरोधी प्रतिरोध एएमआर की उभरती चुनौती और मत्स्य पालन क्षेत्र पर इसके संभावित दीर्घकालिक प्रभाव पर गहन चर्चा शामिल थी। प्रो. बघेल ने आईसीएआर-एनबीएफजीआर के एससीएसपी घटक के तहत कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस, गुमला में चल रही झारखंड की महिला प्रशिक्षुओं के साथ ऑनलाइन बातचीत भी की। प्रो. बघेल ने मत्स्य पालन में वैज्ञानिक प्रगति को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और रोजगार के पर्याप्त नए अवसर पैदा करने के लिए एक प्रमुख स्तंभ बताया।

### बाप की हत्या का आरोपी बोला- सॉरी गलती हो गई



**पैथोलॉजी मालिक का पन्नी में बंधी बॉडी का हुआ अंतिम संस्कार**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में पैथोलॉजी मालिक मानवेंद्र सिंह का हत्या के 6वें दिन अंतिम संस्कार कर दिया गया। बुधवार की सुबह भैंसाकुंड घाट बैकुंठ धाम पर उन्हें छोटे भाई दरोगा अरविंद सिंह के बेटे कृत्य सिंह ने मुखाग्नि दी। पीएम हाउस से पन्नी में बंधी डेडबॉडी आई, उसका उसी तरह अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के पिता सुरेंद्र पाल सिंह चलने-फिरने में असमर्थ हैं जिस वजह से श्मशान घाट नहीं गए। अंतिम संस्कार के दौरान मृतक मानवेंद्र की डेडबॉडी से कवर नहीं हटाया गया। ऊपर से ही शव को नहलाया गया, रिश्तेदारों ने लकड़ियां रखीं। उसके बाद भतीजे कृत्य ने अग्नि लेकर चिता के चारों तरफघूमते ही दाह संस्कार कर दिया। इस दौरान मृतक मानवेंद्र के भाई अरविंद सिंह बहुत रो रहे थे। मानवेंद्र की हत्या उनके ही 21 साल के बेटे अक्षत ने 20 फरवरी को सुबह 4.30 बजे की थी। आशियाना थाने में पुलिस ने आज अक्षत को मीडिया के सामने किया। इसके साथ ही हत्या में इस्तेमाल की गई राइफल, तारपीन तेल, आरी जैसी चीजें भी दिखाई। इसके बाद उसे मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाने तो वह मीडिया से घिर गया। बार-बार पूछे जाने पर उसने धीरे से कहा सॉरी मुझसे गलती हो गई। टीएस मिश्रा यूनिवर्सिटी ने एक नोट जारी कर इस मामले में कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। अक्षत इसी यूनिवर्सिटी से बीबीए कर रहा था।

## शंकराचार्य पर एफआईआर मामले में कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट घेरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट घेर लिया। शंकराचार्य पर अत्याचार बंद करो के नारे लगाए। सरकार पर शंकराचार्य, साधु-संत और हिंदू धर्म की छवि खराब करने का आरोप लगाया। कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित सिंह ने कांग्रेसियों का ज्ञापन लिया। उसमें कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर शंकराचार्य और साधु-संतों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि शंकराचार्य और उनके शिष्यों के साथ दुर्व्यवहार और एफआईआर दर्ज किए जाने की कार्रवाई धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है। यह लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर सभी जिला और शहर इकाइयों को प्रदर्शन किया गया। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह प्रदर्शन संतों के सम्मान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए किया।

## राजधानी में 30 कुंतल से ज्यादा खोया-तेल सीज

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



**32 नमूने लिए गए**

रमजान और होली पर्व को देखते हुए राजधानी लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। इस कार्रवाई में मिलावटी और संदिग्ध खाद्य पदार्थों पर शिकंजा कसते हुए कुल 30,270 किलोग्राम खाद्य सामग्री सीज की। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50.42 लाख रुपये है। 32 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। चारबाग स्थित राजा खोया मंडी में विशेष टीम ने गाड़ी संख्या यूपी 30 एटी 5446 से लगभग 2 कुंतल और यूपी 32 जेडएन 9858 से करीब 4 कुंतल खोया बरामद किया। भौतिक परीक्षण में गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर खोये के चार नमूने जांच के लिए भेजे गए। चारबाग और कुमरावा बीकेटी की खोया मंडियों से भी कुल 8 नमूने लिए गए। कुमरावा में 17 किलो दुर्गंधयुक्त खोया नष्ट कराया गया। इटौंजा बीकेटी स्थित बी.एन. इंटरप्राइजेज में छापेमारी के दौरान बिना वैध प्रयोगशाला जांच के सरसों और रिफाइंड सोयाबीन तेल की पैकिंग होती मिली। यहां से 16,300 लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल और 9,081 लीटर सरसों का तेल सीज किया गया। तेल के पैकेटों पर भ्रामक और अधूरी जानकारी अंकित थी तथा क्रय स्रोत भी स्पष्ट नहीं था। अस्वच्छ वातावरण में भंडारण पाए जाने पर करीब 42.33 लाख रुपये मूल्य का तेल सीज कर दिया गया। सरोजिनी नगर क्षेत्र में बिना लाइसेंस संचालित चायपत्ती गोदाम से करीब 8-5 कुंतल चायपत्ती (करीब 4 लाख रुपये मूल्य) सीज की गई। मोहिबुल्लापुर स्थित हरियाणा गृह उद्योग से 338 किलो बेसन और 128 किलो आटा, हरचंद्रपुर गढ़ी कनौरा में 428 किलो नमकीन, तथा जलालपुर में 1923 किलो मटर दाल और 99 किलो रंगीन बूंदी जब्त की गई। दुबग्गा के भूहर ग्राम स्थित राधा इंटरप्राइजेज को बिना लाइसेंस संचालन के चलते तत्काल बंद कराया गया।

## बस पलटने से घायल 21 यात्रियों को अस्पताल से मिली छुट्टी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार दोपहर एक बस पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। यह हादसा गोसाईगंज थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने एक महिला यात्री की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हादसे में घायल यात्रियों को इलाज के बाद घर भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर में भर्ती 31 मरीजों में से 10 को मंगलवार देर शाम डिस्चार्ज कर दिया गया।

डॉक्टरों की टीम ने सभी की स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें घर जाने की अनुमति दी। एक अन्य घायल मरीज को सिविल अस्पताल से और 10 केजीएमयू से डिस्चार्ज कर पीजीआई लाया गया, जहां औपचारिक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे भी अन्य यात्रियों के साथ भेज दिया गया। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की देखरेख में सभी 21 डिस्चार्ज मरीजों को रोडवेज बस में बैठाकर बिहार रवाना किया गया।

बस रवाना होने से पहले प्रशासनिक अधिकारियों ने मरीजों की स्थिति की जानकारी ली और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक शेष घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है। हादसे में घायल हुए 31 लोग पीजीआई के ट्रामा सेंटर और 13 घायलों को केजीएमयू में भर्ती थे।



### आपसी सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश की योगी सरकार आगामी त्योहारों को बहुत ही शांति और अमन चैन से सकुशल संपन्न कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरकार की मंशा के अनुरूप अपराध और अपराधियों पर नरमी बर्दाश्त करने वाली नहीं है। जिसके लिए सर्व प्रथम पुलिस जिम्मेदार होगी। इस लिए पुलिस द्वारा आपसी प्रेम भाव व शांति के साथ अपने त्योहार मनाने की लोगों से अपील करने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की जा रही है।

इस कड़ी में गुडंबा थाने पर भी पीस कमेटी की एक बैठक पुलिस उपायुक्त पूर्वी के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें सभी धर्म गुरुओं के अलावा इलाके के संभ्रांत एवं क्षेत्रीय पार्षद भी शामिल हुए। बैठक में सभी नागरिकों से अमन शांति व प्रेम भाव के साथ अपने त्योहारों को आपसी सौहार्द से मनाने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई।

## खबरें एक नजर में

### उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के सचिव बने प्रमोद



**रोजा, शाहजहांपुर।** जंक्शन मुरादाबाद डिविजन के प्रमुख स्टेशनों में गिनती की जाती है। उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा सचिव राकेश कुमार का 30 अप्रैल 2025 में सेवानिवृत होने के बाद यह पद खाली चल रहा था। जिसका गठन 10 महीने बाद किया गया। रोजा जंक्शन उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा सचिव प्रमोद कुमार कटिहार को कमान दी गई। आशीष कुमार वर्मा शाखा अध्यक्ष, अंबिका प्रसाद उपाध्यक्ष, अनिल कुमार सिंह उपाध्यक्ष, मनोज कुमार ओझा सहायक शाखा, सचिन दीपेंद्र मित्र, संगठन सचिव धर्मपाल प्रसाद, मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष बनाए गए। उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन कार्यालय में कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर राकेश कुमार प्रमोद कुमार कटिहार विजय सिंह धर्मपाल अंकित कुमार कई रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

### कपड़ा व्यापारी की मौत पर शोक



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी सिद्दीक अली निवासी ग्राम सिंधौली निकट ब्लॉक गेट का आज बीमारी के चलते निधन हो गया उनके निधन पर सिंधौली के व्यापारियों ने गहरा दुख जताया और अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। सिद्दीक अली का स्वभाव बहुत ही अच्छा था सैकड़ो लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं उनके निधन पर स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी मोहम्मद शरीफ मंसूरी कदीर मंसूरी शाकिर अली मंसूरी अब्दुल्ला अंसारी मौलाना हारून मोहम्मद अकरम मोहम्मद असलम अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद नफीस अपर जिला जज नुसरत खान ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उनके इस तरह जाने से कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गई।

### परीक्षा देने जा रहे छात्र की बाइक ई रिक्शा से टकराने से छात्र गम्भीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाई स्कूल परीक्षा देने जा रहा छात्र ई-रिक्शा की टक्कर से घायल हो गया। जिसे गंभीरावस्था में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार सुबह आठ बजे नगर के मोहल्ला कुंवरगंज में उस समय एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार युवक ई रिक्शा में पीछे से जा टकराया लोगों ने घायल छात्र को एक दुकान के चबूतरे पर लिटा दिया। लेकिन इस दौरान छात्र बेहोशी की हालत में चला गया। सूचना पर पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से घायल छात्र को सीएचसी भिजवाया। घायल छात्र की पहचान बृजेश कुमार पुत्र सुवालाल निवासी ग्राम बरखेड़ा हवेली थाना मीरानपुर कटरा के रूप में हुई। सीएचसी पर डॉक्टर कमर उज्मा ने घायल छात्र को प्राथमिक उपचार देकर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खबर मिलने पर पहुंचे परिजन उसे बंथरा स्थित रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां छात्र की हालत में सुधार होना बताया गया रहा है।

### होली मिलन मेला की रूपरेखा तय की गई

**तिलहर-शाहजहांपुर।** होली मिलन मेला संयोजक की मौजूदगी में आयोजित बैठक में मेला आयोजन की रुप रेखा तय किए जाने के साथ ही आय व्यय का ब्योरा भी पेश किया गया। नगर के नगरपालिका परिसर में बीते कई दशकों से आयोजित होने वाले होली मिलन मेला इस बार भी पांच मार्च को आयोजित किए जाने की औपचारिक घोषणा की गई। होली मिलन मेला संयोजक व्यापारी नेता प्रदीप कुमार गुप्ता सर्राफ ने उपस्थित व्यापारियों और कमेटी के तमाम सदस्यों को नगर नगर की परंपरा से जुड़े होली मिलन मेला को और भी बेहतर और आकर्षक बनाने के लिए उनके विचार रखने के लिए आमंत्रित किया। बैठक में मेले की रूपरेखा तय की गई। इस मौके पर व्यापार मंडल कंछल गुट अध्यक्ष सौरव गुप्ता रवि, लविश गुप्ता, व्यापार मंडल मिश्रा गुट अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, अजीत गुप्ता, राजेश गुप्ता, अर्पित गुप्ता, अशोक रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के ग्राम निक रामपुर में फैक्ट्री में धान की भूसी का तेल निकाला जाता है जिसे राइस ब्रान बोलते हैं इसी फैक्ट्री में ग्राम गोरी का सर्वेश कुमार ट्रैक्टर चालक था जो की रात में ट्रैक्टर चला रहा था फैक्ट्री कर्मचारी की माने तो ट्रैक्टर चालक काफी नशे में था कई लोगों ने मना किया कि ट्रैक्टर मत चलाओ घर जाओ अगले दिन दिन में आकर चलाना लेकिन वह नहीं माना और ट्रैक्टर पलट गया ट्रैक्टर पलटने का शोर सुनते ही फैक्ट्री के मजदूर और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दबे हुए व्यक्ति को निकाल लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। जब फैक्ट्री प्रबंधन ने 10 लाख रुपए दिए तब अंतिम संस्कार को तैयार हुए। रोजा पुलिस को सूचना मिली रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों और फैक्ट्री प्रबंधन के बीच वार्ता कर शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सर्वेश कुमार की मौत से परिवार में कोहरा मच गया।

### लखनऊ मेल में यात्री के पैर में उठा दर्द, ट्रेन को रोककर किया उपचार

**रोजा, शाहजहांपुर।** लखनऊ नई दिल्ली एक्सप्रेस के कोच नंबर कोच नंबर 2 बर्थ नंबर 35 पर एसएन दुबे 57 वर्ष यात्रा कर रहे थे जो कि लखनऊ से नई दिल्ली जा रहे थे। उनके पैर में पहले से ही चोट का घाव था। गांव में दर्द के कारण इन्होंने टीटी को बताया। टीटी ने कंट्रोल को बताया। कंट्रोल के आदेश पर शाहजहांपुर में तीन नंबर प्लेटफार्म पर रात में ट्रेन को रोका गया। जहां एसएन दुबे का प्राथमिक उपचार किया गया। उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

### कालोनी के बंशीदे पानी की किल्लत से परेशान

**पुवायां, शाहजहांपुर।** सांतवा रोड़ पर बनी काशीराम कालोनी में गरीब लोगों रहते है। लेकिन इन गरीबो की समस्याओं का समाधान न ही किसी अधिकारी के पास है ओर न ही किसी जनप्रतिनिधियों के पास है। ये तो लोग अपनी किस्मत से जूझ रहे है। ये हाल सातवां रोड़ पर बनी काशीराम की है इस कालोनी में वह लोग रहते है जिनके पास घर नही है। इन लोगों का कहना है कि तीन वर्ष से टंकी मोटर फूंका है लेकिन इस पर किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नही दिया है। हम लोग एक एक पानी की बूंद के लिए तरस रहे है जबकि वोट के समय यहां जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहता है। आवासियों का कहना है कि गर्मियां के मौसम में पानी की काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार नगरपालिका जाकर फूंके मोटर को बदलवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अभी तक किसी ने कोई सुध नही ली। प्रदर्शन करने बालों में रहमत खां, अरविंद शर्मा, पंकज कुमार, संजय शर्मा, अमीर हसन, लाला, अर्जुन आदि लोग मौजूद रहे।

### अमरपाल सिंह गर्चा अध्यक्ष व रामरेश चौधरी महामंत्री चुने गए, सिविल बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव संपन्न



**पुवायां, शाहजहांपुर।** सिविल बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अमरपाल गर्चा अध्यक्ष व रामरेश चौधरी महामंत्री चुने गए। सिविल बार एसोसिएशन में कुल सात पदों पर चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष पद पर अमरपाल गर्चा व लालाराम के बीच चुनाव हुआ, जिसमे अमरपाल गर्चा अध्यक्ष चुने गए, महामंत्री पद पर अंबुज मिश्रा, रतिन्दु मनोहर द्विवेदी, रामरेश चौधरी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था। जिसमें रामरेश चौधरी विजय हुए, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामेंद्र मिश्रा एवं राजकुमार रावत के बीच चुनाव हुआ। जिसमें राजकुमार रावत विजय हुए। कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के दो पदों के लिए रवि पंडित एवं यश देवल चुने गए। इसके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एकल नामांकन होने के कारण निर्भय मिश्रा निर्विरोध चुने गए। इसी के साथ वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों के तीन पदों पर एकल नामांकन होने के कारण जितेंद्र त्रिवेदी, संतोष पांडेय, संजीव सिंह निर्विरोध चुने गए। ईशजीत सिंह कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य बने है। प्रवक्ता पद पर रमेश सिंह को निर्विरोध चुनाव हुआ। सिविल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर हर्ष व्यक्त करने वालों में मुकेश द्विवेदी, अनिल यादव, अनुज मिश्रा, शोभित सिंह भदौरिया, केके मिश्रा, कुशाग्र मिश्रा, ओमपाल यादव, अचल अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# राजस्व वसूली समय से पूर्ण करें: प्रभारी मंत्री

- कानून-व्यवस्था में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई हो: नरेन्द्र कश्यप
- प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना में जनपद को ग्रेड-ए प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त उद्यान विभाग द्वारा फैमिली आईडी के कार्य में भी जनपद को ग्रेड-ए मिला है तथा प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में भी जनपद ग्रेड-ए श्रेणी में शामिल है। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना, दुग्ध विकास, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं जैसे बिजली आपूर्ति, सड़क निर्माण, नाली निर्माण एवं जल निकासी से संबंधित विषयों को प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा गया। इस पर मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष जीएसटी में 66.5 प्रतिशत, परिवहन कर में 94.11 प्रतिशत, विद्युत ऊर्जा कर में 66 प्रतिशत, माइनिंग धातु कर में 77 प्रतिशत, कृषि विपणन में 110 प्रतिशत तथा सड़क परिवहन में 110 प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति की जा चुकी है। इस पर मंत्री ने जीएसटी, आबकारी, स्टांप, मंडी एवं विद्युत सहित अन्य विभागों के राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष समय से शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए, जिससे प्रदेश की विकास गति और अधिक सुदृढ़ हो सके। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा एनडीपीएस अधिनियम, ईनामी अपराधियों, जिला बदर की कार्रवाई, धारा 302 के लंबित प्रकरणों तथा पास्को एक्ट से संबंधित मामलों की जानकारी दी गई। इस पर प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि अपराधियों के विरुद्ध तत्काल एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा सभी मामलों की विवेचना समयबद्ध एवं निष्पक्ष रूप से पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के संबंध में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा जनता से संबंधित समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, पुवायां विधायक चेतराम, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र, सीडीओ अपराजिता सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## सरसों की खेती पर हुई ड्रोन मशीन से स्प्रे



**रोजा, शाहजहांपुर।** जंक्शन थाना क्षेत्र के ग्राम बलिया गांव में सरसों के खेत पर ड्रोन मशीन से स्प्रे किया गया। जिसको देखने के लिए गांव वालों की भीड़ एकत्र हो गई। अभी तक खेतों में मजदूर अथवा किसान कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते थे कभी-कभी कीटनाशक कितनी घातक होती थी की दवा छिड़कने वाला किस अथवा मजदूर की मौत हो जाती थी। वहीं फसल के अंदर घुसने पर फसल भी बर्बाद होती थी और खेतों में कीड़े मकोड़े का खतरा बना रहता था। समय भी अधिक लगता था। ड्रोन स्प्रे से 5 मिनट में एक एकड़ की कीटनाशक दवाई का स्प्रे किया जाता है एक बार में 10 लीटर स्प्रे मशीन ड्रोन मशीन में आ जाती है ड्रोन मशीन से स्प्रे होने पर समय की बचत होगी मजदूर अथवा किसान ना बेहोश होंगे ना ही किसी की मौत होगी और फसल भी बर्बाद नहीं होगी खेत में घुसकर स्प्रे करने पर फसल उजाड़ जाती थी।

## प्रभारी मंत्री ने 42 दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप द्वारा जनपद में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कुल 42 दिव्यांगजनों को उपकरण प्रदान कर उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। वितरित किए गए उपकरणों में 20 ट्राईसाइकिल, 17 व्हीलचेयर, 4 एमआर किट एवं 1 स्मार्ट केन शामिल रही। उपकरण प्राप्त कर दिव्यांगजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा उन्होंने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक पुवायां चेतराम, विधायक डा. वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस', विधायक ददरौल अरविन्द कुमार सिंह, विधायक तिलहर सलोना कुशवाहा, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक डी.पी.एस राठौर, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डा. अपराजिता सिंह सिनसिनवार, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण अवधेश राम, जिला विकास अधिकारी ऋषीपाल सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी संजय कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यादव जी की लव स्टोरी पर रोक को सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**तिलहर-शाहजहांपुर।** यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर समाजवादी नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सदानंद सरोज को ज्ञापन दिया। बुधवार को जिला अध्यक्ष विवेक यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। विवेक यादव ने कहा कि फिल्म मे यादव समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले दृश्य प्रदर्शित किए गए हैं जिससे समाज विशेष के प्रति नकारात्मक छवि प्रस्तुत हो रही है। वकील राजीव यादव ने कहा कि यादव जी की लव स्टोरी फिल्म की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जांच पूरी होने तक देश में इसके प्रसारण पर रोक लगाई जाए।

## पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी के बच्चों का ट्यूनिंग एवं एक्सपोजर विजिट सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक ट्यूनिंग एवं एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत बुधवार को बस द्वारा शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान एवं ऐतिहासिक जागरूकता से जोड़ना रहा। सबसे पहले बच्चों को रेयान इंटरनेशनल स्कूल ले जाया गया, जहाँ फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रयोगों के माध्यम से विषयों की विस्तृत एवं रोचक जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी बच्चों को जलपान भी कराया गया। इसके पश्चात बच्चों को शाहजहांपुर स्थित संग्रहालय का भ्रमण कराया गया, जहाँ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े शहीदों एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने क्रांतिकारियों के त्याग, बलिदान एवं स्वतंत्रता प्राप्ति में उनके अविस्मरणीय योगदान के बारे में जानकर गौरव का अनुभव किया। भ्रमण के अगले चरण में बच्चों को टाउन हॉल स्थित शहीद पार्क ले जाया गया। वहाँ बच्चों ने झूलों एवं अन्य खेल उपकरणों का आनंद लिया तथा परिसर में संचालित ट्रेन की सवारी कर उत्साहपूर्वक समय व्यतीत किया। भोजन एवं जलपान की समुचित व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को बस द्वारा सकुशल वापस पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी लाया गया। भ्रमण में बच्चे विद्यालय के प्रधान अध्यापक देवेश बाजपेई, सल्तनत नावेद, देशराज, सचिन तिवारी एवं रुबी मिश्रा स्टाफ की देखरेख में बच्चों को सुरक्षित उनके घरों तक भेजा गया। इस शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में वैज्ञानिक सोच, ऐतिहासिक चेतना एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ। अभिभावकों एवं स्थानीय समुदाय ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की है।

## बार एसो. ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**तिलहर-शाहजहांपुर।** बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम सदानंद सरोज को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव एवं महासचिव राहुल देव सागर के नेतृत्व में तहसील में अधिवक्ता एकत्र हुए। अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव ने कहा कि राजस्व नायब कोर्ट में प्रतिदिन न्यायिक कार्य होना चाहिए। महासचिव राहुल देव सागर ने कहा कि अधिकतर राजस्व न्यायालय बिना अवकाश के बंद रहते हैं। जिससे लोगों को न्याय समय पर नहीं मिल पा रहा। गैर विधिक तरीके से नामांतरण पत्रावलियां लेखपालों को दे दी जाती हैं जिससे यह लोग नामांतरण के नाम पर धन उगाही करते हैं। तहसील में पीने के पानी के लिए लगे आरओ ठीक कराए जाएं। एसडीएम सदानंद सरोज ने समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

## 59.92 लाख से जीर्णोद्धार छात्रावास का लोकार्पण

**शाहजहांपुर।** राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास, खिरनीबाग शाहजहांपुर के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप द्वारा शिलापट का अनावरण कर किया गया। इस जीर्णोद्धार कार्य पर कुल 59.92 लाख रुपये की लागत व्यय की गई है। लोकार्पण के उपरांत मंत्री ने छात्रावास में आवासित छात्राओं से वार्ता कर उनकी सुविधाओं एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंत्री ने सीएसआर फण्ड से नवनिर्मित लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। लाइब्रेरी को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एवं वातानुकूलित बनाया गया है, जिसमें कंप्यूटर, पुस्तकों तथा ठंडे पेयजल के लिए फ्रीजर की व्यवस्था की गई है। मंत्री ने छात्रावास के जीर्णोद्धार एवं लाइब्रेरी निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सुविधाओं से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा और वे अपने लक्ष्य की ओर और अधिक मजबूती से अग्रसर हो सकेंगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, सीडीओ अपराजिता सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

- मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने किया शिलापट अनावरण

## दुर्घटना में घायल को दरोगा ने धक्का देकर थाने से भगाया

- पीड़ित ने दरोगा पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की



**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** मडुरिया मोड़ पर सड़क हादसे में घायल हुए कल्लू गुप्ता ने एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि दरोगा ने मंगलवार सुबह उन्हें थाने से धक्का देकर बाहर निकाला और गाली-गलौज की। मामले की जांच के सिलसिले में उन्हें थाने बुलाया गया था। जैतीपुर कस्बे में फल का ठेला लगाने वाले पिटरहाई के कल्लू गुप्ता ने बताया कि लगभग तीन महीने पहले 9 दिसंबर को मडुरिया मोड़ पर एक दूधवाली पिकअप ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में उनका हाथ पांच जगह से टूट गया था, जिसके बाद उन्हें लंबे समय तक जिला अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। आरोप है कि उन्होंने इस मामले में कई बार थाने में प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की निष्क्रियता से परेशान होकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई और न्याय की मांग की। इसके बाद, हल्का दरोगा ने मामले की जांच शुरू की। पीड़ित के अनुसार, मंगलवार सुबह दरोगा ने उन्हें फोन कर थाने बुलाया था। कल्लू गुप्ता का आरोप है कि जब वह थाने पहुंचे, तो दरोगा ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, गाली-गलौज की और उन्हें धक्का देकर थाने से बाहर निकाल दिया। इस संबंध में जब थाना प्रभारी के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया, तो पीआरओ सूरजपाल पचौरी ने बताया कि इंस्पेक्टर साहब एविडेंस पर गए हुए हैं और घटना की जांच की जाएगी। इंस्पेक्टर प्रिंस शर्मा के व्यक्तिगत नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं, एसआई रविंद्र नाथ सिंह ने आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि कल्लू गुप्ता ने आईजीआरएस पर शिकायत की थी, जिसकी जांच के लिए उन्हें थाने बुलाया गया था। वह ई-रिक्शा के बारे में पूछताछ कर रहे थे, लेकिन कल्लू उनकी भाषा समझ नहीं पाए।

## अवकाश घोषित होने के बाबजूद मदरसों का चल रहा संचालन

**तिलहर-शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मदरसों में परिषद द्वारा माह रमज़ान में 16फरवरी से 20मार्च तक वार्षिक अवकाश घोषित होने के वाद भी जनपद के मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालक मनमाने तरीके से परिषद के तातील नामा को ठेंगा दिखा कर मदरसे संचालित कर रहे हैं। परिषद कार्यालय से जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित तिथियों के दौरान सभी मान्यता प्राप्त मदरसे पूर्णतः बंद रहेंगे और किसी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधि संचालित नहीं की जाएगी। इसके बावजूद जनपद में नगर सहित तिलहर, कटरा, जलालाबाद, कांट, सिंधौली, पुवायां, में संचालित मान्यता प्राप्त मदरसों द्वारा परिषद के आदेश की अनदेखी की जा रही है। परिषद से मान्यता मदरसे अवकाश अवधि में भी नियमित रूप से खोले जा रहे हैं तथा कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालकों के लिए मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार का आदेश कोई माने नहीं रखता है। और ना जनपद के अधिकारी इस ओर ध्यान दें रहे है। 'रोहित कुमार सिंह जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी, परिषद द्वारा अवकाश सूची घोषित कर दी गई है जिसमें रमजान में अवकाश है मदरसा प्रबंधक द्वारा वार्षिक अवकाश में मदरसा खुलवाना परिषद के आदेश का उल्लंघन है जांच कर परिषद को अवगत कराया जाएगा।

## सीओ पुवायां की नेतृत्व में थाना खुटार में की गई पीस मीटिंग

- मौके पर मौजूद रहे नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी त्यौहार होली बा ईद के मद्दे नजर थाना खुटार में पुलिस प्रशासन की ओर से महत्वपूर्ण पीस मीटिंग का आयोजन किया गया यह मीटिंग क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसमें दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक धर्मगुरु नगर वासियों ब ग्राम वासियों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्राधिकारी पुवायां ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की सभी त्योहार आपसी सौहार्द प्रेम व भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने अपील की कि होली ईद जैसे पवित्र पर्व शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी साथ ही साथ त्योहार के मद्देनजर बाजारों में बिकने वाली नकली मिठाई बा खोया जैसी चीजों पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। यदि इस प्रकार की कोई जानकारी है तो वह मेरे दूरभाष पर दे सकता है। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। यदि कोई शरारती तत्व माहौल बिगड़ने की कोशिश करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है व क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी ने ग्रामीणों से वार्ता करते हुए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी सावधानियो पर जोर दिया उन्होंने कहा कि त्यौहार की खुशियों के बीच संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना अति आवश्यक है। मीटिंग में दोनों समुदायों के लोगों ने एक स्वर में आश्वासन दिया कि वह प्रशासन का सहयोग करेंगे। एकता एवं भाईचारे की परंपरा को बनाए रखेंगे। साथ ही साथ क्षेत्राधिकारी ने ग्राम प्रधानों से होलिका स्थल को लेकर भी चर्चा की जिसमें ग्राम पंचायत धनसिंहपुर प्रधान के द्वारा होलिका स्थल को लेकर पानी की समस्या को बताया गया। समस्या के समाधान के लिए क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक के द्वारा आश्वासन दिया गया। इस मौके पर विकासखंड खुटार की सभी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला सत्यपाल गुप्ता पूर्व प्रधान पाल सिंह वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष पति बाबूराम आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# ऑयल फैक्ट्री में मजदूर की ट्रैक्टर से दबकर मौत

- आर्थिक सहायता को लेकर परिवार ने फैक्ट्री में शव रखकर घंटो किया हंगामा, फैक्ट्री मालिक ने दिया आर्थिक सहयोग

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





शाहजहांपुर के भावलखेड़ा के गांव नेकनामपुर में रिफाइड आयल फैक्ट्री में मंगलवार की देर रात बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री के अंदर एक जगह से दूसरी जगह भूसी ले जा रहे टैक्टर के अचानक पलट जाने से उसके नीचे दबकर चालक की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने आर्थिक सहयोग को लेकर फैक्ट्री के अंदर शव रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामें की सूचना मिलते ही थाना रोजा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक से वार्ता कर आर्थिक सहायता दिलवाने के बाद हंगामा शांत कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना क्षेत्र के गुर्री निवासी खग्गा का 45 वर्षीय पुत्र सर्वेश गांव के पास नेकनामपुर गांव में परिचात रिफाइंड आयल फैक्ट्री में मजदूरी करता था। बताते हैं कि मंगलवार की देर रात सर्वेश टैक्टर से भूसी एक स्थान से दूसरी जगह ले जा रहा था, तभी अचानक टैक्टर पलट गया। जिससे टैक्टर के नीचे दबकर सर्वेश की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सर्वेश की पत्नी गीता, बड़ी बेटी शिखा व परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने आर्थिक सहयोग को लेकर फैक्ट्री के अंदर शव रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामें की सूचना मिलते ही थाना रोजा प्रभारी राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच गई। बुधवार की दोपहर तक परिवार के लोग हंगामा करते रहे। बाद में पुलिस ने फैक्ट्री मालिक से वार्ता कर आर्थिक सहायता दिलवाने के बाद हंगामा शांत कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### फैक्ट्री मेनेजर व कर्मचारियों ने चुप्पी साधी

**रोजा।** हंसी के बाद बुधवार की सुबह जैसे ही मीडिया करने फैक्ट्री के अंदर पहुंचे उन्होंने फैक्ट्री मैनेजर से घटना के संबंध में जानकारी करनी चाहिए तो फैक्ट्री मैनेजर ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया वही फैक्ट्री के तमाम कर्मचारी भी मीडिया को देखकर कतराते रहे।

### पत्नी की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**रोजा।** आर्थिक सहायता मिलने के बाद मृतक सर्वेश की पत्नी गीता ने तहरीर में कहा कि उनके पति सर्वेश मंगलवार की देर रात फैक्ट्री जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

### फैक्ट्री मालिक ने दस लाख रुपए की दी सहायता

**रोजा।** सर्वेश की मौत की खबर जैसे ही परिवार वालों को लगी, पूरा गांव परिचात आयल फैक्ट्री पहुंच गया और शव फैक्ट्री के अंदर रखकर आर्थिक सहयोग की मांग करने लगे। परिजनों का कहना था कि सर्वेश की माली हालत ठीक नहीं हैं। चार बेटियां और तीन बेटे हैं। सर्वेश ही अकेला कमाने वाला था। बड़ा बेटा दिल्ली में रहता हैं। बुधवार की दोपहर तक परिवार वालों, रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह और फैक्ट्री मालिक के बीच वार्ता चलती रही। आखिर फैक्ट्री मालिक ने दस लाख रुपए देकर मामला रफा दफा कर दिया।

### हंगामे के चलते दो थानों की पुलिस रही मुस्तैद

**रोजा।** फैक्ट्री के अंदर मजदूर की मौत और हंगामे की सूचना मिलते ही थाना रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह दल बल के साथ मौके पर पर पहुंच गए, वही पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना सेहरामऊ दक्षिण पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

## कब्रिस्तान के भू भाग पर अवैध कब्जे की शिकायत

**मामला मौजमपुर कब्रिस्तान का**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मौजमपुर स्थित सार्वजनिक कब्रिस्तान से जुड़े कुछ लोगों ने कोतवाली पुलिस से मिलकर कब्रिस्तान के कुछ भू भाग पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए अभिलेख दिखाए। जिस पर कोतवाल ने कोर्ट जाने की बात कही। कब्रिस्तान के मुतावल्ली रहे मरहूम मो युनुस के बेटे सिकंदर अंसारी करीब दर्जन भर लोगों के साथ बुधवार को कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाल जुगुल किशोर पाल को कब्रिस्तान संबंधी अभिलेख दिखाते हुए बताया कि मौजमपुर पुराने रोडवेज से सटी एक बड़ी आराजी है। जिसका रकबा एक एकड़ है। जिसमें कब्रिस्तान वक्फ संख्या 1423 का रकबा 60 डिसमिल है। शेष निजी आराजी है। आरोप है कि बीते दिन कोर्ट के आदेश पर पुलिस की मौजूदगी में जिस गेट नुमा ढांचा को ध्वस्त किया गया। उक्त ढांचे से सड़क तक कब्रिस्तान का भू भाग शामिल है। जिसपर अवैध ढंग से कब्जा किया गया है। शिकायत कर्ता इस्लाम पुत्र सुल्तान ने आरोप लगाया कि दान पत्र में जीनत को लिखी गई आराजी से अधिक आराजी पर कब्जा किया गया है। जो कि कब्रिस्तान की आराजी है। इस पर कोतवाल ने कहा कि वह किसी आराजी का कब्जा मुक्त नहीं करा सकते। मंगलवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। उन्होंने शिकायत कर्ताओं को कोर्ट से आदेश करा ने की नेक सलाह देकर वापस कर दिया। उधर सिकंदर व इस्लाम ने बताया कि उनका मामला कोर्ट में चल रहा है। वह अब वक्फ के कब्रिस्तान को वक्फ बोर्ड ले जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### सांसद भारत नार्डिक्स संसदीय मैत्री समूह के बनाए गए सदस्य, सांसद ने पीएम और लोस अध्यक्ष का जताया आभार



**शाहजहांपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ने शाहजहांपुर के सांसद अरुण सागर को बड़ी जिम्मेदारी दी है। सांसद अरूण सागर को भारत नार्डिक्स संसदीय मैत्री समूह का सदस्य बनाया है। जिम्मेदारी मिलने के बाद सांसद के समर्थकों में खुशी लहर है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी जी गई है उसको वह पूरी लगन के साथ निभाएंगे। सांसद ने कहा कि मैं इस नई जिम्मेदारी को लेकर उत्साहित हूँ और भारत के हितों को वैश्विक स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार ने कूटनीति के साथ राजनीति को मजबूत करने के लिए ये समूह बनाया था। इस समूह में सभी दलों के सांसदो को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य है कि दो देशों के बीच रिश्ते मजबूत हों और आपसी विश्वास भी बढ़ सके। ऐसे में शाहजहांपुर के सांसद अरुण सागर को भारत–नॉर्डिक्स संसदीय मैत्री समूह के सदस्य के रूप में नामित किया है। सांसद ने कहा कि यह पहल भारत की संसदीय कूटनीति को मजबूत करने और नॉर्डिक देशों (डेनमार्क, फ़िनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन) के साथ संबंधों को गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समूह का उद्देश्य विधायी अनुभवों को साझा करना, द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और आपसी समझ को मजबूत करना है। सांसद ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का हृदय से आभार व्यक्त किया है। सांसद ने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी दी गई है, उसको वह पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे।

### मनोनीत पदाधिकारियों को विधायक अरविन्द सिंह ने शपथ दिलाई



**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सं. कर्मचारी संघ का कार्यकारिणी विस्तार एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम शहीद बिस्मिल सभागार पुराना जिला चिकित्सालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मनोनीत पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र व शपथ दिलाई गई। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा, मो. रईस खां, डा. प्रशांत सिंह जिला मंत्री, नितिन सिंह को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। मनोनीत पदाधिकारियों को विधायक ददरौल अरविन्द कुमार सिंह के द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह व प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हर समस्या का निराकरण प्रदेश स्तर पर हल कराया जाएगा। अति विशिष्ट अतिथि डा. सरोज कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय ने कर्मचारियों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद कुमार ने शासन स्तर से सभी कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण व सहयोग का पूर्ण आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कर्मचारी शिक्षक मोर्चा अध्यक्ष एवं संगठन के संरक्षक राजेश पांडे, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनी द्विवेदी, जिला मंत्री विजय कुमार सिंह, यूपीडीपीए संघ अध्यक्ष आशीष भदौरिया, जिलामंत्री दिवाकर अवस्थी, एलटी संघ जिला अध्यक्ष रजनीश सिंह, मंत्री संजय कनौजिया, पीएमडब्ल्यू संघ के जिलाध्यक्ष गिरिजेश गुप्ता, एनएचएम संघ अध्यक्ष पंकज अग्निहोत्री, मंत्री शमशुद्दीन उपस्थित रहे। अंत में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने साथियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया व आगंतुकों को धन्यवाद प्रेषित किया।

### सरकार की तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई को लेकर युवा कांग्रेस का कड़ा विरोध



**शाहजहांपुर।** आज जिला युवा कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में शहीदों की प्रतिमा के समक्ष काली पट्टी बांधकर सत्याग्रह किया। यह गिरफ्तारी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में 'शर्टलेस प्रोटेस्ट' जिसमें कार्यकर्ताओं ने एंटी–मोदी स्लोगन वाली टी–शर्ट दिखाई के मामले में हुई है, जिसे हम पूरी तरह राजनीतिक प्रतिशोध और फर्जी आरोप मानते हैं। यह मोदी सरकार की तानाशाही का स्पष्ट प्रमाण है, जहां शांतिपूर्ण विरोध को दबाने के लिए आपराधिक षड्यंत्र, लोक सेवक पर हमला, दंगा आदि गंभीर धाराएं लगाई जा रही हैं।जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि एक ओर असम में महिलाएं नग्न अवस्था में घूमती रहीं, लेकिन इन मुंहबोले देशभक्तों ने आंखें मूंद लीं। वहीं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा शर्ट उतारकर सरकार की जवाबदेही मांगना नंगापन दिखाई दे रहा है। यह दोहरा मापदंड और पाखंड है। एक तरफ शंकराचार्य पर फर्जी मुकदमे थोपे जा रहे हैं, जो सनातन धर्म को बदनाम करने की साजिश है। युवा कांग्रेस जन–जन की आवाज है, इसे दबाया नहीं जा सकता। हम सड़कों से लेकर संसद तक विरोध जारी रखेंगे।युवा जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि मोदी सरकार अब लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला कर रही है। उदय भानु चिब जी की गिरफ्तारी राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। जहां प्रधानमंत्री का नाम एप्स्टीन फाइल्स में आया हैं,वही केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम तो एप्स्टीन फाइल्स में कई बार आने के बावजूद सरकार में कोई शर्मिंदगी नहीं है। असली देशद्रोही यही हैं, जो ऐसे गंभीर मुद्दों पर चुप हैं, लेकिन विपक्ष की आवाज दबाने में लगे हैं।वही युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पर फर्जी केस लगाकर दबाने की कोशिश हो रही है। शंकराचार्य पर भी झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। युवा कांग्रेस अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष पर लगे फर्जी आरोप बर्दाश्त नहीं करेगी। जरूरत पड़ने पर हम और तेज संघर्ष करेंगे। जनता की आवाज दब नहीं सकती।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पवन सिंह, अरुणोद मिश्रा, पूनम पांडेय, दिनेश कुमार एड, संजय सक्सेना, रफी उल हसन, सोभित मिश्रा, इरफान हसन, प्रत्युष मिश्रा, इरशाद खान, जैद अंसारी, शाश्वत मिश्रा, गंगाराम कठेरिया, डॉ. फहद खां, फरमान खान, नितिन तिवारी, सईद अंसारी, उमंग त्रिवेदी, सुशील प्रकाश शर्मा, फुरकान अहमद कुरैशी, शिवओम मिश्रा, मोहम्मद अयान, अनस अंसारी, सौरभ मिश्रा, शिवम यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 2748 बच्चों ने हाईस्कूल का विज्ञान पेपर छोड़ा



**शाहजहांपुर।** जनपद में चल रही यूपी बोर्ड परीक्षा में बुधवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के पेपर शांतिपूर्ण व सकुशल कराए गये। जिसमें हाईस्कूल में विज्ञान के पेपर में पहली पाली में 2748 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि पंजीकृत 42717 में से 39969 ने परीक्षा दी। इंटरमीडिएट में संगीत गायन, संगीता वादन में पंजीकृत 80 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट का रसायन विज्ञान, समाजशास्त्र पेपर हुआ। जिसमें पंजीकृत 30305 में से 28609 ने परीक्षा दी, जबकि 1696 अनुपस्थिति रहे। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन मानीटरिंग कर रहा है। किसी तरह की कोई समस्या किसी भी सेंटर से नहीं आई। दोनों पाली में पेपर नकलविहीन संपन्न कराएं गये।

## खाद्य विभाग की छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप

- प्राचीन किराना दुकान से भरा बेसन व रिफाइंड का सैंपल



**तिलहर – शाहजहांपुर।** खाद्य विभाग की टीम ने नगर के एक नामी किराना स्टोर पर छापा मारकर बेसन रिफाइंड का सैंपल भरा। जिला खाद्य निरीक्षक ने सभी व्यापारियों को लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया। बुधवार को जिला खाद्य निरीक्षक बागेस मणि त्रिपाठी ने टीम के साथ नगर में अचानक छापेमारी अभियान शुरू कर दिया गया। खाद्य निरीक्षक ने नगर की प्राचीन और मशहूर छंगे लाल किराना स्टोर से अभियान की शुरुआत की। टीम ने इस दौरान दुकान के अंदर तमाम चीजों को बेहद बारीकी से जायजा लिया। यहां से बेसन और रिफाइंड तेल का सैंपल भी लिया गया। छापेमारी की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद नगर के अधिकांश किराना स्टोर स्वामी अपनी दुकानों को बंद कर भीड़ में शामिल हो गए। इस दौरान जिला खाद्य निरीक्षक ने व्यापारियों को खाने-पीने की चीजों में मिलावट न करने की सख्त हिदायत भी दी। श्री त्रिपाठी ने इस दौरान व्यापारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने अभी तक खाद्य विभाग से लाइसेंस नहीं बनवाया है तत्काल बनवा ले अन्यथा उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। छापामार टीम में अजीत सिंह , विनय कुमार मानवेंद्र, सौरभ सोनी, वरुण कुमार, मनोज कुमार शामिल रहे।

### नवजात बच्चे को फेंककर चली गई निर्दयी मां, किलकारी सुनकर पहुंचे लोग, चल रही थी सांसे

**पीलीभीत।** पूरनपुर क्षेत्र में बुधवार सुबह एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। जिस आंगन में नन्हीं किलकारी गूंजनी चाहिए थी, वहां सन्नाटा पसरा रहा और एक नवजात मासूम को तालाब किनारे पड़े एक थैले में छोड़ दिया गया। सुबह टहलने निकले कुछ ग्रामीणों ने जब थैले से रोने की हल्की आवाज सुनी तो उनके कदम ठिठक गए। पास जाकर देखा तो कपड़े में लिपटी एक नवजात बालिका सिसक रही थी। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। किसी ने तुरंत बच्ची को गोद में उठाया तो किसी ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे पूरी तरह स्वस्थ बताया। घटना की खबर फैलते ही गांव में आक्रोश और पीड़ा का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि आखिर उस मासूम का क्या कसूर, जो केवल बेटी बनकर इस दुनिया में आई? समाज में बेटियों को लेकर सोच कब बदलेगी, यह सवाल हर किसी के मन में उठ रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को भी सूचित कर दिया गया है, ताकि बच्ची के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। फिलहाल, वह मासूम सुरक्षित हाथों में है। प्रशासन उसके पालन–पोषण और देखभाल की व्यवस्था में जुटा है। यह घटना एक बार फिर समाज को आईना दिखाती है कि बेटियों को बचाने और सम्मान देने की बातें केवल नारों तक सीमित न रहें, बल्कि सोच और व्यवहार में भी बदलाव आए।

## सांसद रास भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूह के सदस्य मनोनीत



**शाहजहांपुर।** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया के संसदीय सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा उन्हें 'भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूह' के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन का मुख्य उद्देश्य दोनों पड़ोसी देशों के बीच विधायी संबंधों को प्रगाढ़ करना और द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते खोलना है। सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया के इस मनोनयन की सूचना मिलते ही उनके समर्थकों और क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है। जानकारों का मानना है कि उनकी सौम्य छवि और कूटनीतिक समझ का लाभ भारत-श्रीलंका संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने में मिलेगा। इस दौरान सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा लोकसभा अध्यक्ष का हृदय से आभार व्यक्त करता है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने तथा संसदीय कूटनीति के माध्यम से आपसी सहयोग के नए आयाम स्थापित करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकूं।

## सड़क हादसाः युवक व बैल की मौके पर दर्दनाक मौत

- दो किसान गम्भीर घायल, एक वेल मरणासन्न



**तिलहर – शाहजहांपुर।** चीनीमिल में गन्ना तौल कराकर गांव वापस जा रही दो बैल गाड़ियों में हाइवे पर पीछे से आ रही तेजराफ्तर डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक व एक बैल की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो किसान व एक बैल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दो घायल किसानों को सीएचसी भिजवाया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी के अमित सिंह 29, जसवीर सिंह एवं हरवीर सिंह दो बैलगाड़ी से मंगलवार को चीनीमिल में गन्ना लेकर गए थे। रात करीब डेढ़ बजे गन्ना तुलबाकर गांव वापस जा रहे थे। एक बैलगाड़ी पर अमित सिंह था तथा दूसरी बैलगाड़ी पर जसबीर और हरवीर बैठे थे। इसी दौरान हाईवे तिराहे के कुछ आगे तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर डीसीएम ने सड़क के नीचे मिट्टी पटरी पर चल रही दोनों बैलगाड़ियों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बैलगाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही अमित सिंह एवं एक बैल की दर्दनाक मौत मौत हो गई। जबकि जसबीर और हरवीर गम्भीर घायल हो गए। एक बैल भी मरणासन्न हो गया। इसी दौरान बैलगाड़ी का ढांचा डीसीएम में फस जाने के चलते चालक डीसीएम छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया यहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अमित की मौत पर उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया। उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआरः नोटिसों की सुनवाई की रफ्तार तेज, 62.71 फीसदी कार्य पूर्ण

- डीईओ द्वारा रोजाना एसआईआर कामकाजों की जा रही समीक्षा

**प्रभाकर मिश्रा**



**विधानसभावार नोटिस सुनवाई प्रतिशतः** कटरा 64.77 फीसदी, जलालाबाद 68.76 फीसदी, तिलहर 60.63 फीसदी, पुवायां 62.76 फीसदी, शाहजहांपुर 56.26 फीसदी एवं ददरौल 66.35 फीसदी नोटिस सुनवाई की जा चुकी है। जिसमें बात अगर जनपद की करे तो यह आंकडे 62.71 फीसदी है।

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अपडेट और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत सुनवाई प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जारी नोटिसों की तामील और सुनवाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी रहे, इसके लिए निरंतर मानीटरिंग की जा रही है। रोजाना वीसी, बैठकों को विधानसभावार कर एसआईआर की समीक्षा की जा रही है और बीएलओ को आने वाली समस्याओं को भी दूर किया जा रहा है। जिला निर्वाचन आफिस की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 4 लाख 91 हजार नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें वितरित 3 लाख 95 हजार हो चुके हैं। इनमें बात अगर नोटिसों की सुनवाई की करें तो 3 लाख 8 हजार, लगभग 63 फीसदी मतदाताओं की सुनवाई हो चुकी है। अंतिम तारीख एसआईआर की 27 मार्च आयोग द्वारा रखी गई। जिसके बाद 10 अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

> जनपद में एसआईआर कार्य तेजी से कराया जा रहा है। सभी एईआरओ अपने अपने निर्धारित स्थानों पर बैठकर मतदाताओं को जारी नोटिस की सुनवाई कर रहे हैं। अन्य जनपदों की अपेक्षा लोग मैपिंग, नोटिस सुनवाई में अच्छी पोजीशन पर चल रहे हैं। इसमें मतदाताओं द्वारा भी सहयोग मिल रहा है। जहां पर दिक्कतें बनी हुई, उनको दूर कराया जा रहा है।
>
> **–रजनीश कुमार मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन।**

### होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने की छापेमारी

**पूरनपुर, पीलीभीत।** मिलावटी वस्तुओं पर रोक लगाने के लिए जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सचल दल की व स्थानीय खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने छह खाद्य पदार्थों के नमूने लेने के साथ ही 25 लाख रुपये की कीमत का रिफाइंड आयल जब्त कर लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु कुमार, सतीश कुमार और प्रेम कुमार यादव की टीमों ने अलग–अलग स्थानों पर छापामारी की। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने माधोटांडा क्रासिंग के पास स्थित जैद किराना स्टोर के संचालक फिरासत खां की दुकान से नंद कृष्णा घी का सैंपल

- 25 लाख की कीमत का रिफाइंड जब्त

भरा। पूरनपुर में साहूकारा लाइन पार में इशरत अली के अली किराना स्टोर से आशीर्वाद बेसन का नमूना लिया। राज्य सचल दल के साथ ही मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मैसर्स आरवी गर्ग इंडस्ट्रीज लिमिटेड सिंहपुर, आसाम रोड, पूरनपुर का निरीक्षण किया गया। दुकान में भंडारित 25000 लीटर रिफाइंड राइस ब्रान आयल में खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन होने का संदेह होने पर नमूना संग्रहीत कर लिया। साथ ही 25000 लीटर रिफाइंड राइस ब्रान आयल को जब्त कर लिया, जिसकी अनुमानित लागत करीब 25 लाख रुपये है। वहीं, राज्य सचल दल की ओर से बीसलपुर रोड आसाम चौराहा, पीलीभीत स्थित रिफाइनरी मोदी नेचुरल लिमिटेड पर औचक निरीक्षण करते हुए रिफाइंड ओलिव पोमेश आयल, रिफाइंड राइस ब्रान आयल और रिफाइंड सन फ्लावर आयल के तीन नमूने संग्रहीत किये गये। सीएफएसओ ने बताया कि संग्रहित नमूनों को जांच के लिए प्रयोशाला में भेजा जाएगा।

## मंत्री के समक्ष उठा जर्जर नियामतपुर मार्ग मुद्दा, डीएम बोले-24 करोड़ का प्रस्ताव भेजा

- नियामतपुर से महिला थाना- जीआईसी व पुत्तूलाल से हरदोई बाईपास तक कार्य जल्द होगा शुरू

> एएनएचआई चैयरमैन से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि हम सड़क बनाकर नहीं देंगे, पैसा दे सकते हैं। जिसके लिए मेरे द्वारा हां करते हुए 24 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है, पैसा रिलीज होते ही सड़क निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।
>
> **–धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएम**



**शाहजहांपुर।** विकास भवन में विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप के समक्ष महिला थाना से पुवायां नियामतपुर मार्ग जर्जर होने का मुद्दा उठाया गया। जर्जर मार्ग होने से आए दिन होने वाले हादसों पर चिंता व्यक्त की गई। जिस पर मंत्री ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से जानकारी ली, तो डीएम ने बताया कि दो दिन पूर्व सड़क निर्माण-मरम्मत कार्य को 24 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर एएनएचआई को भेजा गया है, अगर पैसा रिलीज हो गया तो जल्द निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। जिसमें एक हिस्सा शहरी भाग नियामतपुर से महिला थाना होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज लगभग 8.75 किमी जिसकी लागत 1043.40 लाख एवं दूसरा हिस्सा पुत्तूलाल चौराहा से हरदोई बाईपास तक व हरदोई बाईपास से चौढ़ेरा बाईपास तक मार्ग लंबाई 6.30 किमी, जिसकी लागत 1299.10 लाख रुपए आएगी। डीएम ने बताया कि एएनएचआई द्वारा नियामतपुर से सेहरामऊ दक्षिणी तक बाईपास बनाने से यह हिस्सा रह गया था। उसके निर्माण, मरम्मत कार्य जल्द शुरू होगा। बता दें उक्त मार्ग बनने से चिनौर, नियामतपुर के साथ साथ पुवायां,पलिया, खुटार, बंडा जाने वाले लोगों का राहत भरा सफर होगा। चूंकि उक्त मार्ग वर्षों से जर्जर होने से यात्रियों, वाहन चालकों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए किसी भी जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई सुध नहीं ली गई है। डीएम के संज्ञान के बाद जनपदवासियों ने आभार जताया है।

## मजदूर संघ ने रैली निकालकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया



**शाहजहांपुर।** भारतीय मज़दूर संघ के आठ सूत्रीय मांगों के आवाह्न पर ऑर्डनेंस फैक्ट्री मजदूर संघ ने निर्माणी मंदिर से निर्माणी मुख्य द्वार तक नारेबाजी करते हुए एक रैली निकाली। कर्मचारियों ने नारे लगाये पुरानी पेंशन बहाल करो, 8वां पे कमीशन शीघ्र लागू करो, नए लेबर कानून में सुधार करो, निगमीकरण रद्द करो,बोनस की सीलिग बढाओ। उपरोक्त 8 सूत्रीय मांगों को लेकर 1230 बजे एक ज्ञापन श्रम मंत्री के नाम महाप्रबंधक को दिया गया।तत्पश्चात प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीएम के माध्यम से कलेक्ट्रेट में नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा गया। कार्यक्रम मेंऑर्डनेंस फैक्ट्री मजदूर संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बलवीर सिंह, महामंत्री अनुज सक्सेना, रामबाबू राणा, अनुराग दुबे, विमलेश, विवेक चौरसिया, सिंह, विश्वजीत श्रीवास्तव, आशाराम, अमूल, श्रीनिवास, शिवकुमार चन्द्रा आदि यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोदी की इजरायल यात्रा पर सवाल

पूरी दुनिया की निगाहें इस समय ईरान के हालात पर टिकी हैं, जहां अमेरिका ने अपने युद्धपोत तैनात किए हुए हैं और कई दिनों से लगातार धमकियां दे रहा है कि वो जंग की शुरुआत कर देगा। खुद भारत ने सोमवार 23 फरवरी को ईरान में अपने नागरिकों से कहा है कि वे फौरन ईरान छोड़ दें। यानी ईरान पर किसी भी समय अमेरिकी हमला हो सकता है। लेकिन 23 फरवरी को ही इजरायली कैबिनेट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि भारत क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग के लिए एक हेक्सागोनल गठबंधन में शामिल होगा। इसके बाद तय हो गया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को दो दिन के इजरायल दौरे पर रवाना हुए। यानी जब पूरा मध्यपूर्व बड़े संकट से गुजर रहा है, उस समय इजरायल एक अलग वैश्विक गठजोड़ तैयार कर रहा है और भारत उसका हिस्सा बनने जा रहा है।

इजरायल के राजदूत रेयुवेन अजार ने एक वीडियो पोस्ट में कहा कि दोनों देश रक्षा और सुरक्षा समझौतों को श्अपडेटश् करेंगे। गौरतलब है कि हेक्सागोनल एलायंस (हेक्सागोन ऑफएलायंसेज) इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा 22 फरवरी को कैबिनेट बैठक में घोषित एक प्रस्तावित रणनीतिक भू-राजनीतिक ढांचा है। इसका उद्देश्य मध्य पूर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना है, खासकर श्रेडिकल शिया एक्सिसश् (ईरान और उसके सहयोगी) और उभरते रेडिकल सुन्नी एक्सिस के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना। नेतन्याहू ने इसे हेक्सागोन (छह भुजाओं वाला) कहा, जो एक नेटवर्क्ड गठबंधन का प्रतीक है। इस नेटवर्क को खड़ा करने में बड़ी चालाकी से शब्दों का खिलवाड़ किया गया है वर्ना रेडिकल यानी कट्टरपंथी शिया और सुन्नियों के खिलाफ छह भुजाओं वाला गठबंधन खड़ा करना, धर्म के आधार पर विरोध को बढ़ावा देना ही है। इजरायल संप्रभु देश है और उसकी जो मर्जी वह करे। लेकिन इस हेक्सागोन नेटवर्क में इजरायल केंद्रीय भूमिका निभाएगा, जबकि भारत को प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में विशेष महत्व दिया गया है। अन्य सदस्यों में ग्रीस और साइप्रस (भूमध्यसागरीय भागीदार) शामिल हैं साथ ही कई और अरब, अफ्रीकी और एशियाई देशों को शामिल करने की भी योजना है, हालांकि उनके नाम अभी साफ नहीं किए गए हैं। यह अब्राहम समझौते पर आधारित है लेकिन गैर-अरब शक्तियों जैसे भारत को शामिल करके विस्तारित किया जा रहा है। बता दें कि 2020 में इजरायल ने अमेरिका की मध्यस्थता में संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सूडान और मोरक्को जैसे अरब देशों के साथ संबंधों को सामान्य करने के लिए अब्राहम समझौता नाम से राजनयिक समझौता किया था। जिसके तहत इस समझौते का उद्देश्य मध्यपूर्व में शांति, स्थिरता और व्यापार को बढ़ावा देना है। अब इसी का विस्तार करते हुए इसमें भारत को भी शामिल किया जा रहा है।

यानी अमेरिका के बाद अब इजरायल भी तय करने लगा है और बताने लगा है कि भारत क्या करने जा रहा है। इजरायल और अमेरिका पूरी दुनिया में किस तरह अपनी खुफिया एजेंसियों और हथियारों के बल पर कमजोर देशों की आंतरिक और बाहरी नीतियों को निर्धारित करते हैं, यह तो विश्व राजनीति की खुली किताब में दर्ज है। लेकिन भारत किस तरह अपने आप को इतना कमजोर कर रहा है, यह चिंता की बात है। प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा का मकसद और वक्त दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। जिस इजरायल ने गजा में आम लोगों का कत्लेआम किया और उसके बाद ईरान के साथ जंग पर उतर आया, अभी अमेरिका भी ईरान पर हमले के लिए तैयार बैठा है, ऐसे वक्त में प्रधानमंत्री मोदी इजरायल जा रहे हैं। कई मुस्लिम देशों ने क्षेत्र में सैन्य तनाव से बचने की अपील की है। ऐसे समय में भारत के प्रधानमंत्री का तेल अवीव जाना स्वाभाविक रूप से प्रतीकात्मक अर्थ पैदा करता है-चाहे नई दिल्ली की आधिकारिक मंशा कुछ भी क्यों न हो। गौरतलब है कि भारत लंबे समय से श्रणनीतिक संतुलन की नीति पर चलता रहा है- उसने इजरायल के साथ मजबूत रक्षा सहयोग के संबंध बनाए, तो दूसरी ओर खाड़ी देशों और ईरान के साथ गहरे आर्थिक और ऊर्जा संबंध भी बनाए रखे। लेकिन मोदी सरकार ने इस संतुलन को बिगाड़ दिया है। यदि भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी कूटनीति रही है, तो उसे प्रतीकों की राजनीति से भी उतनी ही सावधानी बरतनी चाहिए। नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा प्रतीकों की राजनीति का ही हिस्सा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिकी सैन्य जमावड़े के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के समय पर संसद विदेश मामले की स्थायी समिति ने भी गंभीर सवाल उठाए हैं। समिति की बैठक सोमवार 23 फरवरी को हुई, जिसमें विदेश मंत्रालय के बजटीय आवंटन पर चर्चा के दौरान शशि थरूर ने इस यात्रा की औचित्य पर सवाल किया, खासकर जब भारत ने ईरान में रहने वाले अपने नागरिकों को वहां से निकलने की सलाह जारी की है और अमेरिकी हमले की आशंका जताई गई है। गौरतलब है कि नरेन्द्र मोदी नौ साल बाद फिर से इजरायल जा रहे हैं। इससे पहले वे 2017 में इजरायल गए थे। और तब का जिक्र एपस्टीन फाइल्स में जिस तरीके से है, उस पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि इस बार की दो दिवसीय यात्रा में मोदी येरूशलम में इजरायली संसद को संबोधित करेंगे, प्रौद्योगिकी सहयोग पर एक इनोवेशन इवेंट में भाग लेंगे और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ होलोकॉस्ट स्मारक याद वाशेम का दौरा करेंगे। लेकिन इन प्रत्यक्ष कार्यक्रमों के अलावा जो प्रच्छन्न उद्देश्य इस यात्रा में छिपे हैं, उनका सामने आना भी जरूरी है।

# होली : जाति, पंथ, उम्र से परे जीवंत महाउल्लास

हृदयनारायण दीक्षित



*कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयाँ नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परम्परा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परम्परा एक सतत् प्रवाह है। परम्परा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता।*

*सामूहिकता हरेक कालखण्ड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गये। सो होली जैसे अंतरराष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सव धर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए, उत्सवधर्मी हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।*

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थ त्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थान त्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूरण है।

यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती-नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव। लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक्यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। बसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। बसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिन्दास है यह। लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढ़क गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर बसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है।

बसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को बसंत में। वे जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुद्गुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है। लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी बासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी बसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंद मगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े बनबबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गायें उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गर्मी की उमस और बेचैनी। बसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। बसंत इसीलिए ऋतुराज है।

पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती-आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह बसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है। होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखण्ड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। सम्वत्सर, युग और मन्वन्तर आते हैं पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। बसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असम्भवों का संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मनआनंद है। होली गीत गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन का गीत-संगीत है। होली जाति, पंथ, उम्र से परे जीवन्त महामुक्ति और महाउल्लास है।

कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है।

प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयाँ नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परम्परा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परम्परा एक सतत् प्रवाह है। परम्परा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता।

सामूहिकता हरेक कालखण्ड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गये। सो होली जैसे अंतरराष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सव धर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए, उत्सवधर्मी हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

विचार

# सर्वोच्च नैतिकता की मांग करता है, शंकराचार्य का पद

*अरविंद कांत त्रिपाठी*

"ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः।" अर्थात - ब्रह्म ही सत्य है, यह जगत (संसार) मिथ्या (भ्रामक) है और अंतिम विश्लेषण में जीव (आत्मा) वही है जो ब्रह्म है। अर्थात ब्रह्म और जीव में कोई भेद (अंतर) नहीं है। - यह सूत्रवाक्य चारों सनातन मठ के संस्थापक एवं अद्वैत दर्शन के प्रणेता आदिगुरु शंकराचार्य के संपूर्ण दर्शन का सार है।

आदिगुरु शंकराचार्य काशी में गंगा स्नान करके निकले ही थे कि मार्ग में अशुद्ध माने जाने वाले व्यक्ति "चांडाल" (कुत्ता खाने वाला) के आजाने से वह अपने को अपवित्र मानकर खिन्न हो गए। उस देखकर चांडाल ने कहा - हे गुरुश्रेष्ठ ! जब कण-कण वही (ब्रह्म) अभिव्यक्त है। तो ! मैं अछूत कैसे हो गया? चांडाल के प्रश्न पर आदिगुरु शंकराचार्य क्रोधित नहीं हुए। वह तो ब्रह्मज्ञानी थे। अहंकार शून्य थे। उन्हें अपने शेष रह गए अज्ञान का भान हुआ कि -

"विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः।।" (श्रीमद्भगवद्गीता)

अर्थात - "ब्रह्मज्ञानी को ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ता या चांडाल आदि में एक ही परमात्मा का दर्शन होता है क्योंकि सभी प्राणियों में उसी एक परमात्मा की ज्योति है।" - और दूसरे ही क्षण वह चांडाल के चरणों में क्षमा प्रार्थी हो गए। तत्वज्ञान के ऐसे आभामंडल पर प्रश्न उठता है - क्या अहंकार शून्य ऐसा जीवन आज के शंकराचार्यों का है?

चांडाल में ब्रह्म की झिलमिलाहट देखने की बात तो दूर, उनके कथित उत्तराधिकारियों का सारा ध्यान आम जनता से अपना अलग और विशिष्ट स्तर बनाए रखकर गंगा स्नान करने में है। वह स्थापित नियम, व्यवस्था और जनता की भीड़-भांड़ वाली दिक्कतों से बेपरवाह होकर - पालकी, गाजे-बाजे और भारीभरकम चेला-झुंडो के साथ "ही" गंगा स्नान की अशोभनीय जिद करते हैं। वह कहते हैं, मुझे पालकी से गंगा स्नान को रोककर शंकराचार्य मर्यादा का हनन किया गया है। लेकिन आदिगुरु शंकराचार्य की मर्यादा तो अहंकार का पूर्ण विसर्जन कर चांडाल के भी चरणों में अवनत होने की थी। अहंकार की दाहकता में उनके श्रीमुख से वैदिक मंत्रों की जगह बाबर, औरंगजेब उच्चारित होते हैं। वह, अपने "धधकते अहंकार" को शंकराचार्य की गंगा स्नान परम्परा बताते हैं। भोलीभाली जनता उनकी बातों को सच मान लेती है। क्योंकि उसे आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित वास्तविक मर्यादाओं का ज्ञान नहीं।

प्रश्न है - किस शंकराचार्य ने वैदिक धर्म के उस पुनर्संस्थापक के महान जीवन और असाधारण कार्यों के बारे में जनता को बताने के लिए अपना जीवन समर्पित किया?

संभवतः किसी ने नहीं; क्योंकि शंकराचार्य परम्परा के उस अधिष्ठाता के विशुद्ध वैरागी जीवन को जानकर जनता उनके जीवन से वर्तमान शंकराचार्यों के जीवन के मिलान को उत्सुक हो सकती है। मेल न खाने पर तरह-तरह के विकट सवाल उठ सकते हैं। अतः अपनी मान, प्रतिष्ठा और पूज्यनीयता तथा भौतिक सुखभोग और वर्चस्व को बनाए रखने के लिए आदिगुरु शंकराचार्य की मर्यादाओं से जनता को अनभिज्ञ रखना ही उचित है। क्या किसी शंकराचार्य ने जनता को बताया कि - यदि सनातन के वह विलक्षण प्रकाशपुंज (आदिगुरु शंकराचार्य) न होते तो भारत में शंकराचार्य का प्रतिष्ठित पद और परम्परा न होती। उस पुण्यात्मा आदिगुरु शंकराचार्य को मायावी अर्थात भौतिक-जगत (Materialism) आकर्षित नहीं कर सका। भौतिक जगत के मिथ्यात्व (भ्रम) का ज्ञान होने पर, एक साधारण वैराग्य-वस्त्र और कांधे पर पोटली-दंड ही उनकी कुल भौतिक संपत्ति थी।... किंतु शंकराचार्य मर्यादा की बात करने वाले स्वघोषित शंकराचार्य मायावी-जगत (सत्ता, शक्ति और सुविधा) से कितनी दूर हैं? यह जगजाहिर है।

एक मुख्य तथ्य यह कि - आदिगुरु शंकर ने शंकराचार्य बनने के लिए जो चार अहर्ताएं निर्धारित की थीं, उनमें प्रथम है - शंकराचार्य बनाने के लिए ब्राह्मण होना अनिवार्य है। ध्यान रहे, आदिगुरु शंकराचार्य वैदिक धर्म के पुनर्संस्थापक होने के कारण वैदिक मान्यताओं से ओतप्रोत थे। वैदिक समाज वर्ण व्यवस्था पर आधारित था। कुल चार वर्ण थे। इन चार वर्णों में ब्राह्मण होना (सात्विक गुण और स्वभाव से परिपूर्ण होना) सबसे कठिन है। वर्ण व्यवस्थानुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र जाति में जन्म लेने से कोई ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र नहीं है बल्कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वाले गुण और स्वभाव जिस व्यक्ति में हैं उस गुण और स्वभाव के कारण व्यक्ति ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र है। यही वैज्ञानिकता भी है।

गीता कहती है -

"शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम्।"

अर्थात - जिसमें आंतरिक शांति हो, जिसकी इंद्रियां वश में हों, जो धर्म पालन के लिए कष्ट सहने योग्य हो, बाहर-भीतर से पवित्र (शुद्ध) हो, क्षमाशील हो, शरीर, मन और वाणी में सादगी हो, वेद-शास्त्रों का ज्ञान हो, जिसमें विज्ञान (अनुभवजन्य ज्ञान) हो तथा जो ईश्वर, वेद और परलोक में श्रद्धा रखता हो वह ब्राह्मण है।

यह नौ लक्षण किसी जाति के नहीं बल्कि व्यक्ति के स्वभाव और गुण हैं। जो किसी भी जाति के व्यक्ति में संभव हैं। जिस व्यक्ति में उक्त गुण हैं, जिसका उक्त स्वभाव है ; वह ब्राह्मण है।

शूद्र परिवार में जन्मे रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण गुणों से ओतप्रोत थे। अतः ब्रह्मऋषि (ब्राह्मण) जाने गए। महाभारत के कर्ता वेदव्यास मछुआरिन पुत्र थे। किंतु सात्विक एवं तात्विक ज्ञानबल से ब्राह्मण प्रतिष्ठित हुए। ऐसे ही क्षत्रिय कुल में जन्मे विश्वामित्र अपने तपोबल से ब्राह्मण माने गए।....

पुनः चलते हैं आदिगुरु शंकराचार्य की उस शर्त पर कि - शंकराचार्य बनाने के लिए "ब्राह्मण" होना अनिवार्य है। प्रश्न है - गुण और स्वभाव वाली उक्त वैदिक (आदि गुरु शंकराचार्य की) मान्यतानुसार वर्तमान में कितने ब्राह्मण, शंकराचार्य हैं? सनातन के कितने ध्वजवाहक ब्राह्मण हैं? इस मूल प्रश्नों का समाधान आवश्यक है।...

तब संचार और प्रचार के साधन नहीं थे फिर भी आदिगुरु शंकराचार्य के तेज से संपूर्ण भारत आलोकित हुआ था। किस कारण? आज प्रचार को बड़े-बड़े आलीशान मंच हैं, होर्डिंग हैं, टीवी और अखबार में छपने के बाद भी अपने चारों आदरणीय शंकराचार्यों के नाम को कितना भारत जानता है? यह प्रश्न - शंकराचार्य परम्परा "ब्राह्मणों" के हाथ में है या नहीं इस तफ्तीश को जन्म देता है। सनातन के सर्वोच्च पद पर बच्चों के साथ व्यभिचार का आरोप मृत्यु से भी भयानक है। यदि वह सत्य हैं तो - "सत्य कभी पराजित नहीं होता" इस तत्व ज्ञान के प्रकाश में उन्हें निष्कलंक साबित होने तक अपना पद छोड़कर ब्रह्मज्ञान में लीन रहना उचित है। व्यभिचार का आरोप ब्रह्मेच्छा (ईश्वर की इच्छा) से घटित हो रहा है, ऐसा न मानकर, तू-तू, मैं-मैं करने वाला व्यक्ति साधारण आदमी हो सकता है, राजनीतिज्ञ हो सकता है।

ब्रह्मज्ञानी या तत्वज्ञानी (शंकराचार्य) नहीं। शंकराचार्य का "सर्वोच्च पद" सर्वोच्च नैतिकता की मांग करता है। यह पद चांदी के सिंहासन पर बैठकर सिर्फ बैकुंठी रस भोग के लिए नहीं बल्कि सर्वोच्च मानवीय मूल्यों की अभिव्यक्ति करते हुए समाज के कल्याणकारी मार्ग दर्शन के लिए है। वह पूज्य आदिगुरु शंकराचार्य अद्वितीय थे। उन जैसा कोई दूसरा नहीं। मात्र छह वर्ष की आयु में ही उन्हें चारों वेद को कंठस्थ हो गए थे। वैदिक धर्म की पुनर्स्थापना के लिए मात्र 12 वर्ष की आयु में उन्होंने गृह त्याग किया था। तब सड़कें, मोटर, गाड़ी, रेल आदि नहीं थे। दुर्गम पहाड़ों, खरनाक पशुओं से भरे घने जंगल, उफनती नदी और नालों को पार करते हुए उस ज्ञानमूर्ति तरुणाई ने शास्त्रार्थ में संपूर्ण भारत के प्रकांड विद्वानों को वशीभूत (परास्त) किया। भारत की अखंडता और आध्यात्मिक मूल्यों की अभिरक्षा के लिए देश के चारों छोर पर चार मठों की स्थापना की। उन्हीं चारों मठों पर क्रमशः चार श्रेष्ठ धर्माचार्यों को "शंकराचार्य की उपाधि" देकर, अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया था।

*मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार*

साहित्य



### अहसास

**के. एम. रेनू**

अँधेरे का छोर
चाँद का डूबता चेहरा
चन्द सितारों की गिनती
सब कुछ तो था वहाँ
खुशबू के भींगेपन ने
सरोबार कर दिया था हमें
तुम्हें याद हैं....?
आज कौन सी तारीख है
मैं कही थी तुमसे
तुम्हारे जेहन में
नम आँखों से मुस्कुराती
दूर-दूर तक
उसकी बस्ती न थी
मेरे लिए सब कुछ था
अहसास, तनहाई, आँसू
और तुम्हारी याद..
तुम्हारे लिये
मैं होकर भी नहीं थी





## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगाएं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# डॉ. भागवत के भाषण को सही नजरिए से देखा जाना चाहिए

*विश्वास डावर*

सरसंघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख) श्री मोहन भागवत जी के भाषण को सही नजरिए से देखा जाना चाहिए-जिसमें उन्होंने कहा कि जिन लोगों को अपना असली धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया गया था, उनका वापस स्वागत है-इस बात में कोई सांप्रदायिक भावना नहीं दिखनी चाहिए। जैसा कि इतिहास बहुत साफहै, भारत में सैंकड़ों सालों तक, मुस्लिम शासकों ने हिंदुओं को अपना धर्म छोडने के लिए मजबूर किया। इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाने के लिए, यूरोपीय शासकों ने उन पर मुकद्दमा चलाया और कई मामलों में, धर्म के आधार पर अमानवीय अत्याचार और बेरहमी से हत्याएं हुईं। भारत में इस्लाम और ईसाई धर्म को जबरदस्ती और कई दूसरी चीजों से गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद और सेवा की आड़ में फैलाया गया।

भागवत जी की बात बहुत सीधी और सरल है-अगर कोई अपनी मर्जी से अपने असली धर्म में वापस आना चाहता है, तो हमें हिंदू समाज के तौर पर उनका स्वागत करना चाहिए। उन्होंने बहुत ज्यादा दबाव और ऐसी शर्तों के तहत अपना असली धर्म छोड़ा जो उनके नियंत्रण से बाहर थीं। मुझे इसमें कोई गैर-धर्मनिरपेक्ष काम नहीं दिखता, क्योंकि इसमें दबाव, लालच या किसी भी गलत तरीके का कोई तत्व नहीं है। भारत जैसे आजाद और स्वतंत्र देश में, अपनी पसंद से धर्म बदलना गैर-कानूनी नहीं है। हिंदू धर्म (सनातन) सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप में ही नहीं था, बल्कि इंडो-चाइना, इंडोनेशिया और दूसरे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों तक फैला हुआ था। इंडोनेशिया में हिंदू धर्म का काफी ज्यादा उभार हो रहा है, जहां मुसलमानों की सबसे ज्यादा आबादी है। हिंदू-बहुल द्वीप बाली के अलावा, जावा और सुमात्रा जैसे द्वीपों पर हिंदू आबादी बढ़ रही है और नए हिंदू मंदिर बन रहे हैं। कुछ भी जबरदस्ती या किसी और गलत तरीके से नहीं हो रहा, यह सनातन धर्म की आध्यात्मिक आवाज है।

इंसान की जिंदगी में शांति, खुशहाली और सुकून लाना ही सनातन धर्म कई यूरोपियन देशों जैसे पोलैंड, एस्टोनिया वगैरह में कर रहा है। हिंदू (सनातन धर्म) ने कभी किसी को धर्म बदलने के लिए मजबूर नहीं किया। यह महान आध्यात्मिकता और फिलॉसफी की भावना है-सबके साथ अच्छा व्यवहार करना, सबके लिए अच्छा सोचना और अपने आस-पास के सभी लोगों के साथ शांति से रहना। सनातन के इन बुनियादी सिद्धांतों ने इसे हजारों सालों तक सभी मुश्किलों और हमलों के बावजूद जिंदा रहने में मदद की है। दुनिया में कई ऐसे देश हैं जो धर्म के हिसाब से पूरी तरह बदल गए हैं और स्पेन इसका एक उदाहरण है। स्पेन 700 सालों तक मुस्लिम शासन के अधीन था और 8वीं सदी की शुरुआत (711 ए.डी.) से 15वीं सदी के आखिर (1478 ए.डी.) तक वहां मुस्लिम



आबादी थी। इस दौरान, लगभग 800 सालों तक, ईसाइयों और मुसलमानों के बीच लड़ाइयां लड़ी गईं, जिन्हें रिकोनक्विस्टा के नाम से जाना जाता है, जिसके नतीजे में स्पेन फिर से एक ईसाई देश बन गया। इतिहास साफदिखाता है कि जहां भी इस्लामी राज कायम हुआ, पूरे देश मुस्लिम बन गए। इसी तरह, जहां यूरोपियन राज करते थे, वे ईसाई बन गए। हालांकि, भारत और सनातन धर्म अपनी पहचान बनाए रखने में कामयाब रहे, भले ही दबाव में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुए, जिनको बदला जा सकता है और लोगों को घर वापसी करनी चाहिए। यह बात कि सनातन हजार सालों तक उन सभी हमलों से बचा रहा, सनातन की सबसे बड़ी ताकत है। इसके उलट, भारत का सनातन धर्म बिना किसी हिंसा के बचा रहा और फला-फूला। यह जीने का एकमात्र तरीका है, जो हमारे देश को बिना किसी डर, गोलियों, गोले या अमानवीय कामों के आगे बढने और फलने-फूलने में मदद कर सकता है, जिससे आम लोगों को इंसानी दुख और तकलीफ होती है। कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों ने भागवत जी के इस सुझाव की आलोचना की है कि हिंदुओं को कम से कम 3 बच्चे पैदा करने चाहिएं, जिन्हें अच्छी परवरिश दी जा सके। इसे भी सही नजरिए से देखना चाहिए। कम बर्थ रेट की वजह से, देखिए कि जर्मनी, इटली, ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया, फ्रांस और बैल्जियम जैसे यूरोपियन देशों में क्या हो रहा है, जहां की आबादी में युवाओं का प्रतिशत बहुत कम है। उन्हें दिक्कतें आने लगी हैं, कम युवा आबादी की वजह से आप्रवासियों से इन देशों में कानून-व्यवस्था की बड़ी दिक्कतें पैदा हो रही हैं। जापान जैसे देशों में भी कम जन्म दर की वजह से बूढ़ी होती आबादी की दिक्कतें देखी गई हैं। भारत में, ज्यादातर हिंदुओं की आबादी में कम जन्म दर डेमोग्राफिक इम्बैलेंस पैदा कर सकता है। ऐसा होने से रोकने के लिए, जन्म दर पर उनके सुझावों को किसी खास समूह के लोगों के खिलाफ नहीं समझना चाहिए। मेरी राय में, अगर हम भागवत जी के सुझावों को सही नजरिए से लें, बिना किसी डर या शक के उनके इरादों पर ध्यान दें, तो भारत ज्यादा एकजुट और मजबूत होगा। जैसा कि मैं देखता हूं, घर वापसी पर उन्होंने जो कहा, उसमें किसी के लिए या किसी धर्म के लिए कोई बुरी भावना नहीं है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सरसई में घर में घुसकर दंपती व बुजुर्ग पर लाठी-डंडों से हमला, तीन नामजद समेत छह पर आरोप

**पाली/हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र के ग्राम सरसई में मंगलवार शाम दबंगों द्वारा घर में घुसकर महिला, उसके पति और ससुर के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम सरसई निवासी कुंती पत्नी दीपक राठौर ने पाली थाने में दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे गांव के ही पवन, मगने, ओवेंद्र का पुत्र तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ उसके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि सभी ने मिलकर कुंती, उसके पति दीपक राठौर तथा उसके ससुर को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले से तीनों घायल हो गए और घर में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर आरोपियों को वहां से भगाया और घायलों को बचाया। पुलिस ने घायलों को उपचार एवं मेडिकल परीक्षण के लिए पाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पीड़िता कुंती ने बताया कि आरोपी आए दिन उसे और उसके परिवार को परेशान करते रहते हैं, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं इस संबंध में पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### घर से बुलाकर ले गए, घात लगाकर युवकों ने की मारपीट



**संडीला (हरदोई)।** थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी जयराम पुत्र रामचरण ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 22 फरवरी 2026 की रात करीब 8 बजे वह घर पर भोजन कर आराम कर रहा था, तभी बालामऊ क्षेत्र का निवासी बालक नाम का युवक उसे घर से बुलाकर ले गया। कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद जब वह शौच के लिए जा रहा था, तभी पहले से घात लगाए बैठे विकास, विमलेश, रोहित व श्यामू पुत्रगण सियाराम ने अचानक उस पर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया और जमकर मारपीट की।जिससे उसे काफी छोटे भी आई है जिसका मेडिकल परीक्षण भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडीला में कराया गया जिसमें उसे कई गंभीर छोटे आई है। पीड़ित के अनुसार जब उसने बिना कारण मारने का विरोध किया तो आरोपियों ने भविष्य में विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने संडीला थाने में तहरीर देकर कार्रवाई और न्याय की गुहार लगाई है।

### अवैध खनन करते जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर को किया सीज



**कुलपहाड़, महोबा।** उपजिलाधिकारी के निर्देशन पर चलाए जा रहे अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ धड़पकड़ अभियान में तहसील क्षेत्र के ग्राम भरवारा में मिट्टी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन व एक ट्रेक्टर को मौके से पकड़ कर थाना पनवाड़ी में खड़ा कर सीज की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार अवैध खनन कर रहे माफियाओं के खिलाफ छापामार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर क्षेत्र के जगहों पर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इसी के तहत तहसील अंतर्गत पनवाड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम भरवारा में नायब तहसीलदार पंकज गौतम, नायब तहसीलदार मुकुल कुमार के नेतृत्व में राजस्व व थाना पनवाड़ी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एंटी इलीगल माइनिंग ड्राइव के तहत छापामार कार्यवाही कर मिट्टी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन व एक ट्रेक्टर को पकड़ा गया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि मौके पर कोई प्रपत्र नहीं दिखाए जाने पर पकड़े गए दोनों वाहनों को थाना पनवाड़ी पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा कर सीज की कार्यवाही की गई और रिपोर्ट खनिज विभाग को भेजी जा रही है। इस कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप देखा जा रहा है।

### निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से मां-बेटे समेत चार घायल, दो की हालत गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नरायच गांव में मंगलवार देर रात निर्माणाधीन मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में मां-बेटे समेत पांच लोग मलबे में दबकर घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार नरायच गांव निवासी प्रमोद कुमार पुत्र प्रभू दयाल के घर में भवन निर्माण कार्य चल रहा था। देर रात अचानक दीवार गिर गई, जिसकी चपेट में प्रमोद की बहन राजेश वर्मा 42 उसका पुत्र शिवम उर्फ गोलू 12 वर्षीय, पड़ोसी अरुण कुमार 20तथा घसीटिया अनुरागी 40 आ गए और मलबे में दब गए।हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर सभी घायलों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। गोलू और घसीटिया की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। गांव के प्रधान फैसल खान ने बताया कि सभी घायलों का उपचार कराया जा रहा है और प्रशासन को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी, गांव में शोक की लहर

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विरगुवां बुजुर्ग में मंगलवार को 33 वर्षीय विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया और मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंजली पत्नी विजय अहिरवार घर के अंदर थी। पति एक शादी वाले घर में बैठने गया था। जब काफी देर तक कोई हलचल नहीं हुई तो परिवार के सदस्यों ने अंदर जाकर देखा, जहां वह फंदे से लटकी मिली। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद और कोतवाली प्रभारी ब्रजेश बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों व परिजनों से पूंछतांछ की। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि घटना के पीछे के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### जनपद में 4.46 हजार लोगों के बनाये जा चुके आयुष्मान कार्ड:सीएमओ



**उरई (जालौन)।** जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में चलायी जा रही है जहां पात्र व्यक्ति अपना आधार कार्ड लेकर पहुंचे तो उसका आधार कार्ड प्राथमिकता के साथ बनाये जा रहे हैं। वैसे तो जिले में 6 लाख 41 लोगों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित होना चाहिये लेकिन अभी तक 4 लाख 46 हजार लोगों के आयुष्मान बनाये जा चुके है इस तरह से अब 1 लाख 95 हजार ऐसे लोग बचे है जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। अब ऐसे लोगों के प्राथमिकता के साथ आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रकिया जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में चलायी जा रही है। उक्त बात मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने एक भेंटवार्ता के दौरान बतायी। उन्होंने बताया कि जनपद में ऐसे लोगों की वास्तविक संख्या 6 लाख 41 हजार है जिनके आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हैं। लेकिन अभी तक 4 लाख 46 हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। अब जो अभियान चल रहा है उसमें 70 प्लस वालों के आयुष्मान सरकारी अस्पतालों में बनाये जा रहे हैं जिसमें लाभार्थी को केवल अपना आधार कार्ड की फोटो कॉपी लेकर जाना होता है और संबंधित लाभार्थी की कागजी औपचारिकतायें पूरी होते ही उसे आधार कार्ड बनाकर दे दिया जाता है। सीएमओ ने यह भी बताया कि आयुष्मान कार्डधारक को साल भर में 5 लाख रुपये का नि:शुल्क उपचार किया जाता है इसके लिये जनपद के 42 अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से उपचार कराने की सुविधा है जिसमें 9 प्राइवेट अस्पताल भी शामिल हैं।

### आयुष्मान वय वंदन योजना में 23 हजार बने कार्ड

**उरई।** प्रधानमंत्री द्वारा दीपावली पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आंगनबाड़ी सहायिका व आशा बहुओं को 5 लाख रुपये तक का उपचार नि:शुल्क की सुविधा देने का ऐलान करते हुये आयुष्मान वय वंदन योजना की घोषणा की थी जिसमें जनपद में अभी तक 23 हजार 310 लोगों के कार्ड बनाये जा रहे हैं। सीएमओ ने बताया कि उक्त योजना में जनपद में कुल आबादी का दो प्रतिशत लोगों को शामिल किया गया है।

# रामलीला मैदान से अतिक्रमण हटाने का अंतिम नोटिस कमलाकांत बाजपेई के घर चस्पा

**मुनादी कर दी गई चेतावनी, तीन दिन में खाली न करने पर होगी सख्त कार्रवाई**



**पाली, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत पाली प्रशासन ने सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कमलाकांत बाजपेई को जारी अंतिम नोटिस की कार्रवाई को और तेज कर दिया है। नोटिस न लेने की स्थिति में नगर पंचायत कर्मियों ने उनके घर के बाहर नोटिस चस्पा कर दिया, साथ ही पूरे कस्बे में मुनादी कराकर तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। नगर पंचायत द्वारा जारी नोटिस के अनुसार रामलीला मैदान जो कि गाटा संख्या 27 के रूप में सार्वजनिक विशेष उपयोग की भूमि दर्ज है, उस पर अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। आरोप है कि कमलाकांत बाजपेई द्वारा उक्त भूमि पर बांस एवं उससे निर्मित उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है तथा अन्य लोगों को भी अवैध रूप से स्थान किराए पर देकर व्यापार कराया जा रहा है। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में रामलीला मैदान के रूप में दर्ज सार्वजनिक संपत्ति है, जिसका उपयोग केवल सार्वजनिक आयोजनों और जनहित कार्यों के लिए किया जा सकता है। इस संबंध में पूर्व में भी नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अतिक्रमण हटाने के बजाय उसका विस्तार किया गया।

**खर्च की होगी वसूली, कार्रवाई तय**

उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी मयंक कुंडू ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर पंचायत प्रशासन विधिक कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाएगा और इस कार्रवाई में आने वाले समस्त खर्च की वसूली संबंधित कब्जाधारियों से की जाएगी। नगर पंचायत की इस सख्ती से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने साफ किया है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या व्यावसायिक उपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**लाउडस्पीकर से कराई गई घोषणा**

नगर पंचायत प्रशासन ने बुधवार को अपने वाहन के माध्यम से कस्बे में लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कराकर अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी। मुनादी में स्पष्ट कहा गया कि निर्धारित तीन दिन की समय सीमा के भीतर समस्त अवैध कब्जा हटाकर व्यावसायिक गतिविधियां बंद कर दी जाएं, अन्यथा प्रशासन स्वयं अतिक्रमण हटाकर भूमि को खाली कराएगा।

# सीमा निस्तारण हेतु पुर्वा पिपरियां पहुंचे राजस्व अधिकारी



**हरदोई।** दो जनपदो के बीच वर्षो से लम्बित सीमा विवाद के निस्तारण हेतु शाहजहांपुर सदर तहसील के तहसीलदार सत्येद्र कुमार, नायब तहसीलदार निवेदिता और कानून गो व हल्का लेखपाल के साथ मय पुलिस फोर्स को लेकर पैमाइस के गाव पूर्वा पिपरिया पहुंचे इधर जनपद हरदोई की तहसील शाहाबाद की तहसीलदार संध्या यादब, नायब तहसीलदार संतोष कुशवाहा, कानूनगो प्रमोद निश्रा व लेखपालो के साथ सीमा विवाद के निस्तारण के बास्ते पुर्बा पिपरिया में पैमाइस करने मे डटे हुए है ये दोनों जनपदों के आधिकारी और कर्मचारी बुधवार से पैमाइस मे है चर्चा है कि पूर्बा पिपरिया मे ग्राम समाज की भूमि पर दबंगो द्वारा अबैध कब्जा किए जाने की शिकायत पर पैमाइस शुरू करबाई गई है।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी और डंडे, आधा दर्जन घायल

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निहाल गंज में 23 फरवरी की रात दो पड़ोसियों में किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई।सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने पर रात भर शांत रहने के बाद 24 फरवरी को सुबह 7 बजे फिर दोनो पक्षों की ओर से ईंट पत्थर चले।मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए एक पक्ष की एक किशोरी ईट लगने से गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। एक पक्ष के राजीव पुत्र रामलाल के अनुसार वह 23 फरवरी की रात करीब नौ बजे वह अपने दरवाजे पर था तभी पड़ोस के आशीष पुत्र रामकुमार ने पवन पुत्र विपिन, लाला, रोहित पुत्रगण रामलाल ने आकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की जिसमे उसके भाई पप्पू का सिर फट गया।राजीव के भाई संजीव ने बताया 24 फरवरी की सुबह विपक्षियों ने उसके घर पर ईट पत्थर चलाए जिसमे ईट लगने से उसकी 14 वर्षीय पुत्री प्रियांशी गंभीर रूप से घायल हुई है जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दूसरे पक्ष की संगीता पत्नी आशीष मिश्रा के अनुसार उसके पड़ोसी संजीव,पप्पू, मुन्ना और अंकित पुत्रगण रामलाल आदि उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज कर उसे,उसके पति को काफी मारा पीटा उन्हें बचाने आए रिश्तेदार रामलाल और उनका पुत्र विपिन को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है।

# बिचौलिया आसानी से करा रहे काम, एडीटीसी से फेल हो रहे आवेदक

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

नवीन ड्राइविंग लाइसेंस हो या फिर अवधि बढ़ोत्तरी के लिए जब से निजी संस्था के हाथ में सौंपी गई बागड़ोर से बिचौलियों की बल्ले- बल्ले है। सरकार से मान्यता प्राप्त एडीटीसी प्रत्यायन वाहन प्रशिक्षण केंद्र पर आवेदकों को मायूस होकर बिचौलियों का सहारा लेना पड़ रहा है। शहर से सटे कंडोहना में संचालित राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त एडीटीसी प्रत्यायन वाहन प्रशिक्षण केंद्र के सेंसर युक्त ट्रैक सवालों के घेरे में है। मंगलवार को वहां नवीन लाइसेंस के लिए आवदेनकर्ता से बातचीत की गई तो, चौंकाने वाली कई बातें सामने आई है। एक आवेदक ने खबर में नाम छापने की शर्त पर बताया कि वह चौथी बार प्रशिक्षण देने आया है।




लेकिन उसे प्रत्यायन वाहन प्रशिक्षण केंद्र से जानबूझकर फेल कर दिया गया। उसके पीछे भले ही बिचौलिया या विभागीय अफसरों का इशारा रहा हो, लेकिन आवेदक ने फेल करने की वजह संस्था और एआरटीओ दफ्तर की सांठगांठ का होना बताया है। आवेदक ने कहा कि पहले उसके भाई को 2 बार फेल किया गया। बताया कि प्रशिक्षण में पास होने के लिए 15 प्रतिशत मार्क्स होना तय किया गया है। लेकिन हर एक आवेदक को अनुमानित 10 नंबर देकर फेल कर दिया जा रहा है। ऐसे ही एक आवदेक ने बताया कि उसने नवीन लाइसेंस के लिए कई बार एडीटीएस में सेंसर युक्त ट्रैक पर प्रशिक्षण दिया, पर उसको फेल कर दिया जाता रहा है। आखिरकार उसने थक हारकर बिचौलियों को दस से 15 हजार में बगैर प्रशिक्षण के लाइसेंस बनवाई।

**बिचौलियों के बिना नहीं हो रहा काम**

**हरदोई।** उप संभागीय परिवहन कार्यालय में बिचौलिया पूरी तरफ से हावी है। विगत माह पहले आवदेकों की शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने छापेमारी करते हुए कई दलालों को मौके से हिरासत में पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मजिस्ट्रेटिक कार्यवाही से कुछ दिन तो बिचौलियों के बगैर आवदेकों का काम नहीं हुआ, लेकिन तत्कालीन एआरटीओ के तबादले के बाद फिर से बिचौलिया सक्रिय हो गए है।

### किसान नेताओं पर महिला कोटेदार ने लगाया धन उगाही और छेड़छाड़ का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला कोटेदार ने दो किसान नेताओं पर धन उगाही और छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। पीड़िता के अनुसार 24 फरवरी को वह आवश्यक कार्य से तहसील शाहाबाद आई थी आगपुर निवासी सत्यवीर और कठवा निवासी गोलू ने तहसील में रोककर उससे धन उगाही की मांग की उसके द्वारा मना करने पर विपक्षियों ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगे उसके शोर मचाने पर तहसील में मौजूद लोगों ने उसे छुड़वाया। पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

# श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल ने कई मंदिरों में आयोजित किया 145वां मंगल पाठ

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

श्रीहरि के प्रिय भक्त प्रहलाद की जन्म व कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर एक सौ पैतालीसवे मंगलपाठ के क्रम में श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया। आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्रीठाकुर द्वारा मंदिर सदर बाज़ार, श्रीखाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्रीराघव जानकी मंदिर रद्दे पुरवा रोड, श्रीमहादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्रीमहावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक व आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में संस्था सदसय पंकज गुप्ता व पुजारी अनिरुद्ध तिवारी ने सभी को हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। इस अवसर पर भजन गायक विनोद गुप्ता और पंकज गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजन सियाराम संग हनुमत भी आना, हनुमत संग पधारो राम हमारे कीर्तन में, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जायेगे, दीननाथ मेरी बात, जब जब संकट कोई गहरा होता है, जहाँ जहाँ कीर्तन होता मेरे श्री राम का



आदि भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया इस मौके पर गौरव अग्रवाल, विजय अग्रवाल, नीलम जिंदल, अंशिका अग्रवाल, अवध राज, गोलू गुप्ता, आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल, संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, अनिल गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। पूजन मंदिर पुरोहित पंडित रजनीश तिवारी व पंडित ईशान शुक्ला ने किया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री ठाकुरद्वारा मंदिर सदर बाज़ार में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ सुंदर कांड किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय ने कहा कि मंगलवॉर नासें रोग हरे सब पीड़ा भय मुक्ति के दाता वीर हनुमान जी को याद करने का पुण्य पर्व है। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, शशि गुप्ता, रामवती देवी, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा, अर्चना दुबे, सोनिका गुप्त, सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता, पुष्पा मिश्रा, बॉबी ओमर, अलका गुप्ता, अमृता सिंह, नीलम गुप्ता, अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### राजनैतिक दबाव और काम के प्रेशर में ईओ हुए बेहोश, हायर सेंटर रेफर

**शाहाबाद हरदोई।** नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी का बढ़ते राजनैतिक दवाब के कारण बुधवार को सुबह करीब बारह बजे काम के बढ़ते प्रेशर के कारण अपने कार्यालय में बेहोश हो गए। उन्हें डाक्टरों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया है। आपको बता दें नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी द्वारा नगर पालिका में आउटसोर्सिंग ठेके की सभी फर्मों को ब्लैक लिस्टेड कर दिए जाने से वेतन न मिलने के कारण आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। शनिवार को कर्मियों और नगर पालिका प्रशासन के मध्य हुई वार्ता में ई ओ ने गुरुवार को हर हाल में दो माह का वेतन देने का लिखित समझौता कर हड़ताल को समाप्त करवाया था। सोमवार को नगर पालिका की आउटसोरसिंह ठेकेदारों को हाई कोर्ट ने यथास्थित बनाये रखने के आदेश दिए है। पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मियों को वेतन दिए जाने को लेकर पालिका ई ओ पर काफ़ी प्रेशर था। वह बुधवार को अपने कार्यालय में कार्य देख रहे थे दोपहर बारह बजे उन्हें अचानक बेहोशी आ गयी। नगर पालिका के कर्मियों द्वारा उन्हें तुरंत सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर हरदोई रेफर किया गया था।

# ओवरलोड व बिना रॉयल्टी खनन पर एसडीएम के नेतृत्व में कार्रवाई, 10 ट्रक पकड़े

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में ओवरलोड तथा बिना रॉयल्टी खनन सामग्री का परिवहन कर रहे वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त अभियान चलाया। एसडीएम के नेतृत्व में चले विशेष चेकिंग अभियान के दौरान दस ट्रकों को पकड़कर कार्रवाई की गई।बताया गया कि उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह के निर्देशन में तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, खनन अधिकारी उमाकांत तथा आरटीओ अमिताभ राय की टीम ने मौदहा के बड़े चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान ओवरलोड तथा बिना रॉयल्टी संचालित वाहनों को रोका गया। जांच में कई ट्रक ओवरलोड पाए गए, जिन्हें



अनलोड करवाकर चालान की कार्रवाई की गई। वहीं अन्य वाहनों के विरुद्ध भी नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की गई इस संबंध में उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# भीषण अग्निकांड में तीन दुकानें जलकर हुईं राख

**साठ लाख के नुकसान का अनुमान**

**खड़ेही लोधन(हमीरपुर)।** कस्बा बिवांर में बस स्टैंड के पास पानी की टंकी परिसर के बाहर रोड किनारे रखी टिन की अस्थाई दुकानों में बुधवार तड़के लगभग छः बजे आग लग गई।इस आगजनी में तीन दुकानें पूरी तरह जल गईं। आग नफीस मिस्त्री की मोटरसाइकिल रिपेयरिंग और मोटरसाइकिल पार्ट्स की दुकान से शुरू हुई और देखते-देखते किशोरा प्लम्बर व प्रताप साइकिल वाले की दुकान तक पहुंच गई।आग इतनी प्रचंड थी कि किसी की भी पास जाने की हिम्मत नहीं हुई।प्रताप कुशवाहा ने अपनी दुकान का शटर किसी तरह खिल लिया और कुछ सामान भी निकाला लेकिन नफीस और



किशोरा की दुकान नहीं खुल सकीं ,जो लगातार दो घण्टों तक धू-धूकर जलतीं रहीं।दोनों दुकानो के नीचे बने बेसमेंट में भरा हुआ सामान भी जलकर राख हो गया।लोगों ने पानी की सप्लाई चालू करवाकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग इतनी भीषण थी कि पानी तुरंत भाप बनकर उड़ जाता था।नफीस ने बिवांर थाना में सूचना दी ,जहां से दमकल को फोन किया गया लेकिन फ़ायर स्टेशन मौदहा और हमीरपुर होने की वजह से दमकल टीम लगभग डेढ़ घण्टे बाद लगभग सादगी सात बजे आ सकी और जेसीबी मशीन से दुकानों के शटर तोड़े गए।आगजनी में तीनों दुकानदारों ने लगभग 60 लाख के नुकसान जा अनुमान लगाया है।मोटरसाइकिल मिस्त्री नफीस ने बताया कि उसका लगभग 30 लाख जा नुकसान हुआ है ,किशोरा प्लम्बर ने 19 लाख का नुकसान बताया और प्रताप ने लगभग दस लाख का नुकसान बताया।वहीं नुकसान का आंकलन करने आए बिवांर लेखपाल अनिल यादव ने बताया कि सभी पीड़ितों से उनके नुकसान की सूची ले ली है, रिपोर्ट बनाकर भेजी जाएगी। लोगों ने आग लगने का कारण बिजली शॉर्टसर्किट बताया।

**सूचना**

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम VIDHIT c/o ANJALI दर्ज हो गया। जबकि सही नाम VIDIT S/O AMIT KUMAR है। जिसे मेरे पुत्र के आधार कार्ड में संशोधन करने की कृपा करें। अमित कुमार पुत्र अरविन्द कुमार निवासी गठवाया पो0 पिलखना थाना मेरापुर, तहसील कायमगंज, फर्रु0।

# ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

पनवाड़ी थाना क्षेत्र के महोबा रोड स्थित एनएच-39 (झांसी-मिर्जापुर रोड) पर पेट्रोल पंप व एकता ढाबा के पास मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों और एक घायल युवक के चचेरे भाई की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी लाया गया, जहां उपचार के दौरान विपिन (24) पुत्र रतन सिंह निवासी इटौरा महुआ की मौत हो गई।

घटना के अनुसार मोटरसाइकिल सवार विपिन, अजय पुत्र मदन (20) व अमित सिंह राजपूत पुत्र



मूलचंद (20) निवासी इटौरा महुआ किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अजय व अमित की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। विपिन की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और अपने पीछे पत्नी व दो वर्षीय मासूम बच्ची को छोड़ गया है। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी।

**और कार्रवाई की मांग की:** पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन की मांग की है।

## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद- फर्रुखाबाद।

पत्रांक: 616/न0पं0 कम्पिल/मु0म0न0सृ0यो/ई0नि0सू0/2025-26 — दिनांक 19/02/2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना (CM-NSY) के अन्तर्गत अनुसचिव महोद्य, उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक 11/02/2026 के द्वारा निर्माण/क्रयकरण कार्यो को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** के माध्यम से ऑनलॉइन ही eProcurement System Government of Uttar Pradesh पर दिनांक 26/02/2026 को प्रात: 10:00 बजे से दिनांक: 23/03/2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं तथा दिनांक 24/03/2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे ऑनलाइन ही कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद फर्रुखाबाद में खोली जायेंगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.etender.up.nic.in/** eProcurement System Government of Uttar Pradesh पर उपलब्ध है।

**(अवनीश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद।**

**(राजवती यादव)**
**अध्यक्षा**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद।**

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आवाहन पर लगातार दूसरे दिन भी 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के टेट अनिवार्यता के विरोध में सभी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन आयोजित है।जिसमें अधिक से अधिक शिक्षक भाई,बहन से प्रतिभाग करने की अपील की। ब्लॉक मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता पूर्णतया गलत है, खेल की बीच में नियम नहीं बदलते है। हम सभी शिक्षक इसका पुरजोर विरोध करेंगे। विरोध करने वालों में मुख्य रूप से प्रदीप मिश्रा, सत्येदेव सिंह,बृजेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा, प्रियंका सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र पांडेय, रीता राणा, अवधेश कुमार, आशीष त्रिवेदी, अमित अवस्थी, सत्यप्रकाश सिंह, लक्ष्मी खरे, श्रीकृष्ण मिश्रा, मो इस्माइल, प्रवीण कुमार, अभिषेक सिंह, प्रेमचंद, अंबुज शुक्ल, वैभव शर्मा, अखिलेश शर्मा, देवी प्रसाद, अमर बहादुर, देवेंद्र श्रीवास्तव, रमेश चंद्र, जितेंद्र वर्मा आदि शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए शिक्षण कार्य किया।

# परीक्षा दे रही छात्रा अचानक हुई बीमार, अस्पताल में भर्ती



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। जनता इंटर कॉलेज बदोसराय में बुधवार को हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा के दौरान एक छात्रा के पेट में अचानक तेज दर्द उठा। छात्रा को तत्काल संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।थानाडीह गांव निवासी सरवन कुमार की पुत्री काजल परीक्षा दे रही थी। सुबह करीब 10:30 बजे उसे अचानक पेट में तेज दर्द महसूस हुआ, जिसके बाद वह परेशान होकर चिल्लाने लगी। कॉलेज प्रशासन ने तुरंत एंबुलेंस बुलाई और छात्रा को अस्पताल पहुंचाया।घटना की सूचना मिलने के बाद छात्रा के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। वे काजल के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं और डॉक्टरों से लगातार संपर्क में हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य राम किशुन ने बताया कि छात्रा को अचानक पेट दर्द होने लगा जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# स्काउट गाइड कैडेट रैली का हुआ आयोजन



मसौली बाराबंकी। कंपोजिट विद्यालय चिलौकी मे बुधवार को ब्लाक स्तरीय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे पहुंचे खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार को विद्यालय के बच्चो द्वारा गार्ड आफ आनर की सलामी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बीई ओ जैनेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों के कराने से बच्चों में मानसिक, बौद्धिक, चारित्रिक और सामाजिक गुणों का विकास होता है उन्होने विद्यालय परिवार की भूरि-भूरि प्रशंसा की बच्चो ने स्काउट गाइड और बुलबुल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ए आर पी आशीष शुक्ला , सुरेश चंद्र , विश्वनाथ वर्मा , नरेंद्र कुमार सुमन वर्मा शालिनी स्वास्थ्य संगीता वर्मा ममता द्विवेदी गरिमा निहारिका सिंह राहुल कुमार रामहित वर्मा सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम कर रही ताबड़तोड़ छापेमारी



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। होली और रमजान त्योहारों से पहले खाद्य विभाग ने सिरौली गौसपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने दो दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए और 1.52 रुपये के एक्सपायर्ड उत्पाद मौके पर ही नष्ट कर दिए। इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।.बुधवार को खाद्य निरीक्षक अर्शी फारूकी के नेतृत्व में टीम ने बदोसराय स्थित अब्दुल हफीज किराना स्टोर से किशमिश का सैंपल लिया। इसके अतिरिक्त, बिकौली रामपुर रोड पर मैसर्स गुप्ता किराना प्रोप्राइटर सुनील कुमार गुप्ता से फार्मर ब्रांड के रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना भी जांच के लिए भेजा गया।जांच के दौरान, टीम ने दुकानों से 1 लाख 52 हजार रुपये मूल्य के एक्सपायर्ड खाद्य उत्पादों को तुरंत नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले उत्पादों पर केंद्रित थी, जिनकी बिक्री उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती थी।इसके अलावा, बदोसराय बाजार से तीन क्विंटल रंगीन कचरियां भी नष्ट की गईं। विभाग ने सभी दुकानदारों को भविष्य में खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी है।

# संदिग्धावस्था में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव



सलोन समृद्धि न्यूज़। संदिग्धावस्था में युवक का शव नीम के पेड़ पर फांसी से लटकता मिला।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची अंतर्गत गोठिया गांव का है। जहां अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा का पुत्र सूरज उम्र लगभग 22 वर्ष रात में खाना खाकर सोने चला गया। जिसके बाद रात में गांव के बाहर खेत में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।सुबह खेत के तरफ गए ग्रामीणों ने सूरज का शव लटकता देखा तो परिजनों को सूचना दिया।मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई है।

# जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे उमाशंकर सिंह



**बसपा के विधायक के ऊपर इनकम टैक्स की कार्यवाही से नाराज हुए सरकार के मंत्री**

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। उत्तर प्रदेश में बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के यहाँ आयकर विभाग की छापेमारी पर राज्य सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस कार्रवाई को लेकर काफी नाराज़गी और चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उमाशंकर सिंह कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनका स्वास्थ्य लंबे समय से बहुत खराब है, इसलिए ऐसे हालात में इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई उचित नहीं है। मंत्री ने कहा कि विधायक जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं, और इस समय उनके पास धन कमाने की क्षमता नहीं है, बल्कि वे अपनी ज़िंदगी बचाने के लिए इलाज पर केंद्रित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट भी दया के आधार पर याचिकाएँ स्वीकार कर देता है, तो ऐसे कठिन समय में इस तरह की छापेमारी का कोई औचित्य नहीं है और यह संवेदनहीनता है। दिनेश प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया पर परिवार की तरफ से उठाये गए स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और प्रश्नों को दोहराया और कहा कि अगर इस कार्रवाई के कारण विधायक की सेहत को कोई नुकसान हुआ तो इसकी जिम्मेदारी उन संस्थाओं पर होगी जिन्होंने छापेमारी की है।

दिनेश प्रताप सिंह ने इस छापेमारी पर कड़ी आपत्ति जताई है और इसे उमाशंकर सिंह की खराब सेहत के मद्देनज़र असंवेदनशील बताया है।

## सड़क में गड्ढे नहीं अपितु गड्ढो में मौजूद सड़क बनी दुर्घटना का कारण

**ई-रिक्शा पलटने से दंपति हुए गंभीर रूप से घायल, पति की हालत नाजुक**

बछरावा समृद्धि न्यूज़। कसरावा गांव के पास बुधवार दोपहर तकरीबन 3:00 बजे के आसपास सड़क में गड्ढे नहीं अपितु गड्ढो में सड़क होने के कारण तब एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब अपने घर से बछरावा जा रहे ई-रिक्शा सवार दंपति ई-रिक्शा पलटने से उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल दंपति प्रेमचंद पुत्र श्री प्रकाश उम्र 30 वर्ष अपनी पत्नी नेहा उम्र 28 वर्ष निवासी कुंडौली थाना बछरावां के साथ ई रिक्शा में सवार होकर अपने घर से बछरावां जा रहे थे। जैसे ही उनका ई रिक्शा उनके गांव के संपर्क मार्ग को बांदा बहराइच राजमार्ग से जोड़ने वाले शारदा नहर की पटरी के बदहाल मार्ग पर कसरावा गाँव के पास पहुंचा, तभी सड़क में अत्यधिक गड्ढे होने के कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे दोनों ई रिक्शा सवार दंपति उक्त ई रिक्शा के नीचे दब गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों एवं राहगीरों के द्वारा तत्काल उन्हें ई-रिक्शा के नीचे से बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया।

## खबरें एक नजर में

### राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा का एक दिवसीय जनपद भ्रमण आज

अमेठी समृद्धि न्यूज़। राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उ0प्र0 जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज 26 फरवरी गुरूवार को प्रस्तावित हुआ है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री का आगमन 09:30 बजे सिंहपुर में होगा जहॉ हर घर नल जल योजनान्तर्गत पानी की टंकी, पिंडारा परेरा, सिंहपुर व 10:05 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर एवं 10:40 बजे कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर तथा 11:15 बजे पशु आश्रय स्थल गुन्नौर, मुसाफिरखाना का निरीक्षण करेंगे। उसके उपरान्त 12:15 बजे प्रभारी मंत्री जनपद में गौरीगंज स्थित भाजपा कार्यालय में जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से भेंटवार्ता करेंगे तदोपरान्त 14:30 बजे विकास भवन गौरीगंज में आयोजित विकास कार्यक्रमों परियोजनाओं तथा कानून व्यवस्था सम्बन्धित जिला स्तरीय बैठक एवं 16:00 बजे जनप्रतिनिधियों तथा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कोर कमेटी की बैठक में सम्मिलित होंगे, तदोपरान्त 17:00 बजे जनपद से बाराबंकी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अभिरक्षा से फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमेठी समृद्धि न्यूज़। थाना जामो पुलिस की अभिरक्षा से फरार अभियुक्त के संदर्भ में जनपद पुलिस ने अवगत कराया है कि बीते 23 फरवरी को थाना जामो पुलिस द्वारा एन्सीआर सं. 13/26 में अभियुक्त विभम सिंह उर्फ सत्यम सिंह पुत्र राजबक्श सिंह निवासी ग्राम धनेपुर थाना जामो के विरुद्ध धारा 170/126/135 बी0एन0एस0एस0 की कार्यवाही करते हुये उपजिला मजिस्ट्रेट तहसील गौरीगंज पेशी हेतु ले जाया जा रहा था । रास्ते में अभियुक्त उपरोक्त पुलिस अभिरक्षा से भाग गया था। उपरोक्त प्रकरण के संबन्ध में थाना जामो पर 45/26 धारा 262 बी0एन0एस0 बनाम अभियुक्त विभम सिंह उर्फ सत्यम सिंह पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर प्रयास किये जा रहे थे । मंगलवार को थाना जामो पुलिस द्वारा अभियुक्त विभम सिंह उर्फ सत्यम सिंह पुत्र राजबक्श सिंह निवासी ग्राम धनेपुर थाना जामो को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना जामो पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### 50 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार



अमेठी समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत बुधवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल विक्की बिना नंबर प्लेट अभियुक्त कल्लू पुत्र राम आसरे शाहू निवासी देवतरा थाना चंदापुर जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। मोटरसाइकिल विक्की के कागजात मांगने पर दिखा न सका। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जगदीशपुर कस्बे में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

अमेठी समृद्धि न्यूज़। कोतवाली जगदीशपुर में अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर यातायात बाधित कर रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेन्द्र यादव स्वयं मौके पर मौजूद रहे और अभियान की निगरानी की। पुलिस टीम ने सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी ठेले, दुकानें और अन्य प्रकार के अवरोधों को हटवाया, जिससे आवागमन सुचारु हो सका। साथ साथ दुकानदारों और ठेला संचालकों को दोबारा सड़क पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। भविष्य में भी इस प्रकार का अभियान जारी रहेगा।

# एसपी ने ऑपरेशन दहन के संबन्ध में की समीक्षा गोष्ठी



अमेठी समृद्धि न्यूज़। मंगलवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज सभागार में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष व हेड मोहर्रिर के साथ अवैध मादक पदार्थों के विनष्टीकरण निस्तारण हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन दहन' अभियान के संबन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी में थानों पर अवैध मादक पदार्थों के अभियोगों से संबन्धित जमा माल के निस्तारण विनष्टीकरण हेतु चल रहे ऑनलाइन प्रशिक्षण को देखा गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों से गोष्ठी में प्रतिभाग कर रहे समस्त अधिकारी कर्मचारीगण को अवगत कराया गया तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, क्षेत्राधिकारी अमेठी, क्षेत्राधिकारी तिलोई, क्षेत्राधिकारी लाइन्स व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आत्मा योजना के अंतर्गत 47 किसान प्रशिक्षण के लिए नई दिल्ली रवाना



अमेठी समृद्धि न्यूज़। सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन टेक्नोलॉजी (आत्मा) 2025-26 योजना के अंतर्गत जनपद के 47 प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, मेला ग्राउंड पूसा, नई दिल्ली भेजा गया है। किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रशिक्षण हेतु जा रहे किसानों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवाना करने से पूर्व जिलाधिकारी ने किसान बंधुओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों एवं नवीन शोध आधारित विधियों से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक तकनीक, फसल विविधीकरण, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं मूल्य संवर्धन जैसी गतिविधियों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को प्रेरित किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों से अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें तथा नवाचार को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को उन्नत बीज उत्पादन, कीट एवं रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, कृषि यंत्रीकरण तथा कृषि से संबंधित नवीन शोध एवं तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण हेतु रवाना हुए किसानों ने शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया।

# ग्राम विकास अधिकारी पर कार्रवाई के बाद अब प्रधानों पर कब चलेगा डंडा? अभिलेख न देने पर सख्त रुख

सीतापुर। जनपद के विकासखंड खैराबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग एवं मखुवापुर में वित्तीय अनियमितताओं का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। संबंधित ग्राम विकास अधिकारी गीतांजलि वर्मा पर विकास कार्यों में गड़बड़ी और संदिग्ध भुगतानों के आरोप सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) कार्यालय द्वारा पत्रांक संख्या 10205/निरीक्षण/2025-26 दिनांक 16.01.2026 को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए वर्ष 2023-24 से अब तक कराए गए सभी विकास कार्यों की पत्रावलियां तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करने को कहा गया था। इसमें कार्ययोजना, आकलन, एमबी, बिल-वाउचर, वेंडर कोटेशन, फोटो, कोष बही, स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अभिलेख और हैंडपंप मरम्मत का पूरा विवरण मांगा गया था। सूत्रों के अनुसार निर्धारित समयसीमा बीत जाने के बावजूद पूर्ण अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। इसे प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना माना जा रहा है। **जिलाधिकारी ने दिखाई सख्ती**- मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए ग्राम विकास अधिकारी पर निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित कर दी। जिलाधिकारी का स्पष्ट संदेश है कि सरकारी धन के दुरुपयोग और अभिलेख छुपाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। **अब प्रधानों की भूमिका पर उठे सवाल**- ग्राम पंचायत में होने वाले सभी भुगतान ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी की संयुक्त संस्तुति से होते हैं। ऐसे में यदि दिव्यांग शौचालय निर्माण के नाम पर धन निकासी, अधूरे कार्य और संदिग्ध खातों में भुगतान हुआ है तो संबंधित ग्राम प्रधानों की भूमिका भी जांच के दायरे में आना स्वाभाविक है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सचिव/वीडीओ पर कार्रवाई हो चुकी है तो जिन प्रधानों के कार्यकाल में यह भुगतान हुए, उनकी जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।

**प्रशासनिक कार्रवाई की मांग**

सूत्र बताते हैं कि जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के निर्देश दे दिए हैं और दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रधानों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

## डीएम ने आंगनबाड़ी केन्द्र कार्टरगंज ब्लॉक महोली में वी.एच.एस.एन.डी. सत्र का औचक निरीक्षण किया

समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने प्राथमिक विद्यालय कार्टरागंज, विकासखंड महोली में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र कार्टरगंज विकास खण्ड महोली में वी0एच0 एस0एन0डी0 सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं से वार्ता करते हुये उनकी वैक्सीनेशन संबंधी किताब का अवलोकन किया। उन्होंने ए0एन0एम0 मालती देवी द्वारा बिना सूचना दिये अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वार्ता करते हुये मरीजों को दिये जाने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने शासन की मंशानुरूप समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों को मुहैय्या उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने वजन मशीन, लम्बाई मापने वाली मशीन, दवाओं की उपलब्धता आदि का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर, पानी व्यवस्था, खाने पीने व्यवस्था आदि व्यवस्थाएं देखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये।

उन्होंने बच्चों की किताबों का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने रसोई घर में मिड-डे-मिल के तहत बच्चों को दिये जाने वाले भोजन की सामग्री की गुणवत्ता को परखा।

## जनपद में 93 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में क्रय एजेंसी खाद्य विभाग के 27 तथा भा0खा0नि0 के 05 प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार 32 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा क्रय एजेंसी खाद्य विभाग के 07, पी0सी0एफ0 के 29, पी0सी0यू0 के 15, यू0पी0एस0एस0 के 08 एवं मण्डी परिषद के 02 अर्थात कुल 61 प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की जाती है। जिसके अनुसार तहसील सदर के ब्लाक राही में 15, ब्लॉक अमावां में 05, ब्लाक सतांव में 02 एवं ब्लाक हरचन्दपुर में 05 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। इसी प्रकार तहसील/ब्लाक महराजगंज 11, ब्लॉक शिवगढ़ 03, ब्लॉक बछरावां में 02, तहसील/ब्लाक लालगंज में 03, ब्लॉक सरेनी में 01 ब्लॉक खीरों 01, तहसील/ब्लाक ऊँचाहार में 09, ब्लॉक रोहनियां 01, ब्लॉक जगतपुर 02, तहसील/ब्लाक डलमऊ में 06, ब्लॉक दीनशाहगौरा में 04, तहसील/ब्लाक सलोन में 11, ब्लाक डीह में 04 एवं ब्लाक छतोह में 08 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते हुए शासनादेशानुसार/नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# मॉडर्न विद्यालय जैसी सुविधाओं से लैस हुआ मंचितपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय



रायबरेली समृद्धि न्यूज़। उच्च प्राथमिक विद्यालय मंचितपुर मे बच्चों को भोजन करने के लिए एमडीएम टीन शेड का मनरेगा से निर्माण किया गया है जिसकी अनुमानित लागत लगभग 7 लाख रुपए बताई जा रही है। खंड विकास अधिकारी अमावा संदीप सिंह ने बताया कि एमडीएम टीन शेड के नीचे अब बच्चे भोजन करेंगे और उन्हें भोजन करने में असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। अभी इसका उद्घाटन नहीं हुआ है बनकर तैयार हो गया वही देखने पर पता चला कि एमडीएम टीन शेड के नीचे बच्चे भोजन भी करते हैं और टोटियों से पानी पीते हैं तथा उसी के नीचे अपनी प्लेट भी धोते हैं जिसकी वजह से सारी गंदगी नालियों के माध्यम से निकल जाती है और विद्यालय भी साफ और स्वच्छ बना रहता है। खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि मंचितपुर का ये एमडीएम टीन शेड बड़े-बड़े विद्यालय के हॉस्टल के जैसे हैं और बच्चों को भी इसमें आने में प्रसन्नता महसूस होती है और उनको लगता है कि हम किसी सरकारी विद्यालय में नहीं एक मॉडर्न विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और उसी तरह की सुविधा भी मिल रही है।

# हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में बच्चे हुए सम्मानित



डलमऊ समृद्धि न्यूज़। ब्लॉक संसाधन केंद्र डलमऊ में शासन की मंशा के अनुरूप हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती दीक्षा मिश्रा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ किया गया,कार्यक्रम में नवनियुक्त ए आर पी वीरेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020के बारे में विस्तार से बताया ,ए आर पी राजेश सिंह ने भी कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला डलमऊ, प्रभारी परियोजना अधिकारी डलमऊ ने भी अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम के संयोजक श्री नंदलाल रजक खंड शिक्षा अधिकारी डलमऊ ने बताया कि जनपद में अकादमी स्तर पर डलमऊ प्रथम स्थान पर रहता है और हम सबको यह स्तर बनाए रखना है, तथा निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया, प्रत्येक न्यायपंचायत से 5 निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ माल्यार्पण करते हुए सम्मानित किया गया तथा शिक्षण स्टेशनरी प्रदान की गई। ब्लॉक की शिक्षिकाओं द्वारा निपुण लक्ष्य पर आकर्षक रंगोली बनाई गई जिसकी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई ,संकुल शिक्षकों द्वारा टीएलएम प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसको बच्चों एवं अभिभावकों ने रुचि पूर्वक देखा तथा सराहना किया। कार्यक्रम में प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी को खंड शिक्षा अधिकारी रजक जी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया,इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेश सिंह, ने भी अपने विचार व्यक्त किए, कार्यक्रम में सत्येश सिंह जिला उपाध्यक्ष शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह जूनियर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला मंत्री सियाराम सोनकर एवं अन्य शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे, तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान प्रस्तुत किया साथ ही साथ कार्यक्रम में बृजेश बाजपेई, मो.इरफान शैलेंद्र प्रताप सिंह विजय मौर्य शैलेंद्र चौधरी शिव बहादुर भारती अवनीश श्रीवास्तव विकास सिंह रिया ठाकुर ईला श्रीवास्तव रश्मि श्रीवास्तव अनीता सिंह नीलम पांडे आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जूनियर संघ के पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रियाज अहमद, अनंत त्रिपाठी, राजू सिंह अमित कुमार जसवंत और बड़े बाबू चंद्रधर जी का विशेष सहयोग रहा।

# ताला तोड़कर शिक्षक के घर से 30 लाख की चोरी

- सीओ और कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की छानबीन
- फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर साक्ष्य को लिए नमूने



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के पूर्वी बाईपास गनी मार्केट के पीछे कृष्णानगर में बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रूपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और करीब डेढ़ लाख रूपये की नगदी पार कर दी। इतनी बड़ी चोरी की जानकारी होते ही मोहल्ले में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सीओ और कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। कन्नौज से आई फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य के लिए नमूने एकत्र किए। पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली में तहरीर दी।

कसावा चौकी क्षेत्र के कबीरगंज गांव निवासी शिक्षक महेंद्र सिंह पुत्र ओमप्रकाश ने पूर्वी बाईपास गनी मार्केट के पीछे कृष्णानगर में मकान बनवाया है। वह अपने परिवार के साथ उसी मकान में रह रहे हैं। इस समय वह प्राथमिक विद्यालय मदारीपुर में शिक्षक हैं। मंगलवार को वह अपनी पत्नी संजू देवी के साथ घर में ताला डालकर ससुराल पवनी उठाने गए थे। बुधवार की सुबह पड़ोसी ने उन्हें फोन कर घर के ताले टूटे पड़े होने की जानकारी दी। जब वह घर पहुंचे, तो देखा मेन गेट का ताला टूटा पड़ा है। अंदर कमरों के भी गेट खुले पड़े हैं। बक्शा व सेफ भी खुली पड़ी थी। सामान कमरों में बिखरा पड़ा था। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कुछ ही देर में आस-पड़ोस के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार मलिक, कोतवाल विष्णुकांत तिवारी, बहवलपुर चौकी इंचार्ज रावेंद्र सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज मनुज चौधरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घर में हुई चोरी की जानकारी होते ही शिक्षक महेंद्र सिंह की पत्नी संजू देवी का रो-रोकर बुराहाल हो गया। पीड़ित शिक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि चोर उनके घर से लगभग 30 लाख रूपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात व डेढ़ लाख रूपये की नगदी समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं।

**चोरों ने पार कर दिया यह सामान**

छिबरामऊ। शिक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों ने उनके घर से 26 ग्राम सोने की चार चूड़ी, 34 ग्राम बजन की तीन सोने की चेन, 12 ग्राम के दो मंगलसूत्र, 6 ग्राम की बच्चे की सोने की चेन, पांच जोड़ी सोने के कुंडल, टोप्स, झाले, 7 ग्राम की एक जोड़ी सोने के सुईधागा, 30 ग्राम की 6 सोने की अंगूठी, 7 ग्राम की सोने की तीन हाय, 350 ग्राम चांदी की चार जोड़ी पायल, 250 ग्राम चांदी की कमर पेटी, 4 ग्राम सोने की छोटी माला के अलावा डेढ़ लाख रूपये की नगदी तथा उनकी बेटी रस्मी की 300 ग्राम की चांदी की कमर पेटी, 6 ग्राम सोने का मांग का बेंदा, एक जोड़ी बच्चे की पायल आदि कीमती साड़ियां व अन्य सामान पार कर दिया।

# सौ मी. दौड़ में छात्रा सुनीति और छात्र हिमांशु अव्वल

**राजकीय महाविद्यालय अनौगी में 17वां वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में 17वें वार्षिक खेलकूद समारोह का दो दिवसीय आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. सुशील कुमार शाक्य द्वारा प्रथम दिवस शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने छात्र- छात्राओं को खेल शपथ दिलाते हुए खेल भावना को जीत-हार से ऊपर बताया। प्राचार्य ने प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत 100 मीटर दौड़ से हुई। बालिका वर्ग में सुनीति प्रथम, मुस्कान द्वितीय व मिथिलेश तृतीय रहीं। बालक वर्ग में हिमांशु, अनुज व हिमांशु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। धीमी साइकिल दौड़, गोला फेंक व म्यूजिकल चेयर सहित अन्य स्पर्धाओं में भी छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राध्यापक वर्ग की प्रतियोगिता में डॉ. डिंपल कुशवाहा विजयी रहीं। विजेताओं को विक्ट्री स्टैंड पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रभारी डॉ. सत्यवीर सिंह ने जलपान की व्यवस्था की।



विक्ट्री स्टैंड पर मेडल के साथ विजेता व मौजूद स्टाफ़

# मनुष्य के पतन का कारण है अभिमानः स्वर्णचंद

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित विशेष सत्संग में दिल्ली से पधारे महात्मा परम पूज्य स्वर्णचंद्र ने अपने अनमोल वचनों में कहा मनुष्य के पतन का मूल कारण अभिमान होता है। उन्होंने कहा परमात्मा हमारी सारी जरुरतों को पूरा करते हैं लेकिन हम परमात्मा की एक भी जरूरत पूरी नहीं करते है जबकि वह हमे गलत रास्तों पर चलने से भी वचातें हैं। लेकिन हम इस पर ध्यान ना देकर वही कार्य करते हैं जो हमें नहीं करना चाहिए। इसलिए कहा भी गया है जब जब होय धर्म की हानी, बाढ़े असुर और अभिमानी। इंसान अपनी इन्सानियत जब भूल जाता है तब वो असुर का रूप ले लेता है और फिर उसमें अभिमान हो जाता है। लेकिन इन्सान अभिमान करता किस पर है। अपने जन्म का या नाम का या



ज़मीन दौलत का, लेकिन वह यह भूल जाता है कि जिस पर वह इतना अभिमान करता है, वो उसका हैं क्या। तेरा जन्म तेरे माता पिता की देन हैं। तेरा शरीर ईश्वर ने बनाया। तेरा नाम दूसरो ने दिया। यह जमीन दौलत तुझे विरासत में मिली तो इसमें तेरा क्या है, जिसपे तू इतना अभिमान करता है। अभिमान रावण का था। उसके पास सब कुछ उसी का था लेकिन उसका अंत क्या हुआ। आज उसके कुल में चिराग जलाने वाला भी नहीं है। इन्सान का अभिमान पतन का कारण वनता है। सदगुरु की कृपा से हमें हीरे जैसा जन्म मिला हैं। इसे व्यर्थ ना गंवाये। मानव जीवन बार बार नहीं मिलता है। अतः सदगुरु की शरण में आकर मोक्ष की प्राप्ति कर जिससे जीवन का कल्याण हो। सेवा दल संचालक महात्मा मनीष कुमार शाक्य के संचालन में हुए कार्यक्रम में स्थानीय शाखा के मुखी राजकुमार गुप्ता, शिक्षक संतोष कुमार, अकाउंटेंट हरिश्चंद्र कैशियर लक्षी वर्मा सहित बड़ी संख्या में साध संगत के लोग मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा चालक ने मारपीट कर वृद्धा को लूटा

- शोर मचाने पर जान से मारने का किया प्रयास
- अस्पताल में भर्ती बेटे को देखकर वापस लौट रही थी वृद्धा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सौ शैया अस्पताल में भर्ती बेटे को देखकर वापस लौट रही वृद्धा से ई-रिक्शा चालक ने मारपीट करते हुए उससे रूपये लूट लिए। शोर मचाने पर चालक ने उसे जान से मारने की नीयत से मुंह दबाते हुए लोहे की रॉड से हमला बोल दिया, लेकिन किसी तरह वृद्धा ने अपनी जान बचाई। शोर मचाने पर पड़ोसियों ने जैसे ही ललकारा, चालक रिक्शा लेकर मौके से भाग निकला। शहर के अस्पताल रोड निवासी डॉसर गोलू शर्मा पिछले कई दिनों से बीमार हैं। उन्हें सौ शैया अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। देर शाम उनकी मां उर्मिला उन्हें देखने अस्पताल गई थी। वहां से वह ई-रिक्शा से वापस घर लौट रही थी। वृद्धा को अकेले देख ई-रिक्शा चालक उन्हें जेबीजी स्कूल के पास सुनसान जगह ले गया। जब वृद्धा से इसका विरोध किया, तो रिक्शा चालक ने उनके साथ मारपीट कर दी और उनका पर्स छीन लिया, जिसमें कुछ रूपये रखे हुए थे। महिला के शोर मचाने पर रिक्शा चालक ने जान से मारने की नीयत से पहले तो उनका मुंह दबाया। इसके बाद लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला बोलने का प्रयास किया, तभी पड़ोस में बने एक मकान से कुछ लोग वहां आ गए और उन लोगों ने ललकारते हुए चालक को पकडऩे का प्रयास किया। इस बीच चालक तेजी से ई-रिक्शा लेकर मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। किसी तरह डरी-सहमी वृद्धा को घर भिजवाया गया। हालांकि अभी इस घटना की पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# समस्याओं को लेकर सभासदों ने दी अनशन की चेतावनी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सभासदों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह को ज्ञापन देकर नगर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। 15 मार्च तक कार्रवाई न होने पर क्रमिक अनशन की चेतावनी दी दी गई है।

सभासद नरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि सड़क व नाली के कार्य मानक के अनुसार नहीं हैं। इनकी जांच करायी जाये। नगर के मुख्य मार्ग की हालत बहुत दयनीय है। इसकी मरम्मत या नवीन सड़क बनाई जाये। मकान दाखिल खारिज सर्वे में जो मकान बढ़ाये गये उनके घरों पर नोटिस भेजा जाये। जिससे उनको जानकारी हो सके कि उनका कार्य सही हुआ है या नहीं। वार्डों में गड्डा व जाल पुलिया टूटी है, उनकी जल्द मरम्मत करायी जाये। नगर के कई इलाकों में पेयजल की व्यवरथा अभी भी ठीक नहीं है। उसे ठीक कराया जाये। प्रत्येक वार्ड में कूड़ा गाड़ी रूक-रूक कर कूड़ा ले। ई-रिक्शा ड्राइवर तेजी से अपनी गाड़ी को भगा ले जाते है जिससे लोगो को परेशानी होती है। प्रत्येक वार्ड में हर सप्ताह फागिंग व स्प्रे कराया जाये जिससे मलेरिया, डेंगू, महामारी जैसी बीमारियों से बचा जा सके। पूर्वी बाईपास से विशुनगढ़ रोड तक डिवाइडर बनाये गये। इससे जाम की स्थिति बन गई है। आम लोगों का निकलना व आना-जाना मुश्किल हो गया है। या तो रोड का चौड़ीकरण किया जाये या डिवाइडर हटाया जाये। यदि 15 मार्च तक इन मांगों पर जल्द सुनवाई न हुवी तो हमः क्रमिक अंनशन पर बैठने पर मजबूर होगें। इस दौरान शशि प्रभा, अग्निवेश, चरन सिंह व हिमांक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।





## समधन में बन रहा पार्क का अधिशासी अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**समधन, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत समधन दंगल मैदान में बन रहा पार्क का अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बुधवार को निरीक्षण किया गया जिसमें उन्हें ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कार्य चलता देख नाराजगी जताई उन्होंने कहा कि ठेकेदार जल्द काम पूरा निपटा लें अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि इस पार्क में बच्चों के लिए झूले, पानी का फव्वारा, फाउंडेशन, सेल्फी प्वाइंट बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की जायेगी आगे उन्होंने बताया कि इन सभी सुविधाओं को जल्द पूरा करवाकर पार्क का शुभारंभ किया जाएगा इस अवसर पर दीपक श्रीवास्तव, आनन्द कुमार,नजरूल,अशोक कुमार,मतलूब आदि मौजूद रहे।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए सरकार द्वारा टीईटी की अनिवार्यता लागू की गई है। इसको लेकर शिक्षक संगठनों के आवाहन पर विरोध किया जा रहा है। कई प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने विद्यालयों में कार्य के दौरान अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे पूर्व माध्यमिक विद्यालय खानपुर कसावा के इंचार्ज



प्रधानाध्यापक नीरज पाल एवं सहायक शिक्षक अखिलेश बाबू शुक्ला का कहना था कि वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना अनुचित है। इस मामले पर बीती 22 फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभियान भी चलाया गया था। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने बताया कि विरोध की इसी रणनीति के तहत आगे भी स्कूलों में कली पट्टी बांधकर शिक्षक कार्य करेंगे। इसके अलावा 26 फरवरी को इसे मामले के विरोध में शिक्षक बीआरसी कार्यालय पर धरना भी देंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

## बारात में डीजे पर बहस लाठी-डंडे चले, पांच घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम करमुल्लापुर के एक निजी गेस्ट हाउस में बारात चढ़ने के दौरान डीजे पर नाचते समय छोटी-सी बात पर दो पक्षों में जोरदार मारपीट हो गई। बहस इतनी बढ़ी कि लाठी-डंडों और अवैध हथियारों का इस्तेमाल शुरू हो गया। इस झड़प में पांच बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के कुंदेपुर गढ़िया गांव के दिनेश (40), सतेंद्र (28), सोवित (23), गौतम राजपूत (22) और कुंदन नगला के रमन राजपूत (15) शामिल हैं। सभी घायलों को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के घुसुआपुर में हुई। छिबरामऊ के कुंदेपुर निवासी रवि राजपूत की बारात घुसुआपुर के रोहित राजपूत की बहन की शादी में आई थी। गेस्ट हाउस में नाच-गाने और दरवाजे की रस्म की तैयारी चल रही थी, तभी चार-पांच युवकों ने बारातियों पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने अवैध असलहा लहराया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं पुलिस को सूचना मिलते ही 112 टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। घायलों का मेडिकल कराया गया और मामला दर्ज कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में दबिश जारी है और जल्द उन्हें गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सौ शैया अस्पताल में खामियों की उच्च स्तरीय जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय हलधर किसान यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने नगला दिलू गांव स्थित सौ शैया अस्पताल में व्याप्त तमाम खामियों और अव्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से नायब तहसीलदार रामप्रकाश को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने बताया कि 23 दिसंबर को सौ शैया अस्पताल में डॉ.विपिन कुमार सचान के माध्यम से उनके ड्राइवर धीरज सचान, स्टाफ नर्स वंदना पाल व अर्चना कटियार की मौजूदगी में एक महिला का आपरेशन होने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें अभी तक दोषियों पर कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। सौ शैया अस्पताल में हो रही खुलेआम धांधली पर रोक लगाई जाए। डॉ.विपिन सचान के द्वारा जो आपरेशन बिना सर्जन के किया गया, उसकी गहनता से जांच कराई जाए। इस दौरान युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहित दीक्षित, प्रदेश संगठन मंत्री अभिषेक तिवारी सानू, मंगल सिंह, सत्यभान सिंह, प्रदीप कुमार, गौरव शुक्ला, महावीर, टीटू दुबे, मंजीत कुमार व आशुतोष आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# 72 किलो रंगीन साबूदाना पापड़, 15 बांदा बोरी पफ किया सीज

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी होली पर्व पर जनपद में आमजन को शुद्ध,ताजे तथा गुणवत्तापरक खाद्य तथा पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने एवं मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के निर्माण, वितरण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु, डॉ. रोशन जैकब, आयुक्त महोदया, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेशों के अनुपालन तथा जिला अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशों और अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में, आज मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व एवं दिशा निर्देशन में, प्रवर्तन दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अनिल कुमार राठौर,



अरविन्द कुमार साहू एवं विमलेश कुमार द्वारा तिर्वा तहसील क्षेत्र में खैरनगर रोड, तिर्वा स्थित खाद्य कारोबार प्रतिष्ठान कमल किराना स्टोर का खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ रंगीन कचरी का नमूना, हंसपुर चौराहा, खैरनगर रोड, तिर्वा स्थित राहुल किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ सूजी, जवाहरनगर, तिर्वा स्थित के0के0 प्रोविजन स्टोर से खाद्य पदार्थ रंगीन कचरी, डम्मर पुरवा, गुरूसहायगंज, तिर्वा स्थित राजू चौरसिया के गोदाम से खाद्य पदार्थ रंगीन साबुदाना पापड़ एवं मझपुरवा, गुरूसहायगंज स्थित मोहम्मद इरफान खान के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पफ का नमूना वास्ते जांच संग्रहित करते हुए 72 किग्रा रंगीन साबुदाना पापड़ एवं 15 बोरी पफ सीज कर दिया गया,जिसका अनुमानित मूल्य लगभग रू0 14500/- मात्र है। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों में खराब व दूषित 140 किग्रा रंगीन कचरी को खाद्य कारोबार कर्ता द्वारा विनिष्ट कराया गया। जिसका अनुमानित मूल्य लगभग रू0 8000/- मात्र है। सभी खाद्य कारोबारकर्ता को साफ सफाई के साथ शुद्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री किए जाने के कड़े निर्देश दिए गए।संग्रहित उपरोक्त सभी 05 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस अभियान के दौरान खाद्य कारोबार कर्ताओं सहित आम जन को रंगीन, मिलावटी तथा दूषित खाद्य पदार्थ एवं मिलावट के हानिकारक प्रभाव तथा उनके स्थानीय परीक्षण की विधियों की जानकारी देते हुए खाद्य पदार्थों के उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया।

# शिव पूजन और ध्वजारोहण संग मनाया शिव जयंती महोत्सव



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला बजरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उप सेवा केंद्र में शिव पूजन और ध्वजारोहण के साथ 90 वां शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महाशिवरात्रि महोत्सव की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान समूचे विश्व में आध्यात्मिक चेतना की अलख जगा रहा है। राजयोग कोर्स तथा मेडिटेशन से मानसिक शांति मिलती है, जो सफल एवं सुखद मानव जीवन के लिए आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने यहां के उप सेवा केंद्र में संचालित किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। माजसेविका इंदिरा दुबे ने कहा हम विचार करें कि कैसे राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं। ईश्वर हमारे और आपके दोनों के अंदर है। अतः एक होकर एकाकार बनें। मनोज राठौर ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने कहा जिस दिन हमारी दृष्टि बदल जाएगी उसी दिन सृष्टि भी बदल जाएगी। तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर ने कहा धार्मिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। मुख्य वक्ता फर्रूखाबाद सेंटर से आई बीके सुमन बहन ने कहा समाज में चेतना जागृत करने के लिए हमें अपने जीवन में विकारों को त्याग कर परमपिता परमात्मा से सच्चा प्रेम और समर्पण रखना चाहिए। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। छात्रा मंतिशा यादव ने स्वागत गीत पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। स्थानीय राजयोग प्रशिक्षण केंद्र की प्रभारी बीके शिवानी बहन ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती की बधाई दी। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बीके मीरा बहन के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में फर्रुखाबाद केंद्र से आई बीके स्वर्णिमा, शोभा दुबे, शालिनी चौहान, संतोष कश्यप, साधना तिवारी, मुन्नी राठौर, लक्ष्मी, विष्णु गुप्ता सोनू चौहान, कामिनी चौहान, ऋषभ मिश्रा, उषा उपाध्याय, प्रभा पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कुरान शरीफ से गहरा रिश्ता जोड़े मुसलमान : मुफ्ती रिजवान

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

रमज़ान महीने का चांद नजर आते ही मस्जिदों, मदरसों, घरों में तरावीह में कुराने करीम पढ़ने और सुनने का सिलसिला जारी है। सातवें दिन की तरावीह में कुरान करीम पूरा पढ़कर मुकम्मल किया गया

नगर पंचायत समधन के मोहल्ला लोहिया नगर स्थित मदरसा अरबिया खालिद बिन बलीद में बीता मंगलवार रात मौलाना मुफ्ती रिजवान ने सातवें दिन की तरावीह में पूरा कुरान पढ़कर मुकम्मल किया गया वहीं मौजूद नमाजियों को दीनी बातें बताते हुए मौलाना मुफ्ती रिजवान ने कहा कि अल्लाह ताला ने कुरान पाक की हिफाजत की जिम्मेदारी खुद ली है अल्लाह ने कुरान के चौदहवें पारे में



फरमाया कि यह कुराने करीम हमने नाजिल किया है हम ही इसकी हिफाज़त करेंगे। कुरान को पढ़ना और सीखना कोई उम्र नहीं देखी जाती है बच्चा हों या नौजवान चाहे फिर बूढ़ा हिम्मत करों पढ़ने और सीखनें की कोई मुश्किल काम नहीं है। आगे उन्होंने बताया कि अल्लाह ताला ने कुरान करीम की ऐसी हिफाजत फरमाई है कि इस बात से दुनिया हैरान हैं। अगर मुसलमान अल्लाह की तरफ बढ़ जाएं तो उसे कोई दुनिया की चीज पीछे नहीं कर सकती दुनिया के अंदर बड़ी से बड़ी कौमें आएगी वह चाहेगी कि हम मुसलमान को बिल्कुल नेस्तनाबूद कर दें और बिल्कुल जड़ से मिटा दें यह सारे के सारे इरादे और सारे के सारे उनके हथकंडे नाकाम रहेंगे दुनिया से इस्लाम कभी मिटेगा नहीं जब तक अल्लाह को और उसके रसूल्लाह को मानने वाले रहेंगे उन्होंने मुसलमानों से कुराने करीम से गहरा रिश्ता जोड़ने की अपील की गई है। आखिर में मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। इस अवसर पर मौलाना मसूद अहमद, हाफिज इसराईल,सिराज खान, फहीम शेख, मोहम्मद आज़म, सिराज अहमद,राजू अली,अरसद शेख, मोहम्मद सलमान आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## होली पर नशा कर किया हुडदंग तो होगी कार्रवाईः कोतवाल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी होली के त्योहार के मद्देनजर कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मौजूद लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बताया कि इन दिनों जिस तरह भाईचारे का माहौल है।

उसे बनाए रखें। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कतई ध्यान न दें। साथ ही होली के दिन होने वाली जुमे की नमाज को लेकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने आपसी सौहार्द पर जोर दिया। मंगलवार को कोतवाली परिसर में कोतवाल अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

# रमजान माह में बरसती है खुदा की रहमत.......

**इस महीने हर नेकी का अज्र 70 गुना हो जाता है**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माह-ए-रमजान का मुबारक महीना मुसलमानों के लिए सभी 12 महीनों में सबसे खास महत्व रखता है। रमजान का पूरा महीना इबादत, पश्चाताप, उपवास (रोजा),




आध्यात्मिक प्रहति और उदारता को समर्पित होता है। इसके साथ ही यह महीना खुद को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। रोजा में अन्न-जल का त्याग करने की प्रक्रिया सिर्फभूखे रहने का नाम न होकर समग्र रूप से अल्लाह को तलाशने का काम भी है। रमजान महीने में संयम और समर्पण के साथ रोजेदार रोजा रखकर खुदा की इबादत करते हैं। माह-ए-रमजान का मुबारक महीना बरकतों का है अल्लाह के रसूल पैगम्बर रसूल हजरत मोहम्मद सल्लअल्लाहो अलैहबसल्लम ने रमजान के महोने को शहरुल मुआसल कहा है, क्योंकि रमजान के महीने में निजात ही निजात है। सुनहरी मस्जिद के **मौलाना मोहम्मद अब्बास** ने बताया कि इन मुबारक महीने में खुदा की रहमत की वर्षा होती है। रमजान के रोजों का मकसद दरअसल गुनाहों से बचना है। रोजा एक रूहानी इबादत है। जो इंसान को बहुत ऊंचे स्थान पर पहुंचाती है। रमजान वह मुकद्दस महीना है। जिसके लिए दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतीक्षा करते है। रमजानुल मुबारक में रोजदारों ने अल्लाह के रसुल पैम्बर मो0 सल्लाहअलैह बसल्लम ने रमजान को शाहरुल मुआसल कह है। **समाजसेवी व चिकित्सक डा0 अनवार अमद** बताया का कहना है कि रमजान के इस पवित्र महीने में एक अत्यंत सुंदर और मनोहारी दृश्य देखने को मिलता है। सभी मुसलमान रोजा नमाज और अन्य इबादतों में व्यस्त हो जाते हैं। कहते हैं कि रमजान अत्यधिक बरकतों बाला महीना है। इस महीने की अनेक खूबियां है। **सपा नेता हाजी अहमद अंसारी** ने बताया कि रमजान का महीना अल्लाह की ओर से बंदों के लिए खुसूसी पैकेज यानी खास तोहफा है। हर साल रमजान में यह खास तोहफा मिलता है। इस महीने हर नेकी का अज्र 70 गुना हो जाता है। इसलिए सभी को रोजे दूरी इबादत से रखने चाहिए।



मौलाना मोहम्मद अब्बास



डा0 अनवार अहमद



हाजी अहमद असारी

# बीडीओ ने कर्मचारियों की बैठक लेकर योजनाओं की जानी हकीकत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड कार्यालय पर शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए विकास खंड अधिकारी ने कर्मचारियों की बैठक बुलाई।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय आज विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए समस्त ग्राम पंचायत के सचिवों तथा सभी कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक बुलाई। जिसमें पहले ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए उन्होंने सचिवों के साथ बैठक कर उनसे जमीनी हकीकत जानी। वहीं समस्त सचिवों को फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास रिचेकिंग सहित समस्त योजनाओं के बारे में बारीकी से जानकारी ली तथा जिन ग्राम पंचायत में काम पिछड़ा चल रहा है उनके ग्राम पंचायत के सचिवों को हिदायत देते हुए जल्द से जल्द कार्य को आगे बढ़ाने की बात कही गई। वहीं एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह से क्षेत्र में ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था के बारे में भी समीक्षा की गई। वहीं एसआईआर प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाने के लिए समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया। विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया कि समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है कि जो क्षेत्र से लाभार्थी परिवार रजिस्टर की नकल के लिए आते हैं उनको नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नकल जारी करें। वहीं विकास खंड अधिकारी ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत में सफाई शुल्क बहुत धीमी प्रगति से जमा हो रहा है। शुल्क जमा करने में प्रगति की जाए। ऐसे ही सरकारी कई योजनाओं के बारे में समीक्षा की गई।



बैठक लेते बीडीओ

इस मौके पर मौजूद विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्ण पाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव, ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, मोतीलाल, प्रमोद शुक्ला, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार, गौतम, वेद प्रकाश, अरविंद कुमार, कामता प्रसाद पटेल सहित समस्त ग्राम पंचायत के सचिव मौजूद रहे।

# बारह फिट लंबा मगरमच्छ देख दहशत में ग्रामीण

**वन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद किया रेस्क्यू**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गांव के किनारे 12 फिट लंबा मगरमच्छ देख ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। आनन-फानन में घटना की सूचना वन विभाग को दी गयी। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को रेस्क्यू किया और बाद में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र स्थित बिहारीपुर गांव में मंगलवार रात करीब 12 फीट लंबा एक मगरमच्छ गंगा नदी से निकलकर गांव के मुहाने तक पहुंच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, जो लगभग चार घंटे तक चला। कड़ी मशक्कत के बाद टीम मगरमच्छ को पकड़ने में सफल रही। डीएफओ राजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार रात को बिहारीपुर गांव में मगरमच्छ होने की सूचना मिली थी। तत्काल वन क्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर उसे गांव भेजा गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से रात के समय चार घंटे तक रेस्क्यू चला। मगरमच्छ बार-बार पानी के बाहर आ रहा था और अंदर जा रहा था। जिससे रात में उसे पकड़ने में काफी दिक्कतें आईं। डीएफओ ने आगे बताया कि मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने के बाद उसे एक सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है।



मगरमच्छ का रेस्क्यू करती वन विभाग की टीम

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर तीसरे दिन किया टीईटी का विरोध



विरोध करते शिक्षकगण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड क्षेत्र के समस्त विद्यालयों में तीसरे दिन भी टीईटी का विरोध जारी रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

नवाबगंज विकास खंड परिसर में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर दो दिन पूर्व शिक्षकों ने टीईटी के विरोध में हुंकार भरी थी। जिसके चलते बुधवार को विकास खंड क्षेत्र के समस्त विद्यालय में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। जिसमें प्राथमिक विद्यालय रजपालपुर नहरोसा सिकंदरपुर, प्राथमिक विद्यालय कस्बा नवाबगंज सहित विकास खंड क्षेत्र के समस्त विद्यालय में टीईटी का विरोध जारी रहा। सभी शिक्षकों ने एक साथ हुंकार भरते हुए कहा कि कल 26 फरवरी को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। वहीं शिक्षकों ने बताया कि कल पूरे दिन बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और वहां से पैदल मार्च करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी शिक्षक नेता शालिग्राम गंगवार, पंकज यादव, संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, आनंद, प्रज्ञानंद शाक्य सहित समस्त शिक्षक ने दी है।

## उज्जवला योजना के तहत सौ महिलाओं को वितरित किये गये गैस कनेक्शन



महिला को गैस कनेक्शन देते विधायक व अन्य

**नवाबगंज समृद्धि न्यूज।** उज्जवला योजना के तहत सौ महिलाओं को गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रधानमंत्री नि:शुल्क उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत शिव पार्वती इंडियन गैस एजेंसी द्वारा १०० महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने किया। गैस कनेक्शन पाकर महिलाओं के चेहरे पर खुशी साफ दिखायी दी। इस मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 बी0के0 गंगवार, मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज, सुभाष चंद्र राजपूत, विनीत भारद्वाज, आदेश राठौड़, सुधीर राठौर, देशराज शाक्य, डॉ0 नीरज भारद्वाज, आकाश गुप्ता, योगेंद्र सिंह राठौड़, महावीर प्रसाद राठौर, अनिल शाक्य, इंडियन गैस एजेंसी की प्रोपराइटर रागिनी भारद्वाज, अखिलेश भारद्वाज एवं भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## चोरों ने शटर तोड़कर सर्राफा दुकान से उड़ाये लाखों के जेवर व नकदी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शातिर चोरों ने शटर तोड़कर सर्राफा दुकान से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। सूचना के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। चोरी की घटना से व्यापारियों में रोष है। मोहम्मदाबाद क्षेत्र के राठौरा बाजार में काशीराम कॉलोनी निवासी अमन वर्मा की सर्राफा की दुकान है। मंगलवार को शाम वह दुकान बंद कर घर चले गये थे। रात में शातिर चोरों ने किसी समय दुकान का शटर तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी पार कर दी। सुबह दुकान मालिक शिवजीत सिंह ने जब दुकान का शटर टूटा देखा, तो उन्होंने घटना की सूचना अमन वर्मा को दी। जिस पर तुरंत अमन वर्मा मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। चोरी की जानकारी मिलने पर क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र करवाए। पुलिस ने दुकान में लगे डीवीआर को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया गया है कि घटना के समय दुकान के सभी सीसीटीवी कैमरे बंद थे और बिजली की एमसीबी भी गिरी हुई थी। अमन वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। अमन वर्मा के अनुसार चोर लगभग 5 किलोग्राम चांदी, 20 ग्राम सोने के जेवरात और लॉकर में रखे करीब 30 हजार रुपये नकद ले गए।



जांच पड़ताल करते सीओ व फॉरेंसिक टीम आदि

फॉरेंसिक टीम की प्रारंभिक जांच में दुकान में तोड़फोड़ के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने लॉकर की चाबी का इस्तेमाल कर सामान निकाला होगा।

## खबरें एक नजर में

### स्टीयरिंग फेल होने से पलटा ट्रक, लगा जाम



ट्रक को सीधा करती क्रेन

**आसपास के लोगों ने खिड़की तोड़कर चालक को निकाला बाहर**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के बाईपास मार्ग पर बुधवार को एक ट्रक स्टीयरिंग फेल होने से पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक केबिन में फंस गया। ट्रक पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। उन्होंने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और ट्रक की खिड़की तोड़कर चालक नितिन कुमार को बाहर निकाला। चालक नितिन कुमार ने बताया कि वह हरियाणा से ट्रक में सामान भरकर मध्य प्रदेश के सतना जा रहे थे। सुबह करीब 4 बजे स्टीयरिंग फेल होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद सुबह दो क्रेन बुलाकर पलटे हुए ट्रक को सीधा किया गया। इस दौरान बाईपास मार्ग पर दोनों ओर करीब 1 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को भी देरी हुई। जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और अपने गंतव्य को रवाना हुए।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दो माह की थी गर्भवती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के श्रंगीरामपुर में बुधवार सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांव में इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। गांव में चर्चा है कि महिला ने जहर खाकर आत्महत्या की है। हालांकि परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी है। परिजनों के अनुसार महिला दो माह की गर्भवती थी। उसे तेज पेट दर्द हुआ। जिसके बाद उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### बेगार करने से मना करने पर मां-बेटी को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ज्योनी निवासी भगवान देवी को पुलिस घायल अवस्था में मेडिकल व इलाज के लिए सीएचसी लाई। जहाँ इलाज के दौरान घायल भगवान देवी ने बताया की पड़ोस की ही महिला उसकी 8 वर्षीय पुत्री से आये दिन कोई न कोई कार्य कराती है। बुधवार को भी पड़ोस की महिला ने काम करने के लिए कहा, तो उसकी पुत्री ने मना कर दिया। इसी बात पर आरोपित महिला उसे भला बुरा कहने लगी। जब पुत्री ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। यह देख महिला जब अपनी पुत्री को बचाने गई तो उस महिला का पति भी वहाँ आ गया। आरोप है कि उसने महिला के पेट पर लात मार दी जिसमें वह गिर पड़ी और घायल हो गई। उसने बताया वह सात माह की गर्भवती है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# कचहरी में अधिवक्ता पर युवक ने ताना तमंचा

**साथी वकीलों ने बचाया, किया पुलिस के हवाले**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फतेहगढ़ कचहरी परिसर में एक युवक ने अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर उन पर तमंचा तान दिया और हमला किया। शोर-शराबा होने पर साथी अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव कर अधिवक्ता की जान बचाई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया।

घटना बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के न्यू बस्ती सिविल लाइन मोहल्ला निवासी अधिवक्ता रोहिताश कुमार उपभोक्ता फोरम के निकट अपने चेंबर में कानूनी कार्य कर रहे थे, तभी आरोपी युवक अचानक उनके चेंबर में घुस आया। अधिवक्ता रोहिताश कुमार के अनुसार आरोपी युवक ने गाली-गलौज करते हुए उन पर कथित रूप से तमंचा तान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि युवक ने जान से मारने की धमकी देते हुए उनके साथ मारपीट भी की। शोर सुनकर आसपास के अधिवक्ता कुलदीप सिंह, अमित सिंह, प्रदीप सिंह सहित अन्य वकील मौके पर पहुंच गए। साथी अधिवक्ताओं ने किसी तरह हमलावर से तमंचा छीनकर स्थिति को नियंत्रित किया और घायल अधिवक्ता को बचाया। बताया जा रहा है कि घटना के कुछ देर बाद आरोपी के पिता भी मौके पर पहुंचे और कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी। अधिवक्ता रोहिताश कुमार ने युवक के खिलाफ जानलेवा हमले की फतेहगढ़ कोतवाली में तहरीर दी है। फतेहगढ़ प्रभारी रणविजय सिंह ने बताया कि युवक को पकड़ लिया गया है और उसके पास से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ है। अधिवक्ता की तहरीर पर जांच की जा रही है और जांच के उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।



पकड़ा गया आरोपी व इन्सेट में मेज पर रखा तमंचा

## हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा पर निकली शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर कस्बे में हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार सुबह 11:00 बजे भारत दास बाबा के प्राचीन मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 26 फरवरी को मूर्ति स्थापना और भंडारा प्रसाद के साथ इस महोत्सव का समापन होगा। शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर में विधि-विधान, मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने श्जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोषों के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया। यह शोभायात्रा कस्बे की प्रमुख गलियों से गुज़री। जहाँ जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएँ, युवा और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु हाथों में ध्वज और धार्मिक प्रतीक लिए चल रहे थे। वहीं कई स्थानों पर भजन मंडलियों ने भक्ति संगीत प्रस्तुत किया। आज 26 फरवरी को मूर्ति स्थापना और भंडारा प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



शोभायात्रा निकालते भक्तगण

# संदिग्ध परिस्थितियों में धू-धू कर जली बाइक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कंपिल थाना क्षेत्र के पुरौरी गांव में मंगलवार रात लगभग 1 बजे राजन दुबे की बाइक में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। घर के बाहर खड़ी बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

रात में तेज लपटें उठती देख ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। उन्होंने तुरंत पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि आग पर काबू पाने तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि आग बाइक तक ही सीमित रही और घर या अन्य किसी सामान को नुकसान नहीं पहुंचा। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित राजन दुबे, जो विजय कुमार के पुत्र हैं ने बताया कि खड़ी बाइक में अचानक आग नहीं लग सकती। उन्होंने आशंका जताई कि यह किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रंजिश के चलते किया गया है। राजन ने यह भी बताया कि उनका मकान कच्चा है और छत में लकड़ी की धन्नियां पड़ी हुई हैं। यदि आग धन्नियों तक पहुंच जाती, तो बड़ा नुकसान हो सकता था। राजन दुबे ने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देने की बात कही है।



जली हुई बाइक

वहीं घटना के संबंध में कंपिल थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि उन्हें अभी तक इस मामले की कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मौधा केंद्र पर परीक्षार्थी की जगह दूसरा युवक देने आया परीक्षा

**जानकारी होने पर पकड़ा, केंद्र व्यवस्थापक की लापरवाही से भागा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद के 79 केंद्रों पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षायें चल रही हैं। बुधवार को शक्ति सैनिक इंटर कालेज मौधा में इंटर की द्वितीय पाली में इंटर रसायन विज्ञान की परीक्षा थी। 1:30 बजे परीक्षा केंद्र का आंतरिक सचल दल छात्रों की चेकिंग करके उन्हें अंदर भेज रहे थे। इसी समय एक युवक ने प्रवेश पत्र दिखाया। आंतरिक सचल दल ने जब फोटो से मिलान किया, तो अलग निकला। शक होने पर उसे पकड़कर उससे पूछताछ की गयी, तो उसने सच्चाई से पर्दा उठा दिया। युवक ने अपने को कमालपुर का निवासी बताया। कहा कि वह नगला दलजीत सिंह निवासी छात्र के स्थान पर पेपर देने आया था। बाद में केंद्र व्यवस्थापक ने किसी कानूनी झंझट आदि से बचने के लिए केंद्र से भगा दिया। वहां तैनात सिपाही ने मामले की जानकारी मोहम्मदाबाद कोतवाल को दी। वहीं जब डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह से जानकारी की गयी, तो उन्होंने बताया कि प्रवेश पत्र में फोटो मैच न होने पर रोजाना ही परीक्षार्थियों को वापस किया जाता है। अन्य कागजात मंगवाए जाते हैं।



जानकारी देता पकड़ा गया सॉल्वर

परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट के बाद भी परीक्षा केंद्र पर प्रवेश देते हैं। सॉल्वर पकड़ने की बात गलत है। मोहम्मदाबाद कोतवाल विनोद शुक्ला का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि मौधा परीक्षा केंद्र पर 15 स्कूलों का सेंटर है।

# हाईटेंशन लाइन से किशोर की मौत

**आलू खुदाई के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चढ़ने से हुआ हादसा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक 13 वर्षीय किशोर की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। किशोर खेत में आलू की खुदाई करने गया था। जहां वह ट्रैक्टर ट्रॉली पर चढ़ गया और ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। यह घटना मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव महोरिक नगर में हुई। गंभीर रूप से घायल किशोर को परिजन तुरंत एक निजी वाहन से लोहिया अस्पताल ले गए। अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान महोरिक नगर निवासी रामू कुमार के 13 वर्षीय बेटे आदित्य के रूप में हुई है। आदित्य गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में मजदूरी पर आलू खोदने गया था। आलू की खुदाई के दौरान वह खेत में खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली पर चढ़ गया था।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टर दीपक तिवारी ने आदित्य को मृत घोषित किया। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया है कि आदित्य अपने दो भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके बड़े भाई का नाम निलेश जाटव है। मृतक के पिता रामू कुमार भी मजदूरी करते हैं और घटना के समय कोल्ड स्टोर में काम करने गए हुए थे। सूचना मिलने पर वह भी लोहिया अस्पताल पहुंचे। मृतक की मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हाईस्कूल में 1605 व इंटर में 980 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन परीक्षा केंद्रों पर रहा मुस्तैद**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद में चल रहीं बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में बुधवार को सुबह प्रथम पाली में हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 24723 परीक्षार्थियों में से 23118 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 1605 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं सायंकलीन द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान परीक्षा में 14732 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 13950 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 782 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार समाजशास्त्र की परीक्षा में कुल पंजीकृत 3026 परीक्षार्थियों में 2828 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 198 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सभी परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहा। सभी परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

जिसकी मॉनिटरिंग डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से की जा रही है। वही केंद्रों पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात रहे। इसके अलावा पुलिस बल भी तैनात रहा।

# खुलेआम हो रहा है बालू का अवैध खनन, खनन अधिकारी मौन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शासन की रोक के बावजूद खनन विभाग की सुस्ती के चलते बालू खनन का कारोबार खुलेआम खनन माफिया कर रहे है। यही नहीं बालू बेंचने वालों की अगर माने तो उनका कहना है कि निकल गये तो ठीक पकड़े गये तो सबका अपना-अपना हिस्सा है देना पड़ता है। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र याकूतगंज चौकी क्षेत्र में खुलेआम बालू का अवैध कारोबार हो रहा है। खनन माफियों ने अपनी दो स्कीमें बनायी है, एक डल्लफ के माध्यम से, बालू बेंचने वालों का कहना है कि डल्लफ से बालू ले जाने पर यदि कोई कहीं रोक लेता है तो पैसा देना पड़ता है, लेकिन थोड़े में मामला निपट जाता है और पकड़े जाने व कार्यवाही का बहुत कम डर रहता है। वहीं तरीका ट्रैक्टर से बालू रात के अंधेरे में डाली जाती है। डल्लफ से भी बालू पहुंचाने से पहले किसी के यहां पहुंचनी है उस जगह की जानकारी और किस पुलिस चौकी के क्षेत्र में आता है, यह सब जानकारी करने पर बालू पहुंचायी जाती है और यह सब काम प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक होता है। जबकि सरकार के सख्त निर्देश है कि वह किसी प्रकार का अवैध खनन नहीं होने दिया जाये और इसको लेकर जिलाधिकारी भी सख्त है, उनके भी निर्देश है कि कहीं पर भी अवैध तरीके से खनन नहीं होने दिया जाये, लेकिन उसके बावजूद खनन अधिकारी की मिलीभगत समझे या अनदेखी। जिसके चलते चाहें बालू हो या मिट्टी का खनन खुलेआम हो रहा है। इस संदर्भ में खनन अधिकारी संजय कुमार से क्षेत्रीय संवाददाता ने जानकारी करनी चाहीं तो उनकी ओर से कोई जबाव नहीं दिया गया।



बालू लेकर जा रहा बुग्गी चालक

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की डीएम ने ली बैठक



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की बैठक आयोजित की गई।

विकसित भारत रोजगार योजना का उद्देश्य देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना तथा स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। योजना के अंतर्गत उद्योगों एवं निजी प्रतिष्ठानों को नए रोजगार सृजन हेतु प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को कार्य के अवसर प्राप्त हो सकें। डीएम ने निर्देशित किया कि जनपद में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित विभागों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाये, योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को कौशल विकास प्रशिक्षण, रोजगार से जोड़ने तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जायेगी। योजना के अंतर्गत ऐसे प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहन दिया जायेगा जो नए कर्मचारियों की नियुक्ति करेंगे। योजना में प्रथम बार रोजगार कर रहे कर्मचारियों को एक माह का वेतन (15000 तक) मिलेगा। वहीं नियोक्ता को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिये प्रोत्साहन दिया जाएगा साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिये 02 साल के लिये विस्तारित लाभ दिया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना की जानकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाई जाए तथा पात्र युवाओं को योजना से जोड़ा जाए। जनपद के युवाओं से अपील की गई है कि वे इस योजना का लाभ उठाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी व सहायक श्रमायुक्त मौजूद रहे।

### विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की ली बैठक



बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 27 अक्टूबर 2025 से 24 फरवरी तक प्राप्त फार्मो के बारे में अवगत कराया कि अब तक कुल फार्म-6-53883, फार्म-7-1324 तथा फार्म-8-15443 प्राप्त हुए हैं। डीएम ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आलेख्य प्रकाशन अवधि में समस्त पात्र व्यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल कराने हेतु बूथ लेवल एजेंटों का सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया। डीएम ने समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराया कि वर्तमान में समस्त विधानसभाओं में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान नो मैपिंग तथा लॉजिकल डिस्पेन्सरीज वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई का कार्य चल रहा है। राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया अब तक जारी नोटिस-270358 के सापेक्ष 178647 मतदाताओ के नोटिस की सुनवाई पूर्ण की जा चुकी है। इस कार्य में किसी भी मतदाता को काई कठिनाई न हो इस बात का पूरा ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में भाजपा से मुकेश गुप्ता, सपा से सुभाष चन्द्र शाक्य, बसपा से रामरतन गौतम, आम आदमी पार्टी से अचल प्रताप सिंह, अपना दल एस चित्रांशु शुक्ला उपस्थित रहे।

# 28 ड्रोन दीदी एवं ड्रोन सहायकों का चयन



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बैठक लेते डीएम

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत नमो ड्रोन दीदी हेतु सीएलएफचयन हेतु जनपद स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जनपद के सभी 28 सीएलएफके माध्यम से 28 ड्रोन दीदी एवं ड्रोन सहायक के चयन की स्वीकृति प्रदान की गई, ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन के माध्यम से फसलों में यूरिया, कीटनाशक एवं अन्य उर्वरक आदि का छिड़काव करने का कार्य किया जाएगा। जिससे समय व श्रम की बचत होगी। चयनित ड्रोन दीदी को एन.आर.एल.एम. द्वारा 80 प्रतिशत अनुदान पर ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

> फसलों में यूरिया, कीटनाशक एवं अन्य उर्वरक आदि का किया जायेगा छिड़काव

# मांगों को लेकर संविदा कर्मचारी संघ ने पीएम को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते संविदा कर्मी

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर जनपद के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

जिलाध्यक्ष गौरव कुमार एवं जिला मंत्री नरेंद्र मिश्रा ने दिये गये ज्ञापन में मांग की है कि संविदा कर्मचारी बेहद कम मानदेय पर कार्य कर रहे हैं, जिनको 2025 की दीपावली से ही समय से वेतन नहीं मिल पा रहा, 3-4 माह तक वेतन रुक जाने के कारण अल्पवेतन भोगी कर्मियों को सर्वाइव करना मुश्किल हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को स्वास्थ्य आधारित बजट में 9-10 प्रतिशत की मांग की गई है। पोर्टल की तकनीकी खामियों को दूर कर देयकों का सुचारू रूप से कराया जाए। सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, ग्रेच्युटी एवं सेवा स्थिरता लागू की जाएं। मानकों के अनुसार पद सृजन एवं समायोजन भारत सरकार के आईपीएच मानकों के अनुसार आबादी के अनुपात में नवीन पदों का सृजन किया जाए। 10 वर्ष या उससे अधिक की निरंतर सेवा पूर्ण कर चुके कार्मिकों के नियमितीकरण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशानुसार विभिन्न राज्यों की तरह कार्मिकों का नियमितीकरण कराया जाए। सेवा प्रदाता कंपनियों में कार्यरत कर्मियों को जिला स्वास्थ्य समिति में शामिल किया जाए। स्थानांतरण नीति बनाकर कर्मचारियों का ग्रह जनपद में स्थानांतरण किया जाए। इस मौके पर अभिषेक बाजपेई, साबिर हुसैना नाजिया, रेनू मिश्रा, रैना श्रीवास्तव, अखिलेश, राजीव दीक्षित, योगेंद्र, प्रदीप पाल, रत्नेश, सुमित, सबनम, दीप्ति यादव आदि संविदा कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# मुस्लिम महासंघ ने सलमान खुर्शीद को राज्यसभा भेजने की उठायी मांग



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बैठक में मौजूद पदाधिकारी

अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ की बैठक संगठन के उपाध्यक्ष मोहल्ला सिविल लाइन निवासी बाबर खान के आवास पर संपन्न हुई। अध्यक्षता हाजी मोहसिन शम्सी ने की व संचालन तारीख बशीर ने किया। हाजी वसीम मुजम्मा खान ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे से सलमान खुर्शीद को राज्यसभा का प्रत्याशी घोषित किए जाने की मांग की। इंजीनियर इलियास खान, रिजवान अहमद ताज आदि दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी के आला नेताओं से अपील की कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद को इस बार राज्यसभा में भेजकर उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में सलमान खुर्शीद एक जाना पहचाना चेहरा है। जिसको राज्यसभा में होने से अल्पसंख्यक, ओबीसी, एसटी/ एससी तपके की राज्यसभा में मुखर तरीके से सत्ता पक्ष के सामने अपनी बात पूरी दमदारी से रखने की सलैयत रखते हैं। ऐसे नेता का राज्यसभा में होना न्याय जरूरी है। मुस्लिम महासंघ की मांग है कि अतिशीघ्र पार्टी सलमान खुर्शीद के नाम का ऐलान करें।

# एक माह से फूटी पड़ी पाइप लाइन लाखों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



टूटी पाइप लाइन से बहता पानी

बीते एक माह से नगर पालिका की लापरवाही के कारण फूटी पाइप लाइन से लाखों लीटर पानी बर्बाद हो चुका है। जहां एक ओर कुछ मोहल्लों में पानी के लिए लोग तरस रहे है, वहीं शहर के मुख्य मार्ग बद्री विशाल महाविद्यालय के पास अंडियाना जाने वाले मार्ग पर पाइप लाइन फूटी है। सड़क तक रोजाना पानी भरा रहता है, लोग पानी में घुसकर निकलते है, कई वाहन भी पलट चुके है और लोग चुटहिल भी हुए है। टेंपों व ई-रिक्शा के अलावा बाइक सवार भी टूटी पाइप लाइन के ऊपर से निकलते है। जिससे पुलिया जमीन में धस गयी है। सड़क भी कई मीटर जमीन में धसी है। ऐसे में बड़ा हादसा होने की आशंका है। जलकल विभाग की लापरवाही सामने दिखायी पड़ रही है। इस संबंध में बद्री विशाल महाविद्यालय की ओर से नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को भी अवगत कराया गया है, पर अभी तक टूटी हुई पाइप लाइन का हाल लेने कोई कर्मचारी नहीं आया है, जबकि नगर पालिका के चेहते लोगों की समस्या बहुत जल्द समाधान किया जाता है। ऐसे में आम जन मानस की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

## खबरें एक नजर में

### बिजली विभाग की लापरवाही: टूटा खंभा दे रहा हादसे को दावत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विद्युत विभाग की लापवाही के चलते कभी भी टूटा बिजली का पोल बड़े हादसे का कारण बन सकता है। टूटे पोल को लेकर जहां एक तरफ मोहल्ले वासियों में रोष व्याप्त है, वहीं कोई अप्रिय घटना घटित न हो उसके लिए चिंतित भी है। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ के मोहल्ला सिविल लाइन 1/185 निवासी कमलेश पत्नी बलराम सिंह ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड भोलेपुर को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि घर के बाहर एक क्षतिग्रस्त बिजली का खम्भे लगा हुआ है। जिससे बिजली के तार लटकर मेरे छत पर व गली में लटक रहे हैं। किसी भी समय कोई गम्भीर दुर्घटना घटित हो सकती है। मेरे बच्चे भी छतों पर खेलते हैं जो कभी भी बिजली के तारों की चपेट में आ सकते हैं। क्षतिग्रस्त बिजली के खम्भे की शिकायत करने पर विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त खम्भे के पास ही एक नवीन खंभा लगा दिया गया है, परन्तु अभी तक क्षतिग्रस्त खम्भे से तार खोलकर नये खम्भे पर स्थापित नहीं किये गये हैं। इसकी सूचना कई बार स्थानीय अवर अभियन्ता को दे चुकी है। परन्तु अवर अभियन्ता बराबर टाल मटोल कर रहे हैं। अगर क्षतिग्रस्त खम्भे से लटके तारों से कोई गम्भीर घटना घटित होती है तो इसकी जिम्मेदारी अवर अभियन्ता व बिजली विभाग की होगी। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि टूटे पोल को हटवायें और नये खम्बे पर बिजली के तारों को शिफ्ट करें। उसके बाद ही बिजली आपूर्ति की जाये।

### लोक अदालत की तैयारी बैठक में राजस्व के कुल 105454 मामले चिन्हित



बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार के निर्देशन में प्रशासनिक मामलों से सम्बन्धित तैयारी बैठक संजय कुमार अपर जिला जज नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एडीआर भवन में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन प्रियंका गांधी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण होने योग्य राजस्व,चकबन्दी, लघु फौजदारी, विद्युत विभाग आदि राजस्व मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। राजस्व वाद 262 मामले, फौजदारी वाद 813 मामले एवं प्रकीर्ण वाद 104379 मामले कुल 105454 मामले प्रशासन की ओर से चिन्हित किये गये। तैयारी बैठक में रवीन्द्र सिंह एसडीएम न्यायिक सदर, कामता प्रसाद वर्मा एसीओ चकबन्दी, मनीष वर्मा उपखण्ड अधिकारी, रवि पाण्डेय उपखण्ड अधिकारी, विनोद कुमार उपखण्ड अधिकारी, राधारमन आदि प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हुये।

### पिकअप व टेंपो की आमने-सामने भिड़ंत, चालक घायल

राजेपुर, समृद्धि न्यूज। कस्बा अमृतपुर स्थित बस अड्डे पर पिकअप व टेंपो की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार टेंपो चालक श्रवण कुमार निवासी भरखनी अपने टेम्पो से वासी अड्डा की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने टेंपो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्हें तत्काल उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के चलते बस अड्डे के आसपास कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में तेज रफ्तार और अव्यवस्थित यातायात के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से बस अड्डे के पास ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने और नियमित पुलिस निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# जनपद का नाम बदलने के प्रयास को लेकर 21,850 हुए हस्ताक्षर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।




हस्ताक्षर बैनर दिखाते अंकित तिवारी व राजेश मिश्रा

हिंदू समाज पार्टी द्वारा आम जनमानस के भावना के जुड़ा मुद्दा फर्रुखाबाद का नाम बदलकर ऐतिहासिक व पौराणिक नाम पांचाल नगर करने के लिए चलाए गए हस्ताक्षर अभियान का समापन करने की घोषणा की गई।

हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने यह तय किया है की हस्ताक्षर अभियान के समापन के बाद अब होलिकोत्सव पर्व के बाद सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को हस्ताक्षरित प्रपत्रों की छायाप्रति एवं नाम संशोधन प्रस्ताव को देने के लिए पदाधिकारी जायेंगे। जनपद का नाम बदलने का प्रयास आम जनमानस का है। जिसको लेकर हर व्यक्ति इस अभियान में जुड़ा, 21,850 हस्ताक्षर हुए हैं। राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश मिश्रा ने हस्ताक्षर करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आम जनमानस ने प्रयासपूर्वक हस्ताक्षर किए हैं, वह सराहनीय है। जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि जनभावना का आदर करते हुए अब सरकार को भी इस पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

# शोकाकुल परिवार का दुःख बांटने पहुंचे सपा नेता, की आर्थिक मदद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



पीड़ित पिता को चेक सौंपते अजीत यादव

विगत दिनों मुरैठी निवासी प्रियांशु परीक्षा देकर लौट रहा था। उसी समय रोडवेज बस की चपेट में आ जाने से उसकी मृत्यु हो गई थी। प्रियांशु अपने पिता का इकलौता बेटा तथा चार बहनों का इकलौता भाई था। पिता मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। जिला संगठन की तरफ से जिला महासचिव इलियास मंसूरी एवं जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने पार्टी संगठन की तरफ से आंशिक सहायता के रूप में 21 हजार रुपए का चेक पीड़ित परिवार को दिया। प्रियांशु की चारों बहनों को भरोसा दिया कि आज से हम आपके भाई हैं, आपके शादी विवाह में सम्मिलित होकर भाई का फर्ज निभाएंगे। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने परिवार को भरोसा दिलाया राष्ट्रीय अध्यक्ष के संज्ञान में भी आपकी स्थिति को लाया जाएगा और भविष्य में भी इस परिवार के साथ समाजवादी पार्टी खड़ी रहेगी। इस दौरान सपा जिला सचिव/प्रधान मुरैठी पियूष यादव, राजपाल यादव, जिला सह प्रवक्ता राधेश्याम सविता आदि मौजूद रहे।

# जसमई चौराहा बाईपास मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के राष्ट्रीय संस्थापक/अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन भेजकर मांग की है कि जनपद में जनप्रतिनिधियों, सांसद, विधायक से मांग करता है घर बैठकर जनता की नौकरी घर बैठ कर न करें। क्षेत्र में भ्रमण कर जनता के हितों व विकास को नई दिशा दें। जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक अपने क्षेत्र से मतलब नहीं रखते है। कायमगंज व सदर आदि के प्रतिनिधि अपने क्षेत्र में भ्रमण नहीं करते है। जिससे जनता को परेशानी होती है। बाईपास चौराहा जसमई दरवाजा तक दुकानदारों ने नाले के ऊपर अवैध अतिक्रमण कर नाले के ऊपर अवैध रूप से निर्माण कर लिया है। इस कारण नाला आये दिन चोक होता रहता है। काफी शिकायत करने के उपरान्त ही नाले की सफाई थोड़ी सी कर दी जाती है। जिससे गंदा पानी निकल जाये। आठ-आठ दिन सड़क के ऊपर नाले का गंदा पानी बहता रहता है। जसमई दरवाजा पर ही दुर्वासा आश्रम शिव मंदिर भी है। जनता को गंदे पानी में घुसकर मंदिर परिसर में जाना पड़ता है। करीब दो सौ मीटर सड़क में लगभग 1-1 फिट के गड्ढे हैं सड़क का निर्माण कराया जायें। नाले पर अवैध कब्जा कर रखा है। उसको तत्काल हटवा दिया जायें। दो सफाई कर्मचारी सड़क व नाला सफाई के लिये नियुक्त किये जाये। इस संबंध में सांसद, विधायक व नगर पालिका को भी अवगत कराया गया था। अपने स्तर से पल्ला झाड़ लेते है। उस मार्ग पर निकलने वालों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# ओवरलोड माल ढोने के अभियोग में दो ट्रक सीज

- ओवरलोड माल ढोने के अभियोग में 209 डी.एल. निलम्बित
- बकाया कर के अभियोग में 3 ट्रक सीज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते परिवहन अधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान ओवरलोड माल ढोते हुये 2 ट्रक सीज किये गये व उन पर रू0 69 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बकाया कर के अभियोग में 3 ट्रक सीज किये गयेए जिन पर रू0 95 हजार का कर बकाया था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह-जनवरी 2026 तक ओवर लोड वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये 218 वाहनों का चालान तथा 140 वाहन निरूद्ध किये गये, जिनके सापेक्ष रू0 84.02 लाख प्रशमन शुल्क वसूल किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 में ओवरलोड माल ढोने के अभियोग में 209 डी.एल. निलम्बित किये गये हैं।

परिवहन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह जनवरी 2026 तक प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये 3993 वाहनों का चालान तथा 879 वाहन निरूद्ध किये गये, जिसके सापेक्ष प्रशमन शुल्क रू0 194.27 लाख तथा कर रू0 77.05 लाख के रूप में कुल रू0 271.72 का राजस्व वसूल किया गया है, जबकि जनपद में निरूद्ध किये गये वाहनों को खड़े करने हेतु थानों में स्थान की कमी है। भविष्य में भी ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# व्यापारियों ने मुकदमा वापसी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा व्यापारियों पर लगाये गये फर्जी मुकदमा को समाप्त करने के व भ्रष्टाचार में लिप्त चौकी इंचार्ज बजरिया पर कार्यवाही एवं निलम्बित करने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर उद्योग व्यापार मण्डल ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

सीएम को भेजे गये ज्ञापन में दर्शाया कि थाना मऊदरवाजा में धारा 191 (2), 191 (3), 190/223/287 पुलिस द्वारा फर्जी तरीके से व्यापारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि व्यापार मंडल मिश्रा गुट के व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को थाना मऊदरवाजा की बजरिया चौकी इंचार्ज व एक सिपाही के विरुद्ध भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एक ज्ञापन के माध्यम से जांच कराने की मांग की गई थी। जिस पर एक सप्ताह में अगर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो धरना प्रदर्शन करने की भी बात ज्ञापन के माध्यम से कही गई थी। एसपी ने एक सप्ताह तक कोई संज्ञान नहीं लिया। जिसके विरोध में शांति पूर्वक मशाल जुलूस निकाला गया था। जिसमें किसी प्रकार की कोई शांति व्यवस्था नहीं बिगड़ी थी एवम कानून व्यवस्था व भगदड़ नहीं मची थी न कोई दुकानें बंद हुई थी। जिसकी जांच उस क्षेत्र के व्यापारियों व वहां की जनता से की जा सकती है, जबकि अनेकों वर्षो से राजनीतिक दलों द्वारा एवं अन्य संगठनों द्वारा जनपद में मशाल जुलूस निकाले गए है, कभी भी इस तरह प्रशासन द्वारा मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया, क्योंकि यह मशाल जुलूस पुलिस के भ्रष्टाचार के विरुद्ध था इस लिए पुलिस ने अपनी बदनामी के भय से तथा भविष्य में कोई पुलिस के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज न उठा पाए इस कारण जल्द बाजी में फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया। जिसमें 15 नाम दर्ज व 5 से 7 अज्ञात व्यापारियों के नाम है। व्यापारियों ने फर्जी मुकदमे को तत्काल वापस किया जाने की मांग की। वहीं मुकदमे के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर मऊदरवाजा राहुल कुमार मुकदमे में नाम दर्ज व्यापारी को थाने में बुलाकर रूपयों की मांग कर रहे है, रुपए न देने पर जंबरिया पकड़ कर 151 में जेल भेज रहे है। कई व्यापारियों को जेल भेज भी चुके है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ है जो अज्ञात है, उनके लिए जो व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारी है या सहयोगी मिलने वाले है जिनका इस मुकद्दमा से कोई सम्बन्ध नहीं है उन व्यापारीयो को फोन करके और उनके घर दबिश देकर दरोगा राहुल कुमार 10 हजार रूपये की मांग कर रहे है न देने पर सबको जेल भेजने की धमकी दे रहे है और मुकदमा वापस करने की व्यापारियों ने मांग की है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जिला महामंत्री नरेश पालीवाल जी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार कनौजिया लालू जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू गौतम नगर अध्यक्ष हाजी मो0 इ?लाक खान नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, महिला नगर अध्यक्ष प्रीती गुप्ता, राम जी पाठक, सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा, ठा. सर्वेंद्र सिंह, आनंद कुमार, मुन्ना गुप्ता, मनोज कुमार, अरुण अग्निहोत्री, हेमलता मिश्रा, अनीता शर्मा, सीता भदौरिया, डॉ. महेंद्र कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेले में 20 अभ्यार्थियों का चयन



प्रशिक्षण देते अभ्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 04 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। रिक्तियां 150 के सापेक्ष 32 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 32 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर 20 अभ्यर्थियों का चयन किया। जिसमें फियम इन्ड्रस्ट्री लि0 अलवर राजस्थान-14 जॉब ट्रेनी, टाटा मोटर्स लि0 पन्तनगर उत्तराखण्ड-03 अप्रेन्टिसशिप ट्रेनी, यूनो मिण्डा प्रा0लि0 गुजरात-03 जॉब ट्रेनी, कर्वस्टोन इन्फारास्ट्रक्चर सर्विस लि0 गाजियाबाद-00 के लिए चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, बृजेश कुमार कार्यदेशक, सुनील कुमार प्लेसमेन्ट प्रभारी, रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो एंव समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

### कार्रवाई के बजाय सुलहनामा कराने की कोशिश

# शिकायत वापसी के एवज में महीनों का बकाया पुष्टाहार देने को तैयार हुईं सीडीपीओ

- वितरक-सीडीपीओ की मिलीभगत के आरोप, जांच में गड़बड़ी उजागर
- लखीमपुर खीरी के लाल्हापुर में पुष्टाहार घोटाले की बू....



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

लखीमपुर खीरी के कुंभी ब्लॉक की ग्राम पंचायत लाल्हापुर में बाल पुष्टाहार वितरण को लेकर बड़ा खेल सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि आंगनबाड़ी तंत्र से लेकर विभागीय अधिकारी स्तर तक मिलीभगत के कारण वर्षों से पात्र परिवारों को उनका हक नहीं मिल पा रहा था। शिकायत के बाद हुई जांच में अनियमितताएं उजागर होने के बावजूद ठोस कार्रवाई न होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

**दर्जनों परिवारों को नहीं मिला पूरा हक**

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में कई दर्जन परिवार ऐसे हैं जिन्हें नियमित रूप से पुष्टाहार नहीं दिया गया। कुछ परिवारों को महीनों तक वितरण नहीं हुआ, तो कुछ को आधी मात्रा देकर औपचारिकता पूरी कर दी गई। लाभार्थियों का आरोप है कि जब भी उन्होंने पूरा पुष्टाहार मांगा तो यह कहकर टाल दिया गया कि 'ऊपर से ही पूरा सामान नहीं आता।' ग्रामीणों के मुताबिक पुष्टाहार वितरक मुन्नी हर बार वितरण स्थल बदल देती थी। कभी किसी के घर, तो कभी किसी अन्य स्थान पर सीमित लोगों को सूचना देकर चुपचाप वितरण कर दिया जाता था। इससे अधिकांश पात्र परिवारों को जानकारी ही नहीं हो पाती थी और वे अपने अधिकार से वंचित रह जाते थे।

**शिकायत के बाद भी लटकती रही जांच**

मामले में लिखित शिकायत होने के बाद भी कई दिनों तक जांच टलती रही। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत दबाने की कोशिश की गई। 20 फरवरी को शिकायत की गई थी और 25 फरवरी को जब सीडीपीओ गमला पंचायत घर लाल्हापुर जांच के लिए पहुंचीं, तो बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी-अपनी शिकायत लेकर मौके पर जमा हो गए। मौके पर ग्रामीणों ने खुलकर बताया कि लंबे समय से वितरण में गड़बड़ी हो रही है। उपस्थित लोगों का कहना है कि जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं और प्रथम दृष्टया दोष सिद्ध भी हुआ।

**कार्रवाई नहीं, सुलह का दबाव**

ग्रामीणों और शिकायतकर्ता का आरोप है कि गड़बड़ी उजागर होने के बावजूद कठोर कार्रवाई के बजाय शिकायतकर्ता और वितरक के बीच सुलहनामा कराने की कोशिश की गई। यहां तक कि बीते वर्षों का बकाया पुष्टाहार देने का आश्वासन देकर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जांच के दौरान अधिकारी और वितरक के बीच नजदीकी साफ दिखाई दी, जिससे मिलीभगत की आशंका और मजबूत हो गई है। पंचायत में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर भारी आक्रोश है और लोग इसे गरीब बच्चों व गर्भवती महिलाओं के अधिकारों पर सीधा हमला बता रहे हैं।

**बीडीओ ने दिए सख्त कार्रवाई के संकेत**

मामले में ब्लॉक कुंभी के खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है और पूर्व में भी शिकायत प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि अब ब्लॉक स्तर से जांच टीम गठित कर पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## ईदगाह मोहल्ले में छत के रास्ते घुसे चोर सात लाख की नकदी-जेवर लेकर फरार



**लखीमपुर खीरी।** शहर के मोहल्ला ईदगाह में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर करीब सात लाख रुपये की नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय शुभम सिंह पुत्र संजय सिंह के परिवार के सभी सदस्य पास स्थित दूसरे घर पर थे। सूना मकान देख चोरों ने सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित शुभम सिंह ने बताया कि घर की सुरक्षित अलमारी में रखे लगभग चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, जिनमें चेन, झुमके, नाक की बाली, पायल सहित अन्य आभूषण शामिल थे, गायब हैं। इसके अलावा करीब तीन लाख रुपये नकद भी चोरी हो गए। सुबह जब परिवार घर लौटा तो ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। चोरी वाले मकान से सटा हुआ प्रतीक श्रीवास्तव का नया मकान निर्माणाधीन है। मौके पर लोहे की रॉड और सरिया पड़ी मिली, जिनसे दरवाजों के ताले और अलमारी तोड़ी गई। छत का जाल खुला पाया गया है। आशंका जताई जा रही है कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और वारदात के बाद उसी रास्ते से फरार हो गए। सूचना मिलते ही सुबह अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम तथा कोतवाली राजेश सिंह फॉरेंसिक दल के साथ मौके पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। चोर घर में लगे निगरानी कैमरों का अभिलेख यंत्र भी अपने साथ ले गए हैं। पुलिस आसपास लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

## खबरें एक नजर में

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार




**ईसानगर, खीरी।** खमरिया थाना पुलिस ने अवैध असलहे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। यह कार्रवाई खीरी पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन में की गई। प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. राय के नेतृत्व में थाना खमरिया पुलिस टीम ने 25 फरवरी 2026 को आरोपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजेश कुमार उर्फ बगडू पुत्र रामऔतार उर्फ गुल्ले निवासी ग्राम विचला बरैती, थाना तम्बौर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना खमरिया पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल अवधेश बहादुर सिंह एवं कांस्टेबल अरविन्द गौतम शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि जनपद में अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### ब्रजदेव एथनोल प्लांट का राष्ट्रीय महासचिव ने किया उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सेमरिहा गांव स्थित ब्रजदेव एथनोल प्राइवेट लिमिटेड दो लाख लीटर एथनोल उत्पादन प्लांट का मंगलवार की रात्रि में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने उद्घाटन किया उद्घाटन समारोह के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद ने कहा की यह अत्याधुनिक परियोजना आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हुए तेल आयात पर निर्भरता कम करेगी पर्यावरण संरक्षण का बढ़ावा देगी तथा गन्ना मक्का किसानों की आय में वृद्धि का नया मार्ग प्रशस्त करेगा क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलेगा केंद्र और प्रदेश सरकार उद्योगो को बढ़ाया देने के लिए प्रतिबद्ध है यह एथनोल उत्पादन इकाई ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के साथ साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार नए अवसर सृजित करेगी एथनोल उत्पादन में प्रयुक्त कृषि उपज की मांग बढ़ाने से क्षेत्र के किसानों को भी लाभ मिलेगा इस प्रेरणादायी पहल के लिए उधामी देवेश गिरि को बधाई दिया इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उद्योगपति स्थानीय नागरिक और भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे रोजगार और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया ब्रजदेव एथनोल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक देवेश गिरि ने अतिथियों का स्वागत किया है इस दौरान सांसद भदोही विनोद बिंद, सोहन श्री माली,नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा, रमाशंकर पटेल, रिंकी कोल, सुचिस्मिता मौर्य, एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, मौजूद रहे ।



### सैनेटरी पैड उत्पादन केंद्र इकाई व विंध्य मार्ट का छानबे विधायक ने किया उद्घाटन

**हलिया (मिर्जापुर) ।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत भटवारी में पंचायत भवन परिसर में मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाए गए सैनेटरी पैड बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सैनेटरी पैड उत्पादन के लिए लगायी गयी मशीन का बुधवार को छानबे विधायक रिंकी कोल ने फीता काटकर उद्घाटन किया है सैनेटरी पैड उत्पादन केंद्र से महिलाओ के लिए सैनेटरी पैड तैयार किया जायेगा और विकास खंड में सैनेटरी पैड की बिक्री किया जायेगा उद्घाटन समारोह को छानबे विधायक ने सम्बोधित करते हुए कहा की महिलाए आत्मनिर्भर बन रही है और रोजगार मिल रहा है महिलाये हर मामले में आगे बढ़ रही है सैनेटरी पैड उत्पादन इकाई का संचालन क्रांति महिला समूह की महिलाओ द्वारा संचालन किया जा रहा है कार्यक्रम को बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा की ग्राम पंचायत भटवारी में सैनेटरी पैड उत्पादन इकाई से पुरे क्षेत्र में आपूर्ति कराया जायेगा इसके बाद ग्राम पंचायत गुर्गी के राजस्व गांव बडौही गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा बनाए गए विंध्य मार्ट का छानबे विधायक रिंकी कोल ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया विंध्य मार्ट के प्रमुख आकर्षण उत्पाद समूह की महिलाओ द्वारा निर्मित बनारसी साड़ी, सरसो तेल, लहसुन अचार, हरा मिर्च अचार, मोटा मिर्च अचार आवला अचार, नींबू आचार बल्ब, अगरबत्ती सहित अन्य सामान की बिक्री किया जायेगा इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव,एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद,सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान भटवारी राजेश मौर्य, गुर्गी रमेश कुमार मौर्य, अपना दल एस नेता शशिकांत पटेल, लालजी मौर्य, बीएमएम भूपेंद्र शुक्ला, रामदयाल,रामलोचन आदि मौजूद रहे।




### महिला सहित 3 वर्षीय बालक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के मेजा ददरी बांध के नीचे बाइक पर पीछे बैठी महिला तथा उसका 3 वर्षीय बालक बुधवार को गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए महिला के ससुर ने घायल महिला तथा बालक को बाइक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद महिला के दाहिने पैर की गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया संतनगर थाना क्षेत्र के पड़रिया कला गांव निवासी 22 वर्षीया सुमन अपने 3 वर्षीय बच्चे अरुण को लेकर बाइक से अपने ससुर लालचंद के साथ हलिया थाना क्षेत्र के बेदउर गांव अपने मायके जा रही थी।

## होली फीकी, किसान मजदूर मायूस, बकाया गन्ना भुगतान न होने से ठप पड़ी पेराई रफ्तार

- खेतों में खड़ा 30% से अधिक गन्ना, 60-80 करोड़ तत्काल भुगतान की मांग



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** होली का त्योहार सिर पर है, लेकिन क्षेत्र के किसानों और मजदूरों के चेहरों पर उत्साह की जगह चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। बजाज ग्रुप के अधीन संचालित गोला चीनी मिल द्वारा बकाया गन्ना भुगतान न किए जाने से हालात गंभीर होते जा रहे हैं। भुगतान में देरी के कारण किसान गन्ना मिल तक पहुंचाने में असमर्थ हैं, जिससे मिल की पेराई रफ्तार भी प्रभावित हो रही है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित ने कहा कि खेतों में पर्याप्त मात्रा में गन्ना खड़ा है, लेकिन भुगतान की धीमी गति ने किसानों का भरोसा डगमगा दिया है। उनका कहना है कि यदि नवंबर माह का बकाया एकमुश्त जारी कर दिया जाए तो किसानों का विश्वास लौटेगा और गन्ने की आपूर्ति स्वतः बढ़ जाएगी। उन्होंने अनुमान जताया कि वर्तमान में करीब 30 प्रतिशत से अधिक गन्ना अभी भी खेतों में खड़ा हुआ है।

## ‘वसुधैव कुटुम्बकम्’ का संदेश, रंगोली, चित्रकला व लोकनृत्य में दिखा युवा उत्साह

- भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में सांस्कृतिक एकता की गूंज, साझा किए सफलता के सूत्र



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) के तत्वावधान में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के अंतर्गत युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गोल्डेन जुबली हॉल में बुधवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगोष्ठी, रंगोली, चित्रकला और लोकनृत्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का सजीव प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अतिथियों के स्वागत, सरस्वती वंदना और कुलगीत की प्रस्तुति के बाद उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी ने महोत्सव की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसकी सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा प्रियांशी ने नेपाली नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि वर्षा, कोयल और पूनम ने थारू जनजातीय नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। लवी ने कजरी नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार, विभाग प्रभारी राजनीति शास्त्र, ने भारत-नेपाल संबंधों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनयिक आयामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंधों की मजबूती उनकी सांस्कृतिक निरंतरता में निहित है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी विरासत के संरक्षण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। इसके बाद नैना गुप्ता ने कत्थक शैली में होली नृत्य और जनजातीय होली नृत्य की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत-नेपाल की मित्रता हमारी साझा लोकसंस्कृति की जीवंत पहचान है और ऐसे आयोजन आपसी संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ. हेमन्त कुमार पाल ने ‘वसुधैव कुटुम्बकम्’ की भावना को रेखांकित किया और कहा कि यह महोत्सव सांस्कृतिक एकता को नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है, जो भारत और नेपाल के बीच प्रेम और सौहार्द को और प्रगाढ़ बनाता है। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## होली-ईद पर शांति व्यवस्था को लेकर नकहा चौकी में पीस कमेटी की बैठक

- अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** खीरी थाना की नकहा चौकी परिसर में आगामी होली और ईद त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने की। इस दौरान नकहा चौकी इंचार्ज सत्येंद्र वर्मा, उपनिरीक्षक राहुल कुमार सहित क्षेत्र के धर्मगुरु, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष ने कहा कि होली और ईद दोनों पर्व सौहार्द और एकता के प्रतीक हैं। किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्ट या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चौकी इंचार्ज सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि त्योहारों के दौरान जुलूस मार्गों, प्रमुख बाजारों और संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। ईद की नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं व नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र की परंपरा आपसी सद्भाव की रही है और इसे कायम रखा जाएगा। अंत में पुलिस ने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### आपसी भाईचारे के साथ मनाएं होली, शांति भंग करने वालों पर होगी सख्ती : एसडीएम मितौली



**मैगलगंज (खीरी)।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में एसडीएम मितौली तथा क्षेत्राधिकारी मितौली यादवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें गणमान्य नागरिकों, ग्राम प्रधानों और मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्र के 155 होलिका दहन स्थलों की निगरानी के निर्देश दिए गए तथा पांच चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का आग्रह किया।

### बरवर चौकी क्षेत्र में ओवरलोड व ओवरहाइट वाहनों पर ढील बढ़ रहे हादसे

**पसगवां-खीरी।** पसगवां थाना क्षेत्र की बरवर चौकी इलाके में ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों पर प्रभावी रोक न लग पाने से सड़क हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कुछ दिन पूर्व मोहम्मदी-पुवायां मार्ग पर बैरियल के पास ओवरलोड वाहन के स्कूली वाहन पर पलटने की घटना में कई बच्चे सवार थे, जो बाल-बाल बच गए थे। घटना के बाद स्थानीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह की पहल पर अधिकारियों की बैठक हुई थी, जिसमें लोक निर्माण विभाग, एसडीएम मोहम्मदी और क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे थे तथा कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि बैठक के बाद दो-तीन दिन अभियान चला, लेकिन फिर से बरवर के तीन सेंटरों से ओवरलोड व ओवरहाइट वाहन धड़ल्ले से गुजरने लगे हैं।

### विष्णु महायज्ञ पूर्णाहुति व भंडारे के साथ आज होगा समापन



**बिजुआ खीरी।** क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्ध बाबा स्थान रसूल पनाह में आयोजित विष्णु महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। एक ओर जहां परिसर में स्थापित विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। वहीं पौराणिक विशाल बट वृक्ष में भगवान गणेश की आकृति श्रद्धा और विश्वास की भावना को सबल बना रही है। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस देव स्थान से मांगी गई मन्नत अवश्य पूरी होती हैं। विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत रामापुर के सिद्ध बाबा देव स्थान पर शुक्रवार से प्रारंभ हुए विष्णु महायज्ञ में अयोध्या से आए संत विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों से यज्ञ में आहुतियां डलवाई जा रही हैं। मंत्रोच्चार की ध्वनि से वातावरण भक्ति मय बना है। श्रद्धा भाव के साथ लोग यज्ञ की परिक्रमा में शामिल हो रहे हैं। वहीं दिन और रात में हो रही श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए क्षेत्र के कई गांव के लोग पहुंच रहे हैं। यज्ञ स्थल पर मेले जैसा दृश्य है। यह आयोजन समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया गया है। जिसका समापन गुरुवार को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ किया जाएगा।

### अंगूर लदी ट्रक पशुओं को बचाने में पलटी, चालक सहचालक बाल-बाल बचे

**हलिया (मिर्जापुर )।** लालगंज थाना क्षेत्र का देहात कोतवाली और लालगंज सीमा पर स्थित वाराणसी रीवा हाईवे पर मिलिट्री कंपाउंड के सामने बुधवार की भोर अवारा पशुओं को बचाने के चक्कर में अंगूर लगी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। संयोग ठीक था की चालक सहचालक बाल बच गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। 35 वर्षीय चालक राजेश कुमार यादव निवासी बेला नई बस्ती सतना मध्य प्रदेश ने बताया कि सहचालक अरविंद कुमार के साथ पड़हरपुर से अंगूर लादकर वाराणसी जा रहा था कि एकाएक आवारा पशु रोड पर आ गए। पशुओं को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए गड्ढे में पलट गई।

## लालापुर में सफाई व्यवस्था बदहाल, एटीएम के सामने खुली नाली बनी मुसीबत



**सिंगाही खीरी।** विकास खंड निघासन क्षेत्र की ग्राम पंचायत लालापुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई है। गांव और बेलरायां बाजार में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा है, जिससे ग्रामीणों और व्यापारियों में रोष व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि सफाई कर्मी नियमित रूप से गांव में नहीं आते। कई बार फोन करने के बावजूद सफाई कर्मी फोन तक नहीं उठाते, जिससे समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। सबसे चिंताजनक स्थिति बाजार स्थित एटीएम के सामने है, जहां खुली नाली लंबे समय से मुसीबत बनी हुई है। नाली का गंदा पानी ऊपर तक बह रहा है और उसमें से कीड़े निकलकर बाहर आ रहे हैं। एटीएम पर आने वाले उपभोक्ताओं, आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को बदबू और गंदगी के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि खुले नाले के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लगातार बढ़ती गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। व्यापारियों और ग्रामीणों ने मांग की है कि सफाई कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, एटीएम के सामने की नाली की तत्काल मरम्मत कर उसे ढंका जाए और बाजार क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई की ठोस व्यवस्था लागू की जाए, ताकि बेलरायां बाजार में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण कायम रह सके।

## प्रभारी जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य योजनाओं में सुधार लाने का दिया निर्देश

- आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की धीमी प्रगति पर व्यक्त की नाराजगी



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** प्रभारी जिलाधिकारी /मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं आयुष समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ बैठक कर खराब प्रगति वाले एम0ओ0आई0सी0 व सम्बन्धित नोडल अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारियो को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं में प्रगति लाते हुए लक्ष्य पूर्ण कराना सुनिष्चित करे अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियो को संस्तुति की जाएगी। प्रभारी जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए क्षय रोग, जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियो के भुगतान, बी0सी0जी0 व अन्य टीकाकरण, आर0सी0एच0 योजना, मातृ मृत्यु दर आडिट रिपोर्ट, एफ0आर0यू0, एन0आर0सी0, आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं में खराब प्रगति होने पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी क्षय रोग व आयुष्मान तथा जननी सुरक्षा सहित प्रभारी चिकित्साधिकारी सीखड़, राजगढ़, जमालपुर, गुरूसण्डी, लालगंज, हलिया व पटेहरा से स्पश्टीकरण की मांग करते हुए कहा कि तीन दिवस के अन्दर योजनाओं में प्रगति तथा फीडिंग का प्रतिशत को बढ़ाते हुए आख्या मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अगले माह की समीक्षा बैठक में यदि स्वास्थ्य योजनाओं में खराब प्रगति आती है तो सम्बन्धितके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु महा निदेशक स्वास्थ्य सहित अन्य उच्चाधिकारियो को पत्राचार कर संस्तुति की जाएगी। आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र परिवारो सहित विशेषकर 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिको का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुश्मान कार्ड बनाने के लिए किन-किन विभाग के कितने-कितने कार्मिको को नामित किया गया है, अलग-अलग सूची व मोबाइल नम्बर सांय तक उपलब्ध कराएं ताकि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के माध्यम से प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया जा सकें। स्वास्थ्य अधिकारियो को हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एच0आर0पी0) वाले मामलो में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु प्रयास किए जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर मानक के अनुसार दवाओ की उपलब्धता सुनिष्चित करने एवं स्टाक रजिस्टर को अपडेट रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में आषा कार्यकत्रियो व ए0एन0एम0 के कार्यो की भी बिन्दुवार समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि खराब प्रदर्शन करने वाले कार्यकत्रियो/कार्मिको को चिन्हित करते हुए प्रगति बढ़ाई जाए अथवा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। बैठक में पी0पी0 परियोजनाओं, इ0एन0सी0 रजिस्ट्रेशन, कुष्ठ रोग, क्षय रोग, मंत्र एप पर बर्थ डोज की समीक्षा, जननी सुरक्षा भुगतान, मातृ मृत्यु आडिट, टीकाकरण, एफ0आर0यू0 की समीक्षा, आर0सी0एच0 स्टेटस, फैमिली प्लानिंग, एस0एन0सी0यू0, जिला महिला चिकित्सालय, एम्बुलेंस 108 व 102 की पहुंच टाइमिंग, विभिन्न चिकित्सालयो में ओ0पी0डी0 में मरीजो की संख्या, आभा प्रगति रिपोर्ट, राष्ट्रीय अंधता व दृष्टिहीनता कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उनमूलन कार्यक्रम सहित अन्य सभी बिन्दुओ की समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया।